खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 25°C

मुरादाबाद, गुरुवार 28 अगस्त 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 13 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 4 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



'मोदी मित्र' के टैरिफ से कई क्षेत्रों में होगा नुकसान: खड़गे पेज 2



शुभमन गिल और रोहित शर्मा वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर कायम खेल टाइम्स



जंगल नहीं, बच्चों की सांसें काट रहे हैं हम, वृक्षों के कटान में हम दुनिया में दूसरे नंबर पर सम्पादकीय




दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट का 10वां टेस्ट कामयाब पेज 12

# भारत पर 50 % अमेरिकी टैरिफ लागू

## लगभग 5.4 लाख करोड़ का आयात हो सकता है प्रभावित

शाह टाइम्स ब्यूरो



- 70 प्रतिशत तक घट सकती है ज्वेलरी-कपड़ों की मांग, नौकरियों पर भी छा सकता है संकट
- चीन, वियतनाम और मेक्सिको इन सामानों को सस्ते दाम पर बेचेंगे
- भारतीय कंपनियों की अमेरिकी बाजार में हिस्सेदारी होगी कम

**नई दिल्ली।** भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत टैरिफ लागू हो गया है।

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की रिपोर्ट के मुताबिक, यह नया टैरिफ भारत के लगभग 5.4 लाख करोड़ के आयात को प्रभावित कर सकता है। 50 प्रतिशत टैरिफ से अमेरिका में बिकने वाले कपड़े, जेम्स-ज्वेलरी, फर्नीचर, सी फूड जैसे भारतीय प्रोडक्ट्स महंगे हो जाएंगे। इससे इनकी मांग में 70 प्रतिशत की कमी आ सकती है। चीन, वियतनाम और मेक्सिको जैसे कम टैरिफ वाले देश इन सामानों को सस्ते दाम पर बेचेंगे। इससे भारतीय कंपनियों की अमेरिकी बाजार में हिस्सेदारी कम होगी। भारत ने 2024 में 19.16 बिलियन डॉलर (करीब 1.68 लाख करोड़ रुपये) के इंजीनियरिंग गुड्स निर्यात किए। इसमें स्टील प्रोडक्ट्स, मशीनरी, ऑटोमोटिव पार्ट्स, इलेक्ट्रिकल मशीनरी, और अन्य औद्योगिक उपकरण शामिल हैं। अमेरिका कारों, छोटे ट्रकों और उनके पार्ट्स पर 25 प्रतिशत शुल्क लगा रहा था, जबकि कॉमर्शियल वाहनों के पुर्जों पर यह शुल्क 10 प्रतिशत था। अमेरिका भारतीय ऑटो पार्ट्स के लिए सबसे बड़ा बाजार है। ऑटो पार्ट्स के कुल निर्यात का लगभग 32प्रतिशत हिस्सा अमेरिका को गया। टैरिफ बढ़ोतरी से 7 बिलियन डॉलर (लगभग 61,000 करोड़) के सालाना आटो पार्ट्स निर्यात में से 30,000 करोड़ का निर्यात प्रभावित हो सकता है। वहीं इंजीनियरिंग गुड्स छोटे और मध्यम उद्यम सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे जो इंजीनियरिंग गुड्स के 40 प्रतिशत निर्यात में योगदान देते हैं। इससे हजारों नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं। यूरोप (जर्मनी, यूके) और एशियान देशों (सिंगापुर, मलेशिया) में इंजीनियरिंग गुड्स की मांग बढ़ रही है। भारत इन बाजारों में हिस्सेदारी बढ़ा सकता है। इंजीनियरिंग गुड्स के लिए पीएलआई स्कीम का विस्तार करके उत्पादन लागत को कम करना, -शेष पृष्ठ दो पर

### ज्वेलरी, कपड़े, मशीनरी और केमिकल सेक्टर्स में नौकरियां जाने का खतरा

**नई दिल्ली।** सीएनबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक भारत से अमेरिका को सबसे ज्यादा ज्वेलरी, कपड़े, मशीनरी और केमिकल आयात किए जाते हैं। 50 प्रतिशत टैरिफ से अमेरिका में ये चीजें महंगी हो जाएंगी और वहां से ऑर्डर मिलने कम हो जाएंगे। ऑर्डर कम होने से कंपनियों को अपना प्रोडक्शन घटाना पड़ेगा, जिससे छंटनी हो सकती है। यानी इन सेक्टर्स में नौकरियां जाने का खतरा है। हालांकि किस सेक्टर से कितनी नौकरियां जाएंगी, इसका अंदाजा लगाना अभी मुश्किल है। 50 प्रतिशत टैरिफ लगने से अमेरिका को होने वाला निर्यात कम हो जाएगा। इससे सरकार को निर्यात से होने वाली कमाई में कमी आएगी। वहीं एक्सपर्ट्स का अनुमान है कि भारत की जीडीपी ग्रोथ 0.2 प्रतिशत से 0.6 प्रतिशत तक कम हो सकती है। इसके अलावा सरकार को अपनी व्यापार नीति में बदलाव करना पड़ सकता है। सरकार को अमेरिका पर निर्भरता कम करने के लिए यूरोप, रूस या अन्य देशों में व्यापार बढ़ाना होगा।

# भारत को भरोसा, झेल सकता है ट्रम्प का टैरिफ वॉर

शाह टाइम्स ब्यूरो

- अमेरिका की ही रेटिंग्स एजेंसियों एसएंडपी और फिच ने भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में सकारात्मक टिप्पणियां की



**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार पर पिछले कुछ वर्षों में विदेशी निवेशकों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। इस बीच, तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रही है। हाल ही में अमेरिका की ही रेटिंग एजेंसियों एसएंडपी और फिच ने भारत की अर्थव्यवस्था के बारे में सकारात्मक टिप्पणियां की हैं।

फिच का मानना है कि अमेरिकी टैरिफ बढ़ने का भारत की जीडीपी पर असर मामूली रहेगा, क्योंकि अमेरिका को भारत का निर्यात कुल जीडीपी का लगभग 2 फीसदी ही है। फिच ने अनुमान जताया है कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी वृद्धि 6.5 प्रतिशत रहेगी। दूसरी ओर, एसएंडपी ग्लोबल ने 18 साल बाद भारत की रेटिंग बढ़ाकर बीबीबी- से बीबीबी कर दी है और कहा है कि भारत कोविड के बाद सबसे मज़बूत और तेज़ी से उभरने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट के मुताबिक 2050 तक दुनिया की कुल खपत में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 16 प्रतिशत हो सकती है। 2023 में यह सिर्फ 9 प्रतिशत थी। आने वाले समय में युवा आबादी और मजबूत उपभोक्ता वर्ग की वजह से भारत का घरेलू बाजार वैश्विक स्तर पर बड़ी भूमिका निभा सकता है। यही कारण है कि भारत टैरिफ जैसे बाहरी झटकों को भी झेलने की क्षमता रखता है। भारत सरकार के आंकड़ों के मुताबिक मई 2025 में देश का जीएसटी कलेक्शन 16.4 फीसदी बढ़कर 2,01,050 करोड़ रुपये पहुंच गया। मई 2024 में यह कलेक्शन 1,72,739 करोड़ रुपये था। इससे पहले अप्रैल 2025 में जीएसटी कलेक्शन 2.37 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड कलेक्शन हुआ। जीएसटी कलेक्शन के मजबूत आंकड़े घरेलू मोर्चे पर भारतीय अर्थव्यवस्था मज़बूती से आगे बढ़ रही है। एशियन डेवलपमेंट बैंक की जुलाई 2025 की रिपोर्ट भी कहती है कि घरेलू मांग, अच्छे मानसून और ब्याज दरों में कमी से विकास दर 6.5 फीसदी तक रहेगी। इसके अलावा, 15 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाककिले से जीएसटी कानूनों में सुधार का दावा किया है। सरकार ने उसके जीएसटी के मौजूदा स्लैब को घटाने का प्रस्ताव जीएसटी परिषद को दिया है।

### पचास फीसदी सांसदों व विधायकों पर आपराधिक केस

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हाल ही में संसद में 130वां संविधान संशोधन विधेयक पेश किया है। इस विधेयक में प्रावधान है कि यदि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री किसी आपराधिक मामले में गिरफ्तार होकर 30 दिन तक जेल में रहते हैं, तो उन्हें पद से हटाया जा सकेगा। वर्तमान में देशभर में 45 प्रतिशत विधायक और 46 प्रतिशत सांसदों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। महिलाओं से जुड़े अपराधों की बात करें, तो इसमें पश्चिम बंगाल सबसे आगे है। आंध्र प्रदेश का दूसरा नंबर है। देशभर में 45 प्रतिशत विधायकों ने अपने ऊपर आपराधिक केस घोषित किए हैं, जबकि 29 प्रतिशत गंभीर मामलों का सामना कर रहे हैं।

# वैष्णो देवी में लैंडस्लाइड से मौत का आंकड़ा 34 हुआ, कई लापता

जम्मू, वार्ता

**जम्मू के कटरा स्थित** वैष्णो देवी धाम मार्ग पर लैंडस्लाइड में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर बुधवार को 34 हो गया।

हादसा मंगलवार को दोपहर 3 बजे पुराने मार्ग पर अर्धकुंवारी मंदिर से कुछ दूर इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास हुआ। मंगलवार देर रात तक 7 लोगों के मरने की खबर थी, लेकिन सुबह आंकड़ा बढ़ गया। बड़े-बड़े पत्थर, पेड़ और मलबे में दबने से ज्यादा नुकसान हुआ है। एक चश्मदीद ने बताया कि बड़े-बड़े पत्थर अचानक गिरने -शेष पृष्ठ दो पर



### जम्मू में बारिश ने तोड़ा 115 साल का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** जम्मू में बारिश का 115 साल का रिकॉर्ड टूट गया। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार सुबह 8:30 बजे से बुधवार सुबह 8:30 बजे तक यहां 296 मिलीमीटर बारिश हुई। 52 साल पहले 1973 में 9 अगस्त को 272.6 मिलीमीटर बारिश हुई थी। पंजाब में लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। बांधों से पानी छोड़ने के कारण बुधवार को पठानकोट, गुरदासपुर, तरनतारन, होशियारपुर, कपूरथला, फिरोजपुर और फाजिल्का में बाढ़ आ गई। गुरदासपुर के दाबुरी स्थित नवोदय विद्यालय में 400 से ज्यादा स्टूडेंट्स और टीचर्स बाढ़ में फंस गए हैं। स्कूल के ग्राउंड फ्लोर पर 5 फीट पानी भर गया है। बच्चों को फर्स्ट फ्लोर पर रखा गया है।

## राहुल ने चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा किया

- गुजरात में अनाम पार्टियों ने हजारों करोड़ का चंदा जुटाया, तो क्या उनसे भी शपथपत्र मांगा जाएगा

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगाने के कारण उनसे एफिडेविट की मांग से घिरे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आयोग को बुधवार को कठघरे में खड़ा करते हुए सवाल किया है कि गुजरात में अनाम पार्टियों ने हजारों करोड़ रुपये का चंदा जुटाया है, तो क्या उनसे भी शपथ पत्र मांगा जाएगा।

श्री गांधी ने कहा कि जिन पार्टियों को भारी रकम चंदे के रूप में मिली है उनको कोई जानता नहीं है और न ही उन्होंने ज्यादा चुनाव लड़े हैं। इन पार्टियों को जितना चंदा मिला है उसका कहीं कोई हिसाब किताब नहीं है। इन दलों से भी चुनाव आयोग को शपथ पत्र मांगना चाहिए। गुजरात में कुछ ऐसी अनाम पार्टियां हैं जिनका नाम किसी ने नहीं सुना-लेकिन 4300 करोड़ का चंदा मिला।

### सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम से जस्टिस नागरत्ना असहमत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की जज बीवी नागरत्ना ने मंगलवार को पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस विपुल मनुभाई पंचोली को सुप्रीम कोर्ट में जज बनाने की कॉलेजियम की सिफारिश पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति न्यायपालिका के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। जस्टिस पंचोली अगर सुप्रीम कोर्ट में जज बनते हैं, तो वे अक्टूबर 2031 में सीजेआई बन सकते हैं।


# लंबी लड़ाई के लिए तैयार रहें सेनाएं

- जीत के लिए प्रौद्योगिकी व रणनीति में महारत जरूरी: राजनाथ



**डा. अंबेडकर नगर (महू)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि युद्धों की बढ़ती जटिलता और अनिश्चितता के मौजूदा दौर में केवल सैनिकों या हथियारों की संख्या ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी , रणनीति और युद्ध के स्वरूप के अनुरूप तुरंत उसका जवाब देने में सक्षम सेनाएं ही अपना लोहा मनवा सकेंगी।

उन्होंने देश और सेनाओं को लंबी लड़ाइयों के लिए तैयार रहने तथा इसके लिए जरूरी क्षमता और संसाधनों की उपलब्धता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्ध केवल हथियारों की लड़ाई नहीं बल्कि प्रौद्योगिकी, खुफिया जानकारी, अर्थव्यवस्था और कूटनीति के संयुक्त प्रयास पर निर्भर करेंगे। जो देश प्रौद्योगिकी, रणनीति और अनुकूलनशीलता के त्रिकोण में महारत हासिल कर लेगा वही सच्ची वैश्विक शक्ति के रूप में उभरेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि साइबर युद्ध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मानवरहित यान और उपग्रह-आधारित निगरानी भी भविष्य के युद्धों को आकार दे रही हैं। श्री सिंह ने बुधवार को यहां आर्मी वॉर कॉलेज में युद्ध, युद्धनीति और युद्ध-संघर्ष पर तीनों सेनाओं के अपनी तरह के पहले सेमिनार 'रण संवाद' को संबोधित करते हुए प्रौद्योगिकी और चौंकाने वाली रणनीतियों के गठजोड़ को आधुनिक युद्ध की बढ़ती जटिलता तथा अनिश्चितता का मुख्य कारण बताया।

# करंट लगने से छात्र की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ई-रिक्शा को चार्जिंग पर लगाते समय छात्र को करंट लग गया। आनन-फानन में परिजन उसे चिकित्सक के यहां ले गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

ग्राम रुखड़ियो निवासी हेमराज सिंह ई-रिक्शा चलाता है। उसका 19 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार बीती रात्रि करीब 10 बजे अपने पिता की ई-रिक्शा चार्जिंग पर लगा रहा था। अचानक ई-रिक्शा में करंट दौड़ गया, जिसकी चपेट में आने से आशीष बुरी तरह झुलस गया। आनन फानन में परिजन उसे चिकित्सक के यहां ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्र की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक छात्र नगर के एसएनएसएम इंटर कॉलेज में कक्षा 11 का छात्र था। छात्र की मौत का पता चलने पर विद्यालय में दो मिनट का मौन धारण कर उसकी आत्मा की शांति के लिए के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

# एजुकोल में गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया

## विद्यालय परिसर गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंजा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में गणेश चतुर्थी का पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने आकर्षक गतिविधियों में भाग लेकर गणपति बप्पा के प्रति अपनी श्रद्धा और उत्साह व्यक्त किया। पूरे विद्यालय परिसर में 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

विद्यालय प्रबंधक डॉ. लोकेंद्र सिंह ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की और उन्हें आगे भी ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने भगवान गणेश से विद्यालय, विद्यार्थियों और समस्त समाज की उन्नति व खुशहाली की मंगल कामनाएं की। प्रधानाचार्या प्रीति अग्रवाल ने कहा कि कि इस तरह के कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक पर्वो से जोड़ना है। इन गति. विधियों के माध्यम से छात्राओं ने न केवल अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति का परिचय दिया बल्कि सहयोग, एकाग्रता और परंपराओं का महत्व भी सीखा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका पारुल चौहान के निर्देशन में अदीबा सलीम ने किया।

प्रतियोगी छात्राओं में स्नवी, परिधि, अवनी, श्रेष्ठा शुक्ला, जीविका, कलशी राणा, यशिका गहलौत, रिम्स अधाना, अवनी वत्स, सिद्रा अंजुम, आव्या, अदीबा, फालमा रब, काव्या, अदिति, वृद्धि, वंशिका तस्कीन, राजलक्ष्मी रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय शिक्षिकाओं में आराधना कौशिक, शीरीन वरी, रश्मि चौपडा, रुही सिंह के साथ समस्त स्टाफ का योगदान सराहनीय रहा।

## एक नजर

### मिर्जापुर में शोभायात्रा निकाली



**शेरकोट।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव के दौरान भव्य शोभायात्रा निकालकर श्री गणेश भगवान की मूर्ति की स्थापना की गई। शोभायात्रा में राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती आदि की मनमोहक झांकियां शामिल थीं। डीजे से बज रहे धार्मिक गीतों से गांव का वातावरण भक्तिमय हो गया था। युवक धार्मिक गीतों पर नाचते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा गांव के ही प्राचीन शिव मंदिर से शुरू होकर पूरे गांव से होते हुए वापस शिव मंदिर पर संपन्न हुई। वहां पंडित शिव कुमार शर्मा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान श्री गणेश की मूर्ति की स्थापना कराई। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष सर्वेश चौहान, आशुतोष, विजेंद्र, मुकुल, कुलवीर त्यागी आदि सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

### नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत रैली



**धामपुर।** कन्या इंटर कालेज में नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत एक रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा देवी द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य रेखा देवी ने बताया कि छात्राओं ने हाथों में तख्तियाँ लेकर तथा उत्साहपूर्वक नारे लगाकर समाज को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। रैली का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा नशा मुक्त समाज का संकल्प दिलाना रहा। इस अवसर पर शिक्षिकाएं सविता, नीरज, विनोद एवं रंजना सुश्री अंजलि सहित विद्यालय की अन्य शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

### शिखर शिशु सदन में रंगारंग कार्यक्रम



**धामपुर।** शिखर शिशु सदन में गणेश चतुर्थी का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या भारती यादव ने गणेश प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित करके किया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नर्सरी और केजी वर्ग के बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में गणपति, शिव-पार्वती, कार्तिकेय आदि का रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। वहीं कक्षा 10 की छात्रा हिमांशी ने श्री गणेश जी के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें जीवन में सकारात्मकता और प्रेरणा का स्रोत बताया। जिया राजपूत, प्रियाँशी, वैष्णवी, मानवी, भव्य, दीक्षांत, लक्षिता, प्रकृति, लावण्या, आलिया हैदर, शिविका, पूर्वी, इशिता, शशांक, माही, यशस्वी, आराध्या आदि ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। आरव, लक्ष्य, निदान, हिमांश, कार्तिकेय, अकुल राजपूत सहित कई बच्चों ने गणेश और शिव परिवार का रूप धारण कर सभी को भावविभोर कर दिया।

### खंड शिक्षा अधिकारी को दी विदाई



**नहटौर।** आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन ब्लॉक नहटौर की ओर से पैजानिया चौराहे पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख मृणाल भारद्वाज के प्रतिष्ठान पर खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह के सेवानिवृत होने पर विदाई दी। कार्यक्रम का संचालन राम अवतार सिंह ने किया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष जैनेंद्र कुमार, ओंकार सिंह, केशव त्यागी, शरद त्यागी, टीकम सिंह, परविंदर सिंह, सचिन चौधरी, पवन त्यागी, संदीप चौहान, उदयवीर चौहान, जोगिंदर सिंह, सुधीर चौधरी, अरविंद चौहान, अमित प्रताप सिंह, राजकुमार सिंह, कपिल देव, राजवीर सिंह, महेश कुमार, हेमराज सिंह आर्य, मनीष कुमार, सूरजमल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुधीर चौहान एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख मृणाल त्यागी भी उपस्थित रहे।

# एसबीडी में संस्कृति दिवस मनाया

## छात्राओं ने नृत्य व गीत प्रस्तुत किए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एसबीडी महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के निर्देशन में संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ महाविद्यालय की व्यवस्थापिका रेणु गोयल व महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान एवं उपस्थित शिक्षक मण्डल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके किया।

कार्यक्रम में कु. ऋतिका ने स्वागतम् गीत 'शुभ स्वागतम्, शत् स्वागतम्' के माध्यम से नृत्य प्रस्तुत किया। कु. अनु, कु. अनुष्का (बीए प्रथम वर्ष) की छात्राओं ने संस्कृत भाषण के माध्यम से अपने विचार रखे। कु. कशिश ने 'जीवने तु भवतु संस्कृतम्' गीत के माध्यम से भव्य नृत्य प्रस्तुत किया। कु. शिफा जैदी (बीए द्वितीय वर्ष) की छात्रा ने भारत देशो विभूषित वेशों संस्कृत गीत प्रस्तुत किया। गुरूकुल की स्नातिका कु. माद्री शास्त्री ने 'विजायताम् सुरभारतीसा' संस्कृत गीत के गायन ने सभी का मनमोह लिया। डा. पायल शर्मा, अंग्रेजी विभागाध्यक्षा ने नमाम. िशमीशान निर्वाणरूपम् की सुन्दर प्रस्तुति दी। समाजशास्त्र की विभागाध्यक्षा डा. ललिता शर्मा ने 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:' की व्याख्या करते हुए नारियों की शक्ति की बात कही। संचालन कु. सना, कु. नाहिद (बीए द्वितीय वर्ष) की छात्रा ने किया।

कार्यक्रम में डा. पायल शर्मा, श्रीमती रंजू सिंह, कु. रितु देवी का सक्रिय सहयोग रहा। प्रो. ललिता शर्मा, प्रो. विमला सिंह, डा. अर्चना, डा. चारू अग्रवाल, कु. नगमा परवीन, श्रीमती रितु कौशिक, श्रीमती प्रियंका उपस्थित रही। संचालन डा. अर्चना कुन्तल द्वारा किया गया।

# बीएएलएलबी चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा बी.ए.एलएल.बी. चतुर्थ सेमेस्टर के घोषित परिणांम में कृष्णा कालेज ऑफ लॉ बिजनौर के विद्यार्थियों का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार राठौर ने बताया कि बी. ए.एलएल.बी. चतुर्थ सेमेस्टर में छात्रा माविया कमाल ने प्रथम, मिसबा ने द्वितीय तथा इन्द्रजीत व मिसबा अल्ताफ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं।

## माविया कमाल रही प्रथम स्थान पर

प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान ने बताया कि कृष्णा कालेज बिजनौर, रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय का प्रथम स्ववित्तपोषित विधि महाविद्यालय है। पूर्व में भी महविद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है।

कालेज के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां तथा विधि विभाग के प्रवक्तागणों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# धार्मिक अनुष्ठान के साथ महोत्सव शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** पूर्वी चौधरियान शिव मंदिर में श्री सनातन धर्म सभा प्रचार सभा के तत्वावधान में गणेश चतुर्थी महोत्सव का शुभारंभ धार्मिक अनुष्ठान क्रियाओं के साथ प्रारंभ हुआ। मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पूजा के यजमान मुकेश गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी पायल गुप्ता ने धार्मिक अनुष्ठान क्रियाओं के साथ पूजा अर्चना कराकर भगवान श्री गणेश की प्रतिमा को विराजमान किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार श्री सनातन धर्म प्रचार के सभा तत्वाधान 10 दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव पूर्वी चौधरियान शिव मंदिर में प्रारंभ हुआ। इससे पूर्व मंगलवार को सभा के तत्वाधान में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा को नगर भ्रमण निर्धारित मार्गो से कराया गया। आज मंदिर परिसर में पूजा अर्चना प्रारंभ कराई गई, जिसमें पूजा के यजमान मुकेश गुप्ता उनकी पत्नी पायल गुप्ता रहे। पूजा के पुरोहित पंडित गणेश शर्मा ने धार्मिक अनुष्ठान क्रियाओं के साथ पूजा अर्चना कराई। इस अवसर प्रदीप अग्रवाल, रतन सैनी, निश्चल त्यागी, पवन अग्रवाल, सुधीर भारद्वाज, अरविंद शर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा, सुशांत गोयल, आशीष अग्रवाल आदि कमेटी के पदाधिकारी श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस ले अलावा दुर्गा विहार कॉलोनी स्थित मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना करके अपने परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की।

भगवान श्री गणेश की प्रतिमा को विराजमान कराया। कार्यक्रम में मनोज विश्वकर्मा, अनन्त पाल मलिक, पप्पू, डॉ. मयंक पाराशर, मो. हित प्रजापति आदि महिला पुरुषों ने भाग लिया।

इसके अलावा नगर की रथानों पर गणेश प्रतिमा स्थापित कराया। पूजा अर्चना कराई जायेगी।

# वीकेआईटी में गणेश चतुर्थी पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वीकेआईटी ग्रुप ऑफ कॉलेज के प्रांगण में गणेश चतुर्थी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन कर रही मिस हिमांशी चौधरी ने प्रांगण में उपस्थित सभी अतिथिगणों का आभार प्रकट करते हुए ग्रुप के संस्थापक अशोक कुमार सिंह, चेयरपर्सन श्रीमती सुदेश सिंह, प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, योगेश कुमार, डीन राजीव कुमार को संयुक्त रूप से गणेश जी के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करने के लिए आमंत्रित किया गया। छात्रा सोलानी ने गणेश वंदना पर नृत्य कर मनमोहक प्रस्तुति दी।

छात्रा समीक्षा ने श्री गणेश भजन गाकर सभी को आनंदित किया। छात्रा प्रियाशी ने तेरी जय हो गणेश भजन गाया। छात्रा कामिनी ने देवा श्री गणेशा पर नृत्य प्रस्तुत किया। छात्र-छात्राओं ने गणेश जी की मनमोहक रंगोलिया भी बनाई। कार्यक्रम के अंत में ग्रुप के संस्थापक अशोक कुमार सिंह ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को गणेश जी के बारे में जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में रजिस्ट्रार अमित कुमार, विभागाध्यक्ष कुलदीप सिंह व संदीप सिंह, मौ. जाहिद, संसार सिंह, मुनेश कुमार, नरदेव सिंह, दीपक काकरान, नागेन्द्र सिंह, नितिन कुमार, हिमान्शी चौधरी, अमरिता, ज्योति, पूजा ठाकुर, गौरव कुमार, अनुजा चौहान, सलोनी सोति, साहिबा, सीमा सिंह, मानसी चौधरी, आकाश, बिरेन्द्र कुमार, षैन्की बाबू आदि उपस्थित रहे।

# पुल निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** बढ़ापुर-सरदारपुर छायली मार्ग स्थित पहाड़ा नदी पर पुल निर्माण की मांग को लेकर ग्राम पंचायत चक उदयचंद व सरदारपुर छायली के ग्रामीणों ने अनिश्चितक. ालीन धरना प्रारंभ कर दिया है।

बढ़ापुर-सरदारपुर छायली संपर्क मार्ग पर स्थित पहाड़ा नदी का जल स्तर बढ़ने पर ग्राम पंचायत सरदारपुर छायली, चकउदयचंद व ग्राम बहेड़ी आदि का बढ़ापुर कस्बे से संपर्क कट जाता है। इन गावों के एक ओर पहाड़ा नदी व दूसरी ओर सीपिया नदी होने पर बरसाती मौसम में यह गांव टापू बनकर रह जाते है। इन दोनों नदियों का जलस्तर बढ़ना पर्वतीय क्षेत्र में होने वाली वर्षा पर निर्भर हैं। पहाड़ा नदी का जलस्तर बढ़ने पर ग्रामीण चाहकर भी नदी पार नहीं कर सकते है।

पहाड़ा नदी का जलस्तर बढ़ने के दौरान इन गांवों के ग्रामीणों को घोर असुविधाओं का सामना करना पड़ता हैं। 11 अगस्त को ग्राम चकउदयचंद निवासी ओमराज सिंह का स्वास्थ्य बिगड़ने पर पहाड़ा नदी के बढ़े जलस्तर के कारण परिजन उसका बाहर ले जाकर उपचार भी नहीं करा सके थें और दर्द से कराहते ओमराज (52 वर्ष) की मौत हो गई थी। ग्रामीण पिछले कई वर्षो से पहाड़ा नदी पर पुल निर्माण कराने की मांग करते आ रहें है, पर कोई सुनवाई नहीं हुई।

ग्रामीण एकजुट होकर आज पहाड़ा नदी के पास अनिश्चितकाल. ीन धरने पर बैठ गए है। धरना स्थल पर ग्राम प्रधान नवनीत सैनी, परशुराम सिंह, शाहवेज, रिंकू सिंह, फतेह सिंह, दिलशाद अहमद व बलजीत सिंह आदि की मुख्य उपस्थिति रही।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत पर...** ताकि कंपनियां अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धी रहें। भारत ने 2024 में अमेरिका को 14 बिलियन डॉलर (करीब 1.23 लाख करोड़ रुपये) के इलेक्ट्रॉनिक्स का निर्यात किया था। इसमें स्मार्टफोन, खासतौर पर आईफोन का बड़ा हिस्सा है। सेक्शन 232 अमेरिकी व्यापार विस्तार अधिनियम 1962 का हिस्सा है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर आयात पर टैरिफ लगाने की अनुमति देता है। सेक्शन 232 की समीक्षा के बाद टैरिफ पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। सेक्शन 232 टैरिफ की घोषणा के बाद अगर 50 प्रतिशत का नया टैरिफ लागू होता है तो अमेरिका में भारत से आयात होने वाले इलेक्ट्रॉनिक सामान महंगे हो जाएंगे। कंपनियां अमेरिका को भेजे जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम को किसी और देश में बनाने पर विचार कर सकती हैं। ट्रम्प ने 18 महीने में 150 प्रतिशत और बाद में 250 प्रतिशत टैरिफ की धमकी दी है। 100 डॉलर की दवा की कीमत दोगुनी हो जाएगी। इससे सन फार्मा, डा. रेड्डी, सिप्ला, ल्यूपिन जैसी बड़ी भारतीय कंपनियों को नुकसान होगा। भारत ने 2024 में अमेरिका को 9.94 बिलियन डॉलर (करीब 87 हजार करोड़) के रत्न और आभूषण आयात किए थे। ये अमे. रिकी हीरा आयात का 44.5 प्रतिशत है। कुछ आभूषणों पर पहले से ही 25 प्रतिशत तक टैरिफ था। अमेरिका में कीमत बढ़ने से निर्यात में 15.20 प्रतिशत की कमी हो सकती है। नया टैरिफ बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है। कीमत बढ़ने से निर्यात में 15.30 प्रतिशत की कमी संभव है। अमे. रिकी खरीदार सस्ते विकल्पों की ओर जा सकते हैं, जिससे भारतीय कारीगरों की नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं। वहीं भारतीय कंपनियां दुबई और मेक्सिको जैसे देशों में मैन्युफैक्चरिंग सुविधाएं स्थापित करने पर विचार कर सकती हैं, जहां टैरिफ कम हैं। दुबई में यह शुल्क सिर्फ 10 प्रतिशत और मेक्सिको में 25 प्रतिशत है, जबकि भारत को अब 50 प्रतिशत का भुगतान करना होगा। भारत ने 2024 में अमेरिका को 10 बिलियन डॉलर, यानी करीब 87 हजार करोड़ के टेक्सटाइल आयात किए थे। इसमें रेडीमेड गार्मेंट से लेकर काटन यार्न और कॉरपेट शामिल है।

**वैष्णो देवी में...** लगे और सब तबाह हो गया। प्रशासन का कहना है कि 23 से ज्यादा लोग जख्मी हैं। कई लापता हैं। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। फिलहाल, इस इलाके में भारी बारिश की वजह से वैष्णो देवी यात्रा स्थगित कर दी गई है। मंगलवार को जम्मू शहर में 24 घंटे से भी कम समय में 250 मिमी से ज्यादा बारिश हुई। इससे कई जगहों पर बाढ़ जैसे हालात हैं। घरों और खेतों में पानी भर गया है। नॉर्दर्न रेलवे ने भी बुधवार को जम्मू-कटरा से चलने वाली और यहां रुकने वाली 22 ट्रेनें रद्द की हैं। इसके अलावा 27 ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है। हालांकि कटरा-श्रीनगर के बीच ट्रेन सर्विस जारी है। एक श्रद्धालु ने बताया कि मैं और मेरा पूरा परिवार साथ जा रहे थे। मेरे बच्चे और पत्नी आगे निकल गए। फिर बहुत जोर से चट्टान गिरी। हमें कुछ समझ नहीं आया। अब मेरे बच्चों का कुछ पता नहीं चल रहा है। हम डरे हुए हैं। पल भर में हमारा सब कुछ बिखर गया। एक और महिला ने बताया कि हम माता रानी के दरबार में जा रहे थे। हमें कुछ समझ नहीं आया। मैं और मेरे पति तो बच गए पर मेरे तीनों बच्चे दब गए। सब कुछ तुरंत हो गया।

## सोने-चांदी के दाम में रही तेजी

**नई दिल्ली।** बुधवार को चांदी अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज चांदी की कीमत सुबह 1,16,525 रुपए प्रति किलो हो गई थी। हालांकि शाम को ये 1,15,870 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,210 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,700 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,060 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,550 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,060 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,550 रही, चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,060 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,550 थी, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,600 थी। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 24,722 रुपए बढ़कर 1,00,884 रुपए पर पहुंच गया है।

# ट्रम्प टैरिफ से कई क्षेत्रों में होगा नुकसान: खड़गे



**कारोबार पर आय का संकट, लाखों नौकरियों पर खतरा**

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अमेरिका के 50 फीसदी आयात शुल्क लगाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा है कि जिन डोनाल्ड ट्रम्प के लिए वह वोट मांग रहे थे, उनके उसी मित्र ने बुधवार से 50 प्रतिशत आयात शुल्क लागू कर दिया, जिससे कई क्षेत्र के कारोबार पर संकट आएगा और लाखों लोगों की नौकरियां खतरे में पड़ जाएंगी।

खड़गे ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के फैसले पर मोदी को संबोधित करते हुए कहा कि आपके प्रिय मित्र 'अबकी बार, ट्रम्प सरकार' ने आज से भारत पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया है। इस आयात शुल्क के पहले झटके से अकेले 10 क्षेत्रों में हमें 2.17 लाख करोड़ रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। इस फैसले से हमारे किसान, खासकर कपास उत्पादक किसान, बुरी तरह प्रभावित हैं।

आपने कहा था कि उनकी रक्षा के लिए कोई भी 'व्यक्तिगत कीमत' चुकाने को तैयार हैं, लेकिन आपने इस झटके को कम करने और उनकी आजी. विका की रक्षा के लिए कुछ भी नहीं किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वैश्विक व्यापार अनुसंधान पहल जीटीआरआई का अनुमान है कि ट्रम्प सरकार के इस फैसले से देश का सकल घरेलू उत्पाद का करीब एक प्रतिशत तक प्रभावित हो सकती है, लेकिन इस निर्णय से चीन को फायदा होगा। हमारे यहां इस फैसले से एमएसएमई सहित कई निर्यात-उन्मुख क्षेत्रों को नुकसान होगा जिससे भारी संख्या में नौकरियां खत्म होंगी। भारतीय कपड़ा निर्यात क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष स्तर पर लगभग पांच लाख लोगों के रोजगार पर संकट आ रहा है। इसी तरह से टैरिफ जारी रहने से रत्न एवं आभूषण क्षेत्र में डेढ़ से दो लाख नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है।

## अमेरिकी टैरिफ का असर आगरा के चर्म उद्योग पर

**आगरा।** अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने का असर आगरा के जूता कारोबार पर देखने को मिल रहा है। आगरा से हर साल करोड़ों रुपए का जूता निर्यात होता है। शू फैक्टर फैडरेशन के अध्यक्ष विजय सामा ने बताया कि इस बार करीब पांच लाख जोड़ी जूते बनाने का ऑर्डर मिले हैं। टैरिफ की वजह से ऑर्डर या तो रद्द हो रहे हैं या फिर होल्ड कर कर दिए हैं। कुछ व्यापारी पूरी तरह से अमेरिका में ही निर्यात करते हैं। आज वो फैक्ट्रियां बंद होने के कगार पर हैं। जूता बनाने में इस्तेमाल होने वाले मैटेरियल को बेचने वाले व्यापारियों के सामने भी दिक्कत आ रही है। उम्मीद है कि सरकार जल्द कोई ठोस कदम उठाएगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# झारखण्ड के प्रहलाद को युवती के अपहरण में साढ़े तीन वर्ष की सजा

## दस हजार रुपये का अर्थदण्ड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश पोक्सो एक्ट ने झारखण्ड के प्रहलाद को युवती के अपहरण के मामले में तीन वर्ष छह माह के कठोर कारावास एवं दस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादी ने 11 फरवरी 2023 को थाना कोतवाली देहात में तहरीर दी थी कि झारखण्ड के जनपद चतरा अंतर्गत थाना वशिष्ठ नगर के ग्राम पम्खा निवासी अभियुक्त प्रहलाद कुमार उर्फ पहल कुमार पुत्र चन्दू गंजू ने उनकी बेटी का अपहरण कर लिया। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 43/23 धारा 63 आईपीसी में पंजीकृत किया था। पुलिस ने अपहृता को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। विवेचना के बाद कोतवाली देहात पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की थी। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश पोक्सो एक्ट ने अभियुक्त प्रहलाद को तीन वर्ष छह माह के कठोर कारावास एवं दस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

## राजवीर सहित आठ अभियुक्त गिरफ्तार

**बिजनौर।** विभिन्न न्यायालयों के आदेशों पर जनपद में आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में बढ़ापुर का करन सिंह, नूरपुर का योगेश, शहर कोतवाली का शेखर, राजवीर व समरपाल, कोतवाली देहात का रामगोपाल, रफी व शफी पुत्रगण अब्दुल रहमान निवासी ग्राम अकबराबाद शामिल है।

# 24 घंटे बाद भी कार्रवाई नहीं, जांच समिति गठित करने की तैयारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** केएम इंटर कॉलेज में शिक्षकों के बीच हुई मारपीट की घटना दूसरे दिन भी चर्चा का विषय बनी रही। इस घटना से न सिर्फ शिक्षा के मंदिर की गरिमा को ठेस पहुंची है, बल्कि छात्रों और अभिभावकों के बीच भी गहरी नाराजगी देखी जा रही है।

जानकारी के अनुसार विवाद में शामिल दोनों पक्षों ने घटना के तुरंत बाद कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत दी थी। इसके बावजूद 24 घंटे बीत जाने के बाद भी अभी तक किसी भी शिक्षक के खिलाफ मुक. दमा दर्ज नहीं किया गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा मामले में अब तक चुप्पी साधे जाने पर भी सवाल उठ रहे हैं।

उधर कॉलेज प्रबंधन भी मामले को दबाने की कोशिशों में जुटा हुआ है। बताया जा रहा है कि कई स्थानीय प्रभावशाली लोग दोनों पक्षों में समझौता कराने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं दोनों पक्षों के द्वारा कॉलेज की प्रबंधक एसडीएम स्मृति मिश्रा से भी संपर्क साधा गया। प्रबंधक ने इस प्रकार पर गंभीर नाराजगी जताई है।

विभागीय स्तर पर इस पूरे प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए शिक्षा विभाग द्वारा जांच समिति गठित किए जाने की तैयारी की जा रही है। यदि समिति बनती है तो पूरे घटनाक्रम की तहकीकात कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जा सकती है।

इस बीच कॉलेज के छात्र-छात्राओं और अभिभावकों में असुरक्षा का माहौल बन गया है। विद्यार्थियों का कहना है कि जब अध्यापक ही बच्चों के सामने आपस में भिड़ेंगे तो पढ़ाई-लिखाई का वातावरण कैसे बनेगा? कई अभिभावकों ने इसे "शिक्षा के मंदिर की गरिमा को ठेस" बताते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

गौरतलब है कि मंगलवार सुबह प्रार्थना सभा के बाद वरिष्ठ प्रवक्ता महेंद्र सिंह और शिक्षक अभिषेक कुमार के बीच कहासुनी हो गई थी। देखते ही देखते वरिष्ठ प्रवक्ता अनिल कुमार भी विवाद में शामिल हो गए और मामला हाथापाई में बदल गया। आरोप है कि इस दौरान बच्चों के सामने लात-घूंसे चले और गाली-गलौज तक की नौबत आ गई। घटना में शिक्षक अनिल कुमार और महेंद्र सिंह घायल हुए थे, जिन्हें बाद में स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार दिया गया।

## एक नजर

### एमडी स्कूल में धार्मिक कार्यक्रम



**राजा का ताजपुर।** निकटवर्ती ग्राम रवाना शिकारपुर के एम.डी. इंटरनेशनल सीनियर सैकंडरी स्कूल में गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित किया गया। प्रबंधक देवेन्द्र सिंह तथा प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों के साथ कार्यक्रम को उत्साहित रूप से मनाया। देवेन्द्र सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राएं अनुशासन में रहे। कोई भी ऐसा काम न करें, जिससे आपके मां-बाप को शर्मिंदगी उठानी पड़े। पढ़ लिख कर अपने मां-बाप के साथ देश का नाम रोशन करें।

### नई बस्ती में गणेश उत्सव



**बिजनौर।** स्थानीय मौहल्ला नई बस्ती स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर इस वर्ष भी 12वां श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान गणेश की भक्ति में लीन होकर उत्सव को यादगार बनाया। महोत्सव में सभी कार्यकर्ता और भक्त सक्रिय रूप से शामिल रहे। इस अवसर पर पंडित कौशल किशोर कौशिक, पंडित राजीव कौशिक, दीपक गर्ग मोनू सभासद, संतराम देशवाल, पंडित अस्मांक कौशिक, नितिन देशवाल, पारस वत्स, राघव भारद्वाज, कृष्णा ठाकुर, सौरभ गौर सहित अनेक भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। भक्तों ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की और मंदिर परिसर में भक्ति भजनों और आरती के साथ उत्सव का समापन हुआ। यह आयोजन नई बस्ती के निवासियों के लिए एकता और भक्ति का प्रतीक बना रहा।

### विनीत चौधरी बने अध्यक्ष



**बिजनौर।** एनटीइपी जिला स्वास्थ्य विभाग में अध्यक्ष और महामंत्री पद का चुनाव हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. कौसर अता फारुकी ने अध्यक्ष पद पर विनीत कुमार चौधरी और महामंत्री पद पर श्रीमती मधु कश्यप को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनिल कुमार, डॉ. विशाल दिवाकर, टीकम सिंह सेंगर, पूर्व अध्यक्ष एनटीईपी नकुल कुमार, पूर्व महामंत्री राहुल चौधरी, डॉ. रजनीश कुमार, डॉ. एपी रावत, डॉ. आयुष मलिक, डॉ. संजीव कुमार, प्रायनिशी यादव, उपेन्द्र चौधरी, अंकित चौधरी, सबाब खान, विनोद कुमार, आदित्य, सुभाष चंद्र, सिद्धार्थ चौधरी, राशिद अहमद, आलोक चौधरी, नदीम अहमद, विशाल वर्मा, विश्व जीत, ज्ञानेश्वर, रविंद्र, उमर फारूक आदि उपस्थित रहे।

### झालू का लियाकत गिरफ्तार

**बिजनौर।** हल्दौर थाने में 17 जुलाई को वादी ने तहरीर दी थी कि लियाकत पुत्र हनीन निवासी मौहल्ला सादात, कस्बा झालू एवं शरीफ पुत्र मजहर शाह निवासी मौहल्ला इस्लामाबाद, कस्बा झालू ने जान से मारने की नीयत से उनकी बेटी की गर्दन पर चाकू से बार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने धारा 109 (1) व 61 (2) ए बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। विवेचना के दौरान शरीफ की नामजदगी झूठी पाई गई। साथ ही पुलिस ने अभियोग में से धारा 61(2)ए को हटा दिया था। पुलिस ने लियाकत को गिरफ्तार कर लिया है।

### हादसे में महिला घायल

**नूरपुर।** स्योहारा रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार महिला गंभीर रुप से घायल हो गई। ग्राम बिशनपुर बिडरा निवासी अल्तमस पुत्र अकरम ने बताया कि उसकी मां वरीशा खातून (45) वर्ष अपने भांजे मौहम्मद हुसैन के साथ बाइक द्वारा बिजनौर सरकारी अस्पताल से दवा लेकर घर वापस लौट रही थी। तभी स्योहारा मार्ग पर दूसरी बाइक चालक ने सामने से आ कर टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मां के दोनों पैरों में गम्भीर चोट लगी है। उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को तहरीर दे दी गई है।

### गणेश चतुर्थ धूमधाम से मनाया



**अफजलगढ़।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गणेश चतुर्थी का कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्य प्रकाश वीर आर्य ने भगवान गणेश के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया। मनोज कुमार ने भगवान गणेश की पौराणिक कथा सुनाई। उन्होंने अपने माता-पिता की परिक्रमा कर संसार को यह संदेश दिया कि सब चीजों से बढ़कर उनके लिए उनके माता-पिता है। कार्यक्रम में सुखमन, शगुन, मानवी, महक, साक्षी, कनक, अंशु, नम्रता, कशिश, पारुल, संजना समीक्षा, मानव, वंश भार्गव, आदि छात्र-छात्राओं ने भगवान गणेश के संबंध में विभिन्न पौराणिक कथाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में राजीव कुमार गुप्ता, मनोज शर्मा, आनंद भूषण यादव, रमाकांत तिवारी, विरेन्द्र रुहेला आदि की सहभागिता रही।

# मुस्लिम समाज की बदहाली को दूर करने के लिए उठाए कदम



## इरफान मंसूरी ने बताई जरूरत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** भारतीय पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौहम्मद इरफान मंसूरी ने कहा कि मुस्लिम समाज की बदहाली को दूर करने के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए। जब तक मुस्लिम समाज तरक्की करते हुए खुशहाल नहीं होगा, तब तक मुल्क भी खुशहाल नहीं हो सकता है।

एक प्रेस नोट में उन्होंने कहा कि मुल्क की आजादी के बाद से आज तक सभी सियासी पार्टियों ने मुस्लिम समाज का वोट तो लिया है, लेकिन मुस्लिम समाज की बदहाली को दूर करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए। उन्होंने कहा कि देश में होने वाले हर चुनाव में हर पार्टी मुस्लिम समाज को लुभाने के लिए तरह-तरह के वादे करती है और सत्ता हासिल करने के बाद भूल जाती है कि हमने कोई वादा भी किया था। जबकि जस्टिस सच्चर कमेटी की रिपोर्ट चीख-चीख कर बयान कर रही है कि मुस्लिमों की हालत दलितों से भी बदतर हो गई है। उन्होंने कहा कि अब सियासी पार्टियों से टेबिल पर बैठ कर बात होगी, तब उन्हें वोट दिया जाएगा। इसी के मद्देनजर सात सितम्बर को मुजफ्फरनगर में आल इंडिया मोमिन अंसारी समाज के बैनर तले एक सम्मेलन रखा गया है। जिसमें मंसूरी, अंसारी, उस्मानी, सलमानी, फारूकी इदरीसी, अब्बासी, कुरैशी सहित राजनीति में नजर अंदाज की गयी तमाम बिरादरियों को इकट्ठा किया गया है। जिसमें रिटायर्ड आईएएस अनीस अंसारी मुख्य अतिथि होंगे। यह सम्मेलन ताहिर हुसैन अंसारी व इरफान अंसारी की देख-रेख में होगा। इस सम्मेलन में कुछ राजनी. तिक फैसले भी लिए जाएंगे व जिला पंचायत चुनाव व 2027 के चुनाव पर भी विशेष चर्चा होगी।

# जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय पर तालाबंदी

## भाकियू लोकशक्ति का धरना जारी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** भाकियू लोकशक्ति का अनिश्चितकालीन धरना जारी है। आज संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय पर तालाबंदी की।

प्राप्त समाचार के अनुसार भाकियू लोकशक्ति का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। इस बीच दबाव बनाने के लिए जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय पर तालाबंदी की गई। धरने के दौरान बकाया गन्ना मूल्य भुगतान और गन्ना किसानों की अन्य प्रमुख समस्याओं को जोरदार ढंग से उठाया गया। जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में जिला गन्ना अधिकारी (डीसीओ) कार्यालय बिजनौर पर धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। मिल प्रबंधन और समिति अधिकारियों से वार्ता विफल होने के बाद धरना-प्रदर्शन को अनिश्चितकालीन चलाने की घोषणा की गई थी। आज तीसरे दिन भी किसान बड़ी संख्या में जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय पर डटे हुए हैं। धरना स्थल पर ही भोजन बनाने और खाने की व्यवस्था की गई है।

इस बीच जिला गन्ना अधिकारी अपने कार्यालय से गायब है। कार्यकर्ताओं ने गुस्से में आकर जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय में तालाबंदी कर दी। धरना स्थल पर पहुंचे तहसीलदार और बिलाई शुगर मिल के जीएम गन्ना राहुल चौधरी और शुगर मिल के अन्य अधिकारियों ने धरनारत किसानों से वार्ता की। लेकिन समस्याओं के समाधान की सहमति नहीं बनी और आज की वार्ता भी विफल रही। जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत ने बताया कि जब तक गन्ना किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक विभाग को कोई भी कार्य नहीं करने दिया जाएगा और धरना-प्रदर्शन अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा।

धरना स्थल पर राष्ट्रीय महासचिव चौ. पदम सिंह, रामकुमार सिंह, गौरव चौधरी, भूपेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह काकरान, सुखवीर सिंह, देवेंद्र प्रधान, शेर सिंह, मनोज कुमार, जयप्रकाश सिंह, नौबहार सिंह, प्रदीप राणा, विनीत मास्टर, नीटू राणा, महेंद्र सिंह, मुव्वशीर बेग, अकरम अली, हेमेंद्र सिंह, अरमान सिद्दीकी, फुरकान अली, दिक्षांत चौधरी, ललित कुमार, हिमांशु सहरावत, आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### उमरी में भारी विद्युत कटौती

**नूरपुर।** ग्राम उमरी में भारी विद्युत कटौती को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फैला हुआ है। धामपुर मार्ग के ग्राम उमरी स्थित विद्युत उपकेंद्र से करीब दो दर्जन ग्रामों को विद्युत आपूर्ति की जाती है, लेकिन केंद्र से केवल चार घंटे आपूर्ति मिलने की वजह से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि तेज हवा व बारिश में ट्रिप होने के बाद कई दिन तक विद्युत आपूर्ति नहीं मिलती है। यासीन, नसीम, लोकेन्द्र, हरिराज सिंह, कुशलपाल, सौरभ, देवेंद्र आदि ने विद्युत आपूर्ति में सुधार न होने पर धरने की चेतावनी दी है। इनका कहना है कि विद्युत विभाग के अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं। विद्युत विभाग के एसडीओ नवरत्न राम ने विद्युत आपूर्ति में सुधार की बात कही है।

### हादसे में युवक घायल



**अफजलगढ़।** ग्राम मेघपुर निवासी कफील अहमद पुत्र अली हुसैन अपने साथी नईम अहमद पुत्र अब्दुल मजीद निवासी मौहल्ला नेजोसराय के साथ बाइक से जसपुर मजदूरी करने जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक जिक. रीवाला ग्राम के पास पहुंची, तो अचानक सामने आए ट्रैक्टर से टक्कर हो गई। हादसे में दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां से डॉक्टर ने कफील की हालत नाजुक होने पर हायर सेंटर रैफर कर दिया। नईम को एक निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

### बकरी का बच्चा ले गया गुलदार

**मंडावर।** स्थानीय मौहल्ला फराश टोली निवासी सचिन खटीक अपनी भेड़ बकरियां जंगल चराने गया था। जब वह डोकरे के पास बकरी चारा रहा था, तभी एक गुलदार ईख के खेत से बाहर निकला और देखते-देखते ही झपाटा मार कर उसकी बकरी के एक बच्चे को अपने मुंह में दबोच कर ईख के खेत में जा घुसा। सचिन और उसकर साथी बच्चे को छुड़ाने लाठी लेकर भागे, मगर ईख में घुसा गुलदार तब तक गायब हो गया था। बेचारा भेड़ बकरी चराने वाला सचिन मलमला कर रह गया। इस घटना को सुन कर आसपास के किसानों में दहशत व्याप्त हो गई।

### बस में घुसी बाइक



**नहटौर।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम डल्लू धनौरा निवासी कुड़वा सिंह पुत्र राजपाल सिंह अपने भाई सतीश व साले विनीत के साथ बाइक द्वारा धामपुर क्षेत्र में रिश्तेदारी में हुई मौत में शामिल होकर लौट रहा था। जब वह मौहल्ला जोशियान में पहुंचे। तो उनके आगे जा रही रोडवेज बस के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे उनकी बाइक पीछे से बस में घुस गई। बाइक चला रहा कुड़वा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

## फैसल को चार साल की कैद

**बिजनौर।** वादी ने 18 जुलाई 2025 को तहरीर दी थी कि अभियुक्त फैसल पुत्र फुरकान, गुलवाज पुत्र अब्दुल सलाम एवं यासर पुत्र रिजवान निवासीगण मुगलबेड़ा ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ की। पुलिस ने गंभीर धाराओं के अंदर रिपोर्ट दर्ज की थी। इस मामले में न्यायालय स्पेशल पोक्सो एक्ट ने सुनवाई करते हुए घटना के मात्र 40 दिन के अंदर अभियुक्त फैसल को चार वर्ष के कठोर कारावास एवं बीस हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

## बाइक सवार घायल

**अफजलगढ।** थाना क्षेत्र के गांव मानियावाला निवासी फहीम अहमद (35 वर्ष) पुत्र शरीफ अहमद बाइक द्वारा किसी कार्य से अफजलगढ़ जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक मानियावाला बस स्टैंड के समीप पहुंची तो विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात टेंपो ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही नीचे गिरकर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे 108 की मदद से पीएचसी कासमपुर गढ़ी में भर्ती कराया गया।

# प्रेम प्रसंग में युवती ने की आत्महत्या



## प्रेमी के साथ गुफ्तगू की वीडियो वायरल होने पर उठाया कदम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** गांव में प्रेमी के साथ अकेले में गुफ्तगू कर रही प्रेमिका की गांव के ही शरारती तत्वों ने वीडियो बनाकर वायरल कर दी। वीडियो बनने के बाद समाज में बदनामी के डर से प्रेमिका ने अपने घर में जाकर गले में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मृतका के शव को सील करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजनौर थाना कोतवाली शहर के गांव झलरा में गांव निवासी अब्दुल हकीम का पुत्र अरशद और शहजाद की पुत्री का काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। चर्चा है कि आज सुबह करीब 10:00 बजे प्रेमिका सोनम गांव निवासी काले के घर में अरशद से मिलने गई थी। इसी दौरान गांव के ही तीन शरारती तत्वों ने प्रेमी से गुफ्तगू के दौरान उसका वीडियो बना लिया और वायरल कर दिया। इस बात की खबर जब सोनम को लगी तो सोनम ने समाज में बदनामी के डर से अपने घर जाकर गले में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। सोनम की मां ने देखा तो सोनम घर में फांसी के फंदे पर झूलती मिली। आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद वीडियो बनाने वाले प्रेमी सहित सभी शरारती तत्व फरार हो गए। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। हैरानी की बात यह है कि गांव की राजनीति के चलते सोनम की मां की ओर से केवल वीडियो बनाने वाले एक युवक के खिलाफ ही रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। प्रेमी और अन्य किसी भी युवक को नामजद नहीं किया गया है। परि. जनों के अनुसार सोनम के पिता शहजाद की करीब 10 साल पहले मृत्यु हो चुकी है और वह अपनी विधवा मां के साथ अकेली रहती थी। सूत्रों के अनुसार मृतका सोनम अपने प्रेमी अरशद को शादी के लिए मना रही थी। जब यह वीडियो बनाई गई। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। झलरा गांव में प्रेम प्रसंग के चलते साल भर के भीतर आत्महत्या की यह दूसरी घटना है।

# योगी सरकार में वन दरोगा बेलगाम

## हरे-भरे आम के पेड़ों का अवैध कटान





शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडावर।** क्षेत्र में आम के हरे-भरे पेड़ों के अवैध कटान का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती देर शाम को कस्बे के हरिहर पुलिस चौकी के पास एक लकड़ी ठेकेदार द्वारा आम के बाग से एक हरा-भरा पेड़ जड़ से काट दिया गया। इस घटना ने स्थानीय लोगों में रोष पैदा कर दिया है, क्योंकि क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं द्वारा हरे पेड़ों की कटाई की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

वन दरोगा रचित चौधरी ने बताया कि वन विभाग ने केवल सूखी शाखा काटने का परमिट जारी किया था। हालांकि मौके पर ठेकेदारों ने पूरे हरे-भरे पेड़ को ही काट दिया। ठेकेदारों का दावा है कि उन्हें तीन दिन के अंदर ही परमिट बनवा लिया लेकिन सवाल यह उठता है कि बार-बार हरे पेड़ों की कटाई के बावजूद वन विभाग का एक ही जवाब क्यों सामने आता है कि सूखे पेड़ का परमिट दिया गया था? स्थानीय निवासियों का आरोप है कि लकड़ी माफियाओं को खुली छूट मिल रही है और वन विभाग की लाप. रवाही या मिलीभगत के कारण पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। हाल के दिनों में क्षेत्र में कई हरे आम के पेड़ों को काटा गया है, जो न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि स्थानीय किसानों और बाग. वानों की आजीविका को भी प्रभावित कर रहा है। वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत हरे पेड़ों का कटान गैर-कानूनी है और इसके लिए कड़ी सजा का प्रावधान है। इसके बावजूद माफियाओं के हौंसले बुलंद हैं। स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि वन विभाग इस मामले में सख्त कार्रवाई करे। यदि ऐसी घटनाओं पर रोक नहीं लगाई गई, तो क्षेत्र की हरियाली और जैव-विविधता को गंभीर खतरा हो सकता है। प्रशासन से मांग की जा रही है कि वह इस मामले की गहन जांच करे और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए।

## बलात्कार में रवि सैनी गिरफ्तार

**बिजनौर।** शहर कोतवाली में 24 अगस्त को वादिनी ने तहरीर दी थी कि अभियुक्त रवि सैनी पुत्र वेदप्रकाश सैनी निवासी तैमुरपुर, इन्द्रलोक कॉलोनी के द्वारा दो साल से उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए जा रहे थे। शादी के लिए कहने पर फोटो वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने रवि सैनी को गिरफ्तार कर लिया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# टैंकर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

## साथी गंभीर रूप से घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ग्राम पीपलसाना में बीती रात्रि चूना फैक्ट्री के सामने एक टैंकर और बाइक में आमने सामने की जोरदार टक्कर में एक ग्रामीण की मौत हो गई। जबकि दूसरा बुरी तरह घायल हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि बाइक सवार एक युवक का सिर बुरी तरह कुचला गया था। बताया गया कि दोनों ग्रामीण अपनी बाइक पर ड्यूटी समाप्त कर घर आ रहे थे।

प्राप्त समाचार के अनुसार बीती रात चांदपुर-नूरपुर मार्ग पर स्थित चूना फैक्ट्री के पास हुए इस हादसे के बारे में बताया गया कि ग्राम मिर्जापुर बेला निवासी मौहम्मद काशिफ अपने साथी मौहम्मद कैफ पुत्र अय्यूब अहमद के साथ नूरपुर से अपनी ड्यूटी समाप्त कर बाइक से अपने गांव मिर्जापुर बेला चांदपुर आ रहे थे। अज्ञात टैंकर चालक द्वारा बाइक में टक्कर लगने के बाद मौहम्मद काशिफ (32 वर्ष) का सिर कुचल जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी और मौहम्मद कैफ बुरी तरह घायल हो गया।

घायलों को सीएचसी स्याऊ पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत बताया, जबकि दूसरे घायल को रैफर कर दिया। इस मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# नजीबाबाद में भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित

## श्री सिद्धि विनायक मंदिर में कार्यक्रम





**सोनू आदित्य**

**नजीबाबाद।** श्री सिद्धिविनायक मंदिर दरबारा शाह में आज भगवान गणपति की भव्य मूर्ति स्थापित की गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार गणेश चौथ महोत्सव समिति द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, सीओ नितेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार, समिति के संरक्षक चौधरी कुलबीर सिंह, विवेक अग्रवाल, राक.ेश गोयल, अध्यक्ष राजीव अग्रवाल राजू आदि मौजूद रहे। पंडित जितेंद्र डबराल और पंडित संजय डबराल ने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कराकर भव्य मूर्ति की स्थापना की। पंडित जितेंद्र डबराल ने कहा कि भगवान गणपति समस्त देवी देवताओं में प्रथम पूज्य हैं और आति शीघ्र प्रसन्न होने वाले देवता हैं। जो भक्त इन्हें सच्चे मन से स्मरण करता है, उसे भक्त के समस्त कष्ट भगवान गणपति स्वयं हर लेते हैं। समिति के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल राजू ने बताया कि आज से 10 दिवसीय गणपति उत्सव का आरंभ हो गया है। श्री सिद्धिविनायक मंदिर में प्रतिदिन सुबह प्रात: आठ बजे और शाम सात बजे भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा।

साथ ही 10 दिनों की पूजा अर्चना के पश्चात छह सितंबर को भव्य शोभायात्रा में भगवान गणपति को विराजमान कर उन्हें विसर्जन के लिए ले जाया जाएगा। आज प्रथम दिन भगवान गणपति की स्थापना होते ही उपस्थित जन समूह ने गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के आवाहन के साथ पूरा वातावरण मंगलमय हो गया। एसडीएम, सीओ, थाना प्रभारी निरीक्षक को मंदिर समिति की ओर से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर चौधरी कुलबीर सिंह, राकेश गोयल, विवेक अग्रवाल, राजीव अग्रवाल राजू, रविंद्र चौहान, विनय कौशिक, आलोक अग्रवाल, डॉ. राजीव अरोड़ा, डॉ. एसके जो. हार, नवनीत वर्मा, राहुल वर्मा, राजेश तगरा, शैलेंद्र चौधरी एड., मोनू चौधरी, शक्ति सिंह, राजन टंडन गोल्डी, पूर्व अध्यक्ष दिनेश चंद्र वर्मा नांगल वाले सहित नगर के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बंदी की मौत की जांच शुरू

**बिजनौर।** जिला मजिस्ट्रेट जसजीत कौर के निर्देशों के क्रम में अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) बंदी की मृत्यु की मजिस्ट्रियल जांच करेंगे। अपर जिला मजिस्ट्रेट, (प्रशासन) विनय कुमार सिंह ने बताया कि अधीक्षक जिला कारागार ने अवगत कराया था कि आशू चौहान पुत्र हरवीर चौहान निवासी मौहल्ला मजरा, थाना काशीपुर, जिला उधम सिंह नगर की 19 जुलाई को गैसपिन, रक्तचाप दर्ज न होने एवं पल्स के कमजोर होने के कारण जिला संयुक्त चिकित्सालय में मृत्यु हो गई थी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के क्रम में उनके द्वारा जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरण के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई लिखित अथवा मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत करना हो, तो वह समाचार पत्र में प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिन के अंदर किसी भी कार्य दिवस में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित उनके कार्यालय में उपस्थित होकर अपना साक्ष्य व बयान दर्ज करा सकते हैं।

### चेयरपर्सन इंदिरा ने सुनी समस्याएं



**बिजनौर।** नगर पालिका की चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह का मौहल्ला खत्रियान में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नबील कस्सार के आवास पर स्वागत किया गया। सभासद लक्ष्मी वर्मा ने चेयरपर्सन को वार्ड में घर-घर घुमाया। चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह ने नाले व सड़कों की हालत देख कर गंदगी पर नाराजगी जताते हुए सफाई नायक विवेक सेन को मौके पर बुलाया। उन्होंने तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड में तीन पक्के शौचालय बनवाने, टूटी हुई सड़कों का निर्माण कराने एवं पाइप लाइन बिछवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सभासद पति लच्छू वर्मा, सलीम, विशाल शर्मा, यूनुस, रजत शर्मा, सुल्तान अहमद, मौहम्मद मम्मन, रविकांत कौशिक, वसीम, महमूद कस्सार, सुल्तान कस्सार आदि मौजूद रहे।

### करंट से लाइनमैन झुलसा

**कोतवाली देहात।** शादीपुर विद्युत उपकेंद्र पर तैनात संविदा कर्मी लाइनमैन पिंटू कुमार मंगलवार को ग्राम फरीदपुर मान में लाइन ठीक करने के लिए गया था। लाइन शटडाउन लेने के बाद लाइन ठीक करने के दौरान पास से गुजर रही हाई टेंशन लाइन में करंट आने से लाइनमैन झुलस गया। सूचना पर ग्रामीण तथा विद्युत कर्मचारी घायल को बिजनौर एक निजी अस्पताल में ले गए। इस दौरान सोनू कुमार, महेंद्र शर्मा, वरुण गुप्ता, विकास, अमित आदि मौजूद रहे।

# कोतवाली में सीमा जावेद सम्मानित

## मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का कार्यक्रम




**राशिद कुरैशी**

**कोतवाली देहात।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (आरएसएस) की उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड की क्षेत्रीय संयोजक सीमा जावेद ने मोदी सरकार का गुणगान करते हुए कहा कि देश का विकास तेजी से हो रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्रीय संयोजक सीमा जावेद आज डॉ. इमरान के निवास पर पहुंची। डॉ. इमरान ने सीमा जावेद को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सीमा जावेद ने कहा हमारे समाज के भाई तालीम की तरफ ध्यान नहीं देते है। उन्होंने कहा कि मैं अपने भाइयों से गुजारिश करती हूं कि अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दें। हमारी सुनवाई उसी स्थिति में होगी, जब हमारे बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर के डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, आईपीएस व पीसीएस अधिकारी बनेंगे। समाज कहता है कि हमारे बच्चों को नौकरी नहीं मिलती है। नौकरी तो तब ही मिलेगी, जब आप शिक्षित होंगे। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोग मुस्लिम राष्ट्रीय मंच आरएसएस से जुड़े और अपनी आवाज उठाएं।

इस मौके पर युवा रालोद के जिलाध्यक्ष इमरान कुरैशी, फैसल प्रधान, इकरार प्रधान, अनीस प्रधान, वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी राशिद कुरैशी, प्रधान परवेज शेख, अशरफ अंसारी, डॉ. शाहनवाज आदि मौजूद थे। सीमा जावेद ने डॉ. इमरान एजाज अंसारी को मुस्लिम राष्ट्रीय मंच आरएसएस का जिला अध्यक्ष बनाने की घोषणा की।

# सर्पदंश से बचाव के उपाय बताए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांव दबथला में सर्पदंश से युवक की मौत होने पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सर्प मित्र बी भास्कर ने गांव पहुंचकर सांप के काटने पर बचाव के उपायों को लेकर ग्रामीण को जागरूक किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार सोमवार की रात को दबथला में बबलू सैनी (24 वर्ष) को गले में किसी चीज के काटने का एहसास हुआ। जिसके बाद उसकी तबीयत खराब होने पर गांव में ही एक चिकित्सक को दिखाया गया। उसके बाद सांप के काटने का अंदेशा पैदा होने पर उसे झांड़ फूंक के लिए ले गए। बबलू को कई स्थानों पर ले जाया गया। सुधार नहीं होने पर बिजनौर के एक नीजि चिकित्सक के पास ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बुधवार को मौत की वजह जानने के लिए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दूसरी ओर सर्प मित्र बी भास्कर ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि सांप के काटने के बाद झांड़ फूंक के चक्कर में नही पड़ना चाहिए। सांप के काटने के बाद सरकारी अस्पताल में उपचार कराना चाहिए। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# आईटीआई में 30 तक प्रवेश

**बिजनौर।** जनपद में संचालित राजकीय एवं निजी आईटीआई में चतुर्थ चरण के प्रवेश के पश्चात भी कुछ व्यवसायों की कुछ सीट रिक्त रह गई है। जिनमें स्विंग टेक्नोलॉजी, ड्रेस मेकिंग, कंप्यूटर एडेड एंब्रायडरी, प्लंबर एवं पेंटर जनरल आदि हैं। इन रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी 30 अगस्त तक संबंधित संस्थान में उपस्थित होना सुनिश्चित कर सकते है। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक द्वारा दी।

**अदालती सूचना**

**न्यायालय सिविल जज (सी.डि.) बिजनौर**

प्रकीर्णवाद 181/2025

हरगाह मुदईयान-अनिल कुमार शर्मा आयु लगभग 58 वर्ष पुत्र स्व. श्री सोमप्रकाश शर्मा निवासी आवास सं. 60/12 निकट शक्ति चौक मौहल्ला नई बस्ती बी-13 बिजनौर नगर परगना तहसील व जिला बिजनौर।

2- अंकित महर्षि आयु लगभग 45 वर्ष पुत्र स्व. श्री कमल कृष्ण महर्षि निवासी आवास सं. 852 गंगा नगर, सिविल लाईन्स बिजनौर नगर, परगना तहसील व जिला बिजनौर।

**प्रति**

1. उ.प्र. सरकार द्वारा जिलाधिकारी महोदय बिजनौर
2. जिला पंचायत बिजनौर द्वारा अध्यक्ष जिला पंचायत बिजनौर कार्यालय स्थित नगर एवं जिला बिजनौर
3. सार्वजनिक लोक निर्माण विभाग द्वारा अधिशासी अभियन्ता सार्वजनिक लोक निर्माण विभाग बिजनौर
4. नगर पालिका परिषद बिजनौर द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिजनौर।

नोटिस हस्व आर्डर-1 रूल 8 सी.पी.सी.

हरगाह मुदईयान मजकूर वाला ने नालिश बावत हुक्मइम्तनाई मिनजानिब खुद व बहैसियत नुमाईन्दगान बिजनौर बिजनौर बावत स्थाई निषेधाज्ञा प्रतिवादीगण के विरूद्ध दायर किया है इसलिए मुदईयान ने प्रार्थना पत्र हस्व आदेश 1 नियम 8 जा.दी. दावा हाजा नुमाईन्दगान की हैसियत से पेश की है लिहाजा हर खास व आम को इत्तला दी जाती है कि जिस किसी को दरख्वास्त हस्व आर्डर 1 रूल 8 जा.दी. पेश कर्दा मुदईयान में कोई उज्र हो या कोई बहैसियत मुददई फरीद मुकदमा बनना चाहता है तो रूबरू अदालत व बतारीख 15.09.2025 को बरवक्त 10.00 बजे दिन के असालतन या माफरत वकील अपना उज्र या दरख्वास्त पेश कर सकता है वरना दरख्वास्तन मुदईयान की समायत कर ली जायेगी।

नियत दिनांक: 15.09.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज (सी.डि.)**
**बिजनौर (उ.प्र.)**

**न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं. 06 बिजनौर**
**सिविल अपील सं.- 86/2022**
**श्रीमती विनोद बाला बनाम नसीम अहमद आदि**

श्रीमती विनोद बाला पत्नी गजेन्द्रपाल सिंह निवासी ग्राम फुलसन्दा खाकम परगना नहटौर तहसील धामपुर, जिला बिजनौर

बनाम

(1) नसीम अहमद आदि

(4/1) श्रीमती रानी आयु 40 वर्ष पत्नी स्व. नईम अहमद निवासी ग्राम इब्राहिमपुर साधो उर्फ अलीनगर परगना नहटौर तहसील धामपुर जिला बिजनौर

(4/2) उजैर नाबालिग उम्र 15 वर्ष पुत्र स्व. नईम अहमद बविलायत श्रीमति रानी पत्नी स्व. नईम अहमद सगी माता व नैसर्गिक संरक्षक नाबालिग उपरोक्त निवासी ग्राम इब्राहिमपुर साधो उर्फ अलीनगर परगना नहटौर तहसील धामपुर जिला बिजनौर।

चूंकि उपरिनामांकित के इस बअदालत से यह आदेवन किया है कि अतएवं आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्षित के लिए दिनांक 29.08.2025 को प्रात: 10 बजे स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक- 29.08.2025

**प्रबंधक**
**अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं. 06, गैंगस्टर एक्ट बिजनौर**

# गणेश जयंती हर्षोल्लास से मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर के डॉ. फकीरचंद सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गणेश जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह एवं आचार्य हेमराज सिंह ने गणेश जी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

जयंती पर छात्र-छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। सुनैना, जिया, अंबिका, एकलव्य, मनीष कुमार, मणिकांत, प्रगति चौहान, राज चौहान आदि भैया-बहनों ने गणेश जी के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग और घटनाएं प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम की मुख्य कविता देवी ने सुनाई, वहीं सहायक प्रस्तुति राज. कुमार ने दी। मंच संचालन छात्र संसद के सदस्य भैया चिराग चौहान ने कुशलता से किया।

पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर गणेश उत्सव की भक्ति और उमंग से सराबोर रहा

# चौसाना में पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स ने किया फ्लैग मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सु.ढ़ बनाने और आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से गुरुवार को चौसाना चौकी इंचार्ज खूब सिंह के नेतृत्व में चौसाना पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला। यह मार्च चौसाना कस्बे के मुख्य बाजारों, गलियों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से होकर गुजरा।

फ्लैग मार्च का उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को यह संदेश देना था कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह तैयार है। मार्च के दौरान पुलिस कर्मियों और पैरामिलिट्री फोर्स ने अनुशासित तरीके से कदमताल करते हुए सुरक्षा का एहसास दिलाया। इससे लोगों में आत्मविश्वास बढ़ा और बाजार में सामान्य रूप से शांति का माहौल दिखाई दिया। मार्च में शामिल चौकी इंचार्ज खूब सिंह ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अफवाह या अशांति फैलाने की को.शिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत चौकी या थाना पुलिस को दें। चौकी इंचार्ज ने दुकानदारों और व्यापारियों से संवाद करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं पुलिस और पैरामिलिट्री जवानों की सख्त निगरानी से क्षेत्र में आपराधिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण की उम्मीद जताई जा रही है। फ्लैग मार्च के दौरान स्थानीय पुलिस कर्मी, पैरामिलिट्री फोर्स के जवान और चौसाना चौकी का पूरा स्टाफ मौजूद रहा। कस्बे में इस दौरान पुलिस की मजबूत मौजूदगी को देखकर लोगों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों का कहना था कि प्रशासन की ऐसी सक्रियता से क्षेत्र में शांति और सौहार्द का वातावरण कायम रहेगा। इस संयुक्त फ्लैग मार्च ने न केवल शांति और सुरक्षा का संदेश दिया बल्कि यह भी साफ किया कि कानून व्यवस्था में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चौसाना पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स की संयुक्त मुहिम से कस्बे में अमन-चौन बनाए रखने के प्रयास और मजबूत होते नजर आ रहे हैं।

# शहर में जैन मुनि विव्रत सागर का प्रवचन, दसलक्षण पर्व के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में जैन मुनि 108 विव्रत सागर महाराज ने आगामी दसलक्षण पर्व के आध्यात्मिक महत्व और उसकी विस्तृत आयोजन योजना पर प्रवचन दिया। मुनिराज ने कहा कि यह पर्व आत्मा की शुद्धि और अंतरंग सौंदर्य की साधना का विशेष अवसर है।

उन्होंने बताया कि पर्व का अर्थ जुड़ना है, और दसलक्षण पर्व व्यक्ति को अपनी शुद्ध आत्मा से जोड़ने का माध्यम बनता है। यह अन्य पर्वों की तरह भगवान, गुरु या जिनवाणी से जोड़ने के बजाय आत्मा के धर्मों से जोड़ता है। इसे आत्मा के लिए एक प्रकार का ह्ब्यूटीशियन कोर्सह्न बताते हुए मुनिराज ने कहा कि बाहरी सौंदर्य तभी निखरता है जब आत्मा भीतर से शुद्ध और सुंदर हो। मुनिराज ने क्षमा और उत्तम क्षमा के बीच अंतर स्पष्ट किया। उन्होंने उदाहरण देकर बताया कि जैसे फूल बेचने वाला फूल ही देगा और कचरा गाड़ी वाला कचरा ही देगा, वैसे ही क्षमाशील व्यक्ति क्रोध के बदले क्षमा ही देता है। उन्होंने कहा कि वर्ष में तीन बार दसलक्षण पर्व का आयोजन कषायों द्धक्रोध, मान, माया, लोभञ्ञ को तोड़ने और आत्मा को शुद्ध रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। भाद्र शुक्ल पंचमी का विशेष महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि यह सृष्टि क्रम की शुरुआत से जुड़ा हुआ पर्व है। उन्होने कहा कि भोजन नियम जरूर करे। दो समय भोजन, चार बार पानी, बाजार का भोजन व रात्रि भोजन-पानी का त्याग करे। कार्यक्रम में चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन मुकुल जैन व पंकज जैन ने किया। पाद प्रक्षालन गुरु भक्त मोहित जैन व सुनीता जैन द्वारा संपन्न हुआ। शास्त्र भेंट निधि जैन और विज.ेता जैन ने की। प्रवचन के उपरांत समाज के महिला-पुरुष गाजे-बाजे के साथ आदिनाथ एवं पारस जिनालय से जिन बिंबों को लेकर दसलक्षण पर्व की तैयारियों को लेकर पालकी यात्रा निकाली गई। जिनका जैन समाज के लोगों ने अनेकों स्थानों पर स्वागत किया।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र आसिफ व उसकी पत्नी तरन्नुम परवीन मेरे कहने-सुनने में नहीं है। मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते है। इसलिए मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहा हूं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करते है, तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे। **कासिम पुत्र नाजिर अहमद निवासी ग्राम वाजिदपुर नीन्दडू, थाना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर)**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **श्री नाजिम खान पुत्र श्री मुजफ्फर खान मौहल्ला गडरियान** तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री मौ. आसिफ पुत्र श्री मौ. इकबाल** नजीबाबाद जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये वारिसान व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है। अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: **320 गडरियान,** नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर)**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **श्रीमती सुरजीत कौर पत्नी श्री कुलवन्त सिंह व श्री कुलवन्त सिंह पुत्र श्री गुरवचन सिंह मौहल्ला वाहिदनगर** तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्रीमती अंजलि जैन पत्नी श्री कुलदीप जैन** नजीबाबाद जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये वारिसान व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है। अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: **175 वाहिदनगर,** नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

# खाद-उर्वरक, कीटनाशक व पेस्टीसाइड गोदाम सीज

**कैराना।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने तहसील प्रशासन व पुलिस विभाग की टीम के साथ मोहल्ला अफगानान में खाद उर्वरक व पेस्टीसाइड, कीटनाशक के अवैध गोदाम पर संयुक्त छापेमार कार्यवाही करते हुए उसे सीज कर दिया है। साथ ही मौके से सैंपल लेकर उन्हें प्रयोगशाला भेजते हुए जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा कोतवाली कैराना पर संचालक बकाउल्लाह खान के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

मंगलवार की देर रात्रि जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रदीप यादव के नेतृत्व में तहसील प्रशासन व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम कस्बे के मोहल्ला अफगानान में पहुंची। जहां पर टीम ने अवैध रूप से संचालित खाद उर्वरक, कीटनाशक व पेस्टीसाइड के अवैध गोदाम पर छापेमारी की। भनक लगते ही संच.ालक मौके से फरार हो गया। टीम द्वारा बार-बार लाइसेंस मांगने पर भी संचालक के परिवारजनों द्वारा नहीं दिखाया गया। इस दौरान मौके से भारी मात्रा में खाद उर्वरक, कीटनाशक, पेस्टीसाइड, रसायन आदि कृषि दवाईयां बरामद हुई। जिसके बाद टीम ने परिसर में फैले मेटेरियल की सेंपलिंग करते हुए मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में उसे सीज कर दिया है और मौके से लिए गए सैंपल को नमूना परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। जिला कृषि विभाग द्वारा की गई कार्रवाई से कस्बे में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं जिला कृषि अधिकारी द्वारा संचालक बकाउल्लाह खान के खिलाफ कैराना कोतवाली पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रदीप यादव ने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर जिला.धिकारी को अवगत को अवगत कराते हुए मोहल्ला अफगानान में बिना वैध लाइसेंस उर्वरकों की पैकिंग का कार्य किया जा रहा था। मौके पर उर्वरक के साथ पेस्टीसाइड व कीटनाशक भी पाया गया है। छापेमारी के दौरान परिसर को सीज किया गया है। मामले में संचालक बकाउल्लाह खान पुत्र सनाउल्लाह खान के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## दोयज मेले में उमड़े श्रद्धालु

**कोतवाली देहात।** ग्राम महेश्वरी जट में चल रहे बूढ़े बाबा के दोयज मेले में आज भारी भीड़ रही। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मेला कमेटी द्वारा आयोजित नौटंकी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। बूढ़े बाबा के स्थल पर सैकड़ों लोगों ने माथा टेका। इस दौरान पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रही। कार्यक्रम में सुरेश भगत, वीरेंद्र सिंह, भूरे सिंह, महिपाल सिंह, अजय पाल, ओम राज, विनय कुमार आदि मौजूद रहे।

**नीलामी सूचना**

थाना बढ़ापुर, जनपद बिजनौर पर विगत वर्षों में दो पहिया वाहन की नीलामी हेतु नियमानुसार कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय से आदेश प्राप्त किया जा चुका है कि दिनांक- 29.08.2025 को प्रात: 10 बजे दो पहिया-03 वाहनों की नीलामी हेतु तिथि नियत की गयी है।

**प्रभारी निरीक्षक, थाना बढ़ापुर (बिजनौर)**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अभिषेक आवारा, लापरवाह व नशेड़ी किस्म का हो गया है। उसकी वजह से मुझे सामाजिक व आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वह मुझे व मेरे परिवार वालों को झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहा है। मैंने व तमाम रिश्तेदारों ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन वह समझने को कतई तैयार नहीं है। उसकी हरकतों से परेशान होकर मैंने उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कार्य व लेनदेन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। -**विजयपाल पुत्र रामपाल सिंह निवासी मौहल्ला खुराड़ा, कस्बा व थाना शेरकोट, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर**

# पेड़ से लटका मिला शव

## परिजनों में मचा कोहराम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र के ग्राम बद्दोबेरखे में उस समय सनसनी फैल गई। जब गांव के पास जंगल में एक युवक का शव पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान सोनू (38 वर्ष) पुत्र सोनाथ सिंह निवासी बद्दोबेरखे के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार सोनू बीते 19 अगस्त से घर से लापता था। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराते हुए पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी। बुधवार की सुबह गांव के कुछ लोग जंगल की ओर खेतों में काम करने गए तो उन्होंने देखा कि नदी किनारे एक पेड़ से युवक का शव फंदे पर लटका हुआ है। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के परिजनों की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज थी और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। फिलहाल शव पेड़ से लटका हुआ मिला है। मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। ग्रामीणों में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# चलती ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**स्योहारा।** बीती शाम सहसपुर क्षेत्र के मेवानवादा रेलवे स्टेशन पर एक दर्दनाक हादसा हो गया।

अमृतसर से बिहार जा रही जनपूर्णा एक्सप्रेस से गिरकर बिहार निवासी युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सूरज शर्मा (29 वर्ष) पुत्र गुलो शर्मा निवासी घोघसान जिला सहरसा बिहार के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक अचानक ट्रेन से नीचे गिर पड़ा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

सूचना मिलते ही आरपीएफ व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। रेलवे पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जुलूस-ए-मौहम्मदी का जुलूस 5 को, तैयारियां शुरू

## बैठक में की गई विस्तार से चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मौहल्ला बंदूकचियान स्थित नसीम सलमानी के आवास पर अंजुमन फलाहे एहले सुन्नत की अहम बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी जुलूस-ए-मौहम्मदी की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई और यह तय किया गया कि जुलूस पूरी तरह भाईचारे, अमनो अमान और तहजीब के साथ निकाला जाएगा।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जुलूस-ए-मुहम्मदी 05 सितम्बर को सुबह 8:30 बजे मदरसा नूररया, मौहल्ला बंदूकचियान से शुरू होगा और अपने तयशुदा रास्तों मुसाफिर खाना होते हुए डॉ. जाकिर हुसैन रोड तक पहुंचकर समाप्त होगा।

बैठक की सदारत जकी अहमद खान ने की, जबकि निजामत शायर नसीम सलमानी ने अदा की। बैठक में अंजुमन फलाहे एहले सुन्नत के तमाम जिम्मेदारान मौजूद रहे। इसमें महासचिव नसीम सलमानी, कोषाध्यक्ष इरफान लतीफी, मास्टर जुबैर अहमद, आस मौहम्मद, मौहम्मद दानिश, हाफिज अब्दुल कादिर, लईक सलमानी, हमजा, फुरकान अहमद, आसिफ सकलेनी, काशीफ लतीफी, ताहिर लतीफी, मशकूर अहमद, नुसरत खां, साजिद सैफी, आलम लतीफी और हैदर आढ़ती सहित बड़ी संख्या में अंजुमन के सदस्य व अकीदतमंदों ने शिरकत की। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि जुलूस के दौरान आपसी एकता, भाईचारा और शांति का पैगाम आम जनता तक पहुंचे।

# बाबा अमरनाथ यात्रा पर 25 वर्षों से शिवभक्तों को ले जाने वाले सुनील पचरंगी का अभिनंदन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के शिवभक्त त्रिशूलधारी सुनील कुमार अग्रवाल पचरंगी का रामा रेजीडेंसी सभागार में आयोजित भव्य समारोह में सार्वजनिक अभिनंदन किया गया। सुनील अग्रवाल बीते 25 वर्षों से लगातार बाबा अमरनाथ बर्फानी यात्रा पर शिवभक्तों के जत्थे को ले जाते आ रहे हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. दीप सौरभ पार्थ (भाजपा पूर्व प्रदेश सहसंयोजक), महंत पीयूष अग्रवाल, दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन एवं प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य पं. पवन कौशिक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान जय बाबा अमरनाथ बर्फानी, हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। वक्ताओं ने कहा कि सुनील अग्रवाल पचरंगी ने शिवभक्तों की सेवा और भगवान भोलेनाथ के प्रति अपने समर्पण से समाज में श्रद्धा और आस्था का भाव जागृत किया है।

पूर्व पालिकाध्यक्ष राजू गुप्ता व सहयोगियों ने उन्हें केसरिया शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त युवा मित्रगण सामाजिक सेवा समिति, सामाजिक संस्था सवेरा, अमरनाथ बर्फानी सेवा दल, श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल सहित अनेक सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं ने भी अभिनंदन किया। अजय कपूर (शाहजहांपुर), कपिल कुमार (शाहजहांपुर), पिंकू शर्मा (मुरादाबाद), मनोज पाठक (गुड़गांव), दुर्गेश माहेश्वरी (कासगंज), सुबोध कुमार (शामली-मुजफ्फरनगर), नीलू गुप्ता (बिजनौर), डॉ. रंजन अग्रवाल (पूर्व प्राचार्य), गोविंद अग्रवाल, श्याम अग्रवाल सहित विभिन्न राज्यों और जनपदों से आए श्रद्धालु शामिल रहे।

नगर के प्रसिद्ध नाट्य निर्देशक पवन संगम ने कुशल संचालन किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुशील गुप्ता, उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, महामंत्री उमंग कंसल तथा संयोजक सुनील अग्रवाल पचरंगी ने आए हुए अतिथियों और नागरिकों के प्रति आभार जताया।

# धामपुर में गणेश चतुर्थी महोत्सव का शुभारंभ

## नगर में शोभायात्राएं निकाल कर भगवान गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर में गणेश चतुर्थी महोत्सव का शुभारंभ धूमधाम और धार्मिक उत्साह के साथ किया गया। भगवान गणेश की भव्य शोभायात्रा निकालकर विभिन्न स्थानों पर प्रतिमाओं की स्थापना की गई। गणपति बप्पा मोरया और मंगल मूर्ति मोरया के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा।

श्री गणेश मित्र मंडल मोहल्ला खातियान की ओर से आयोजित 9 दिवसीय श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव का शुभारंभ मुख्य बाजार से निकली शोभायात्रा से हुआ। शोभायात्रा में भगवान गणेश के भक्त पारंपरिक वेशभूषा में आकर्षण का केंद्र बने। आयोजन की सफलता में दीपक सिंघल सर्राफ, लक्ष्मीकांत अग्रवाल, संजय गुप्ता, विजयपाल सिंह, पंकज वर्मा एडवोकेट, रवि अग्रवाल, अनमोल मराठा, शंभू रस्तोगी, राजू जैन समेत बड़ी संख्या में सर्राफा व्यापारियों और श्रद्धालुओं का योगदान रहा।

श्री ठाकुरद्वारा बजरिया मंदिर में आयोजित 11 दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ समिति अध्यक्ष विभु प्रकाश बंसल, महामंत्री पवन अग्रवाल एडवोकेट और कोषाध्यक्ष अंबरीश अग्रवाल की देखरेख में सामूहिक पूजन से किया गया। कार्यक्रम का संयोजन नितिन अग्रवाल एडवोकेट के संरक्षण में हुआ।

वहीं अंकुर कांपलेक्स खारी कुआं रोड पर आयोजित सात दिवसीय गणेश चौथ महोत्सव का शुभारंभ शिव मंदिर पंजाबी कॉलोनी से शोभायात्रा निकाल कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंकुर गोयल ने किया, जबकि मुख्य यजमान की भूमिका समाजसेवी विकल गुप्ता व उनकी पत्नी मोनिका गुप्ता तथा राजीव माथुर व उनकी पत्नी गौरी माथुर ने निभाई। इसके अतिरिक्त बड़ी मंडी युवा व्यापार संगठन के तत्वावधान में भी 11 दिवसीय गणेश महोत्सव का शुभारंभ सामूहिक पूजन से हुआ।

अध्यक्ष अजय कुमार अग्रवाल पिंटू समेत संगठन के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

श्री राधा कृष्ण मंदिर चैरिटेबल ट्रस्ट, मोहल्ला गुजरातियान में आयोजित पांच दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ समिति अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा एडवोकेट के निर्देशन में हुआ। वहीं टीचर्स कॉलोनी स्थित देव मंदिर में भी 10 दिवसीय विघ्नहर्ता गणेश महोत्सव आरंभ हुआ।

इन सभी आयोजनों के साथ-साथ नगर के विभिन्न मोहल्लों और परिवारों में भी गणेश चतुर्थी उत्सव मनाया जा रहा है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में गणपति बप्पा के जयकारों के बीच पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन में शामिल होकर धार्मिक माहौल को और अधिक उल्लासमय बना रहे हैं।

# परिषदीय विद्यालयों का बीईओ ने किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग के निर्देश पर बीईओ ने ब्लॉक अल्हैपुर के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान बच्चों की उपस्थिति और शिक्षण व्यवस्था की समीक्षा की गई।

प्राथमिक विद्यालय औरनशाहपुर नारायण में 66 पंजीकृत बच्चों में से 58 उपस्थित मिले। विद्यालय में दो सहायक अध्यापक तैनात हैं। वहीं प्राथमिक विद्यालय भनौटी में 121 पंजीकृत में से 83 बच्चे उपस्थित थे। यहां कक्षा सात में 36 नए छात्रों का प्रवेश हुआ है। विद्यालय में प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार व अन्य शिक्षक उपस्थित पाए गए। तीन रसोइयां मध्याह्न भोजन योजना के तहत कार्यरत मिलीं।

इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय आजमपुर जमनीभान और प्राथमिक विद्यालय धोसियोवाला में भी बच्चों की उपस्थिति संतोषजनक मिली। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं, साफ-सफाई और रसोइयों की उपस्थिति की जांच की गई।

बीईओ ने आंगनबाड़ी केंद्रों और पंचायत सचिवालयों का भी निरीक्षण कर वहां की कार्यप्रणाली देखी। इस दौरान संकुल प्रभारी विकेंद्र कुमार सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# पीडीए से अन्य पार्टियों में हलचल: आसिफ

## सपा को मजबूत करने का आह्वान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव के आदेश पर आज पीडीए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मौहल्ला मुफ्तीसराय स्थित इकबाल अहमद के आवास पर आयोजित सपा के पीडीए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सर्वसमाज के लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन शेख रईस अहमद ने किया। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता इकबाल अहमद ने की। पीडीए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मौहम्मद आसिफ नव मनोनीत सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि सपा के पीडीए से अन्य पार्टियों मे बड़ी हलचल है। सपा ने उत्तर प्रदेश में पीडीए के माध्यम से पिछड़े, दलितों, अल्पसंख्यकों को जागरूक करने का काम किया है। उन्होंने सभी से सपा से जुड़ने और भैया अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करने की अपील की।

कार्यक्रम में आम जनता को पीडीए के माध्यम से जागरूक करने का काम किया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष यूनुस ताऊ ने भी संबोधित किया। हाजी मोहसिन अंसारी ने बाहर होते हुए फोन पर अपना सन्देश पीडीए पर हुई बैठक में उपस्थितजनों के नाम भेजा और नव मनोनीत आसिफ असलम को अपनी शुभकामनाएं भी दी।

कार्यक्रम में शकील अंसारी, अनवर अंसारी, इस्लामुद्दीन, शोएब प्रिंस, इकबाल अहमद, सलीम भाई, रवि कुमार, सिराजुद्दीन, वसीम अंसारी, शफीक अहमद, तस्लीम अहमद, वकील अहमद, महताब अंसारी, मोईन अहमद, छोटे अहमद, मौहम्मद अहमद, फहीम अहमद, युसूफ अंसारी, नाजिम, साजिद, आसिफ, अबरार अहमद, इसरार अहमद आदि मौजूद रहे। इससे पहले बैठक में पहुंचने पर मुख्य अतिथि सपा राष्ट्रीय सचिव (लोहिया वाहिनी) मौहम्मद आसिफ का फूलों की मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

# सभासद सुभद्रा दिला रही सरकारी योजनाओं का लाभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका के वार्ड नंबर 4 मोहल्ला शेखान की सभासद सुभद्रा अपने वार्ड के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

वार्ड वासियों का कहना है कि सभासद सुभद्रा सिर्फ कागजों तक ही सीमित नहीं रहतीं, बल्कि लोगों की समस्याओं को सुनकर उन्हें जमीनी स्तर पर समाधान कराने में जुटी रहती हैं। चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, उज्ज्वला योजना या शहरी गरीबों के लिए चल रही अन्य योजनाएं हों। वार्ड की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्होंने उज्ज्वला गैस कनेक्शन योजना का लाभ दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। कई परिवारों में आज महिलाएं धुएं से मुक्ति पाकर गैस चूल्हे पर खाना बना रही हैं। वार्ड की वृद्ध महिलाओं और विधवाओं को पेंशन दिलाने में भी वह लगातार विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर रही हैं।

कई लाभार्थियों को अब हर महीने सीधे बैंक खाते में पेंशन राशि मिल रही है। सरकारी योजनाओं के साथ-साथ सभासद ने वार्ड की सड़कों, नालियों और सफाई व्यवस्था को भी सुधारने पर ध्यान दिया है।

# आरएसएम में शिक्षक संघ की बैठक



**धामपुर।** आरएसएम कॉलेज में शिक्षक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक का मुख्य एजेंडा शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन तथा अन्य शैक्षणिक एवं संगठनात्मक मुद्दों पर विचार-विमर्श रहा। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में प्रो. अमित कुमार सिंह अध्यक्ष, डॉ. भारती चौहान उपाध्यक्ष, डॉ. मनोज कुमार सचिव, डॉ. आदित्य कुमार संयुक्त सचिव तथा डॉ. देवेश पाठक कोषाध्यक्ष चुने गए। सभी पदाधिकारियों का चयन निर्विरोध रूप से हुआ। नवनियुक्त अध्यक्ष प्रो. अमित कुमार सिंह ने अपने संबोधन में संगठन को और अधिक सशक्त व सक्रिय बनाने पर बल दिया तथा सभी शिक्षकों से सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि नई कार्यकारिणी शिक्षकों के हितों के साथ-साथ कॉलेज के शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने की दिशा में ठोस प्रयास करेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष प्रो. रमाक. ांत एवं संचालन पूर्व सचिव डॉ. रवि धनकड़ ने किया। इस अवसर पर प्रो. एस. एल. पाल, प्रो. शौराज सिंह, प्रो. राम कुमार सिंह, डॉ. जितेंद्र चौधरी, डॉ. राजेश कटियार, डॉ. मदन पाल सिंह, डॉ. भावना वत्सल, डॉ. हिमांशु त्रिपाठी, डॉ. कौशिक प्रसाद, डॉ. विवेक यादव, डॉ. आकाश आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# माकपा की स्मृति गोष्ठी में उमड़ा जनसैलाब

## देश में दलितों और मुस्लिमों पर बढ़ रहे अत्याचार: कामरेड सुभाषिनी






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** माकपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व महासचिव स्व. सीताराम येचुरी की स्मृति में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें माकपा कार्यकर्ताओं ने उनके द्वारा जीवन भर किए शोषितों, किसानों, मजदूरों के संघर्ष को याद करते हुए उन्हें लाल सलाम लिया।

जलालाबाद के स्टार गार्डन बैंकट हॉल में माकपा के वरिष्ठ नेता पार्टी के पूर्व महासचिव कामरेड सीताराम येचुरी की स्मृति में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकताओं ने स्मृति गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता पूर्व पोलित ब्यूरो सदस्य पूर्व सांसद कामरेड सुभाषिनी अली सहगल ने कहा कि आज केंद्र सरकार इस देश के सामाजिक ढांचे को ध्वस्त करने पर लगी है। देश का युवा परेशान है। दिल्ली में जो नौजवान और शिक्षक नकल विहीन परीक्षा की बात कर रहे थे, उन सब पर दिल्ली पुलिस ने लाठीचार्च किया और जेलों में डाल दिया। देश में हिंदू-मस्लिम के खिलाफ नफरत फैलाई जा रही है। भाजपा की पूरी राजनीति हिन्दू मुस्लिम पर ही चलती है, जिसके तहत ये इस देश के एजेंडे को बदलना चाहते है। भाजपा अपने को सत्ता में बनाए रखने के लिए फिराकपरस्ती को बढ़ावा देती है। आज केंद्र की सरकार बैसाखियों पर चल रही है। ये सब लोगों का बदलाव है। भाजपा की सरकार, संविधान, लोगों का अधिकार और कानून को समाप्त कर देश में हिंदू राष्ट्र का सपना देख रही है। देश में दलितों पर अत्याचार बढ़ रहे है। उनकी बहन-बेटियों के साथ आए दिन बलात्कार, हत्या की घटनाएं घट रही है। यह सब दलित विरोधी भाजपा सरकार के संरक्षण में खुलेआम चल रहा है।

महिलाओं के हकूक छीने जा रहे है। हिंदू राष्ट्र का सपना दिखाकर भाजपा किसानों, नौजवानों, छात्राओं, महिलाओं के अधिकार छीन रही है। नौजवानों की सरकारी नौकरी समाप्त की जा रही, ठेकेदारी में भी घूस देकर नौकरी मिल रही है। उत्तर प्रदेश में 26 हजार सरकारी विद्यालय बंद कर, शराब के ठेके हर गांव में खोले जा रहे है। नौजवानों को अनपढ़ और शराबी बनाया जा रहा है। पहले चुनाव में लोगों को वोट डालने से रोका जाता था, अब भाजपा सरकार लोगों के वोट वोटर लिस्ट से गायब कर सत्ता में हमेशा हमेशा के लिए बने रहने का सपना देख रही है। लेकिन वामपंथी ताकते भाजपा का यह सपना कभी साकार नहीं होने देगी। माकपा के राज्य कमेटी सदस्य और किसान नेता कामरेड डीपी सिंह ने कहा कि आज रात 12 बजे से अमेरिका का 50 प्रतिशत टैरिफ लग जाएगा। जिससे लाखों लोगों के रोजगार छीन जाएंगे, महंगाई बढ़ जाएगी, ये केंद्र सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा हैं। 700 किसानों की शहादत के बाद केंद्र सरकार ने तीनों कृषि विरोधी कानून वापस लिए थे। लेकिन केंद्र सरकार दूसरे रास्ते से एक बार फिर इन कानूनों को देश पर थोपना चाहती है। खेती को बर्बाद कर खेती की जमीन कंपनियों को सौंपा जा रहा है। देश की अर्थव्यवस्था का खत्म किया जा रहा है। सब कुछ देशी विदेशी कंपनियों के हवाले किया जा रहा है। केंद्र की नीतियों के चलते किसानों और मजदूरों को बर्बाद करने को नीतियां बनाई जा रही है, जिससे आने वाले समय में किसान और मजदूर बर्बाद हो जाएगा। देश में भाईचारे को खत्म कर, सांप्रदायिकता को बढ़ाया जा रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कामरेड हरपाल सिंह और संचालन कामरेड विजेंद्र सिन्हा ने की।

इस मौके पर पूर्व राज्य कमेटी सदस्य वरिष्ठ कामरेड रामपाल सिंह, कामरेड इसरार अहमद, राघव प्रताप एडवोकेट, खुर्शीद अहमद, तौसीफुल हसन, अमर सिंह, विजय सिंह, शराफत हुसैन, संदीप चौधरी, तुलाराम सिंह, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# बीसीए चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल

**बिजनौर।** महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली का बीसीए चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस का बीसीए चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बीसीए विभाग के विभागाध्यक्ष अंकुश गुप्ता ने बताया कि बीसीए चतुर्थ सेमेस्टर में मन्शा इदरीस पुत्री मौहम्मद इदरीस ने 75.71प्रतिशत अंकों को प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर तनीशा पुत्री राजकुमार ने 73.71प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं तथा प्राची पुत्री विपिन कुमार 72.43 प्रतिशत अंकों को प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही है। संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, बीसीए विभाग के विभागाध्यक्ष अंकुश गुप्ता व सहायक प्रवक्ता शबनम परवीन, शिल्पी रानी, करूणा धीमान व विभु चौहान ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# नवचयनित मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र किए वितरित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** रोजगार की लहर हर गाँव, हर शहर के तहत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित मुख्य सेविकाओं एवं फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में किया गया।

कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी मंत्री राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति एवं मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र गुलाब देवी जी एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर श्री अजीत कुमार राजू यादव एवं जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट तथा डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां तथा नव चयनित मुख्य सेविकाओं द्वारा देखा गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अंतर्गत शासन की निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत प्रदेश मेंमुख्य सेविकाओं एवं फार्मासिस्टों के नियुक्ति पत्र वितरण के तहत जनपद में भी 16 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण किया जा रहा है। पूर्व विधायक गुन्नौर ने कहा कि ईमानदारी के साथ कार्य करें तो हमारे देश एवं समाज को आगे बढने से कोई नहीं रोक सकता। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने कहा कि आज जो नियुक्ति पत्र आपको मिला है उसकी गरिमा तब तक है जब तक आप ईमानदारी के साथ में बिना किसी भेदभाव के एवं इंसानियत के साथ अपने दायित्वों को निभाएंगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आज आप आत्मनिर्भर बने हैं। आपको डयूटी के साथ-साथ समाज सेवा का अवसर भी प्राप्त हुआ है। उन्होंने जिलाधिकारी से नव चयनित मुख्य सेविकाओं तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कोई ऐसी पुस्तक देने पर ज़ोर दिया जिसके माध्यम से गर्भस्थ शिशु कुपोषित ना हो इस प्रकार की जानकारी उस पुस्तक में हो। उन्होंने कहा कि समाज की विकृति को कैसे दूर किया जाए इसमें मुख्य सेविकाओं की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।तत्पश्चात नव चयनित मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये।



सम्भल- नवचयनित मुख्य सेविकाओं व आंगनबाड़ियों को नियुक्ति पत्र देते प्रभारी मंत्री।

# साइं बाबा के स्थान पर गणेश जी की प्रतिमा लगते ही गणेशोत्सव शुरू

**014 साल पहले भंडूला परिवार ने कराई थी**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** शिव मंदिर में लगी साइंबाबा की मूर्ति को हटाकर उस स्थान पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर दी गई है। इसी के साथ गणेशोत्सव का शुभारम्भ हो गया।

नगर के मौहल्ला ठेर स्थित शिव मंदिर पर 17 साल पूर्व लगी सांइ बाबा की मूर्ति को हटा कर उसे विसर्जित कर दिया गया जबकि उस स्थान पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर दी गई। भगवान गणेश जी की प्रतिमा स्थापित होते ही श्रृद्धालुओ में उत्साह का माहौल है। मंदिर के महंत ने स्पष्ट किया कि मीडिया में जो संदेश प्रसारित हुआ है, वह पूरी तरह से गलत तरीके से पेश किया गया। उन्होंने कहा कि साईं बाबा की प्रतिमा का विसर्जन परंपरा के अनुसार किया गया है और अब गणेश चतुर्थी पर्व पर 10 दिनों तक गणपति बप्पा मोरिया का कार्यक्रम मंदिर में शुरू हो गया है। इस अवधि में भक्तों द्वारा पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। महंत ने बताया कि गणेशोत्सव की समाप्ति पर भगवान गणेश की प्रतिमा का गंगा में विसर्जन किया जाएगा। इसके बाद मंदिर में शिवलिंग व अन्य देवी देवता ही विराजमान रहेंगे और स्थान खाली कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देवी देवताओं के साथ साईं बाबा का स्थान नहीं है। स्थानीय श्रृद्धालुओं में इस आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल है। गणेश चतुर्थी के अवसर पर प्रतिदिन विशेष आरती और भजन संध्या का आयोजन किया गया। शिव मंदिर का मामला लोगों की आस्था से जुड़ा होने के कारण खासा सुर्खियों में हैं।

# दारोगा के मुकदमा लिखने की धमकी से डरे किसान ने लगाई फांसी

**0 चेहरे पर मैंथा का तेल लगाने पर हुआ था विवाद**

**कैलादेवी थाने के दारोगा पर आरोप, पुलिस ने लाश कब्जे में लेकर पीएम को भेजी, मृतक का परिवार तहरीर देने की कर रहा तैयारी**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** दरोगा के हडकाने व मुकदमा लिखाने की धमकी से डरे किसान ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, दरोगा के विरुद्ध तहरीर देने की तैयारी।

रहरा थाना क्षेत्र के ग्राम खैलिया पट्टी निवासी छोटे लाल 26 अगस्त को जनपद के केलादेवी थाना क्षेत्र के निबौरा गांव में अपने साले की तेरहवीं संस्कार में शामिल होने गया था। निबौरा गांव में छोटे लाल ने मजाक में रिश्ते के साले सूरज के मुंह पर मेंथा तेल लगा दिया था। जिससे सूरज के चेहरे पर जलन हो गई। इसी बात को लेकर छोटे लाल व सूरज में गाली गलौज व मारपीट हो गई थी। मौके पर मौजूद रिश्तेदारों ने बीच-बचाव करके मामला रफा-दफा कर दिया था। लेकिन आज सूरज केलादेवी थाना पहुंच गया तथा छोटे लाल के विरुद्ध शिकायती पत्र दे दिया। बुधवार की दोपहर लगभग डेढ़ बजे एस एस आई थाना केलादेवी के नाम से छोटे लाल के बेटे डी पी के नम्बर पर फोन आया जिसमें एस एस आई ने कहा कि जान बचानी है तो एक घंटे के भीतर केला देवी थाने आ जा वरना गंभीर धाराओं में मुकदमा लिखा जा रहा है।

उक्त बात डी पी ने अपने पिता को खेत पर काम कर रहे अपने पिता छोटे लाल को बताई। छोटे लाल ने डी पी से कहा कि तू घर जा मैं आ रहा हूं। एक घंटे इंतजार करने के बाद जब भी पी पुन: खेत पर पहुंचा तो छोटे लाल अपने खेत में खेत पर ही बकायन के पेड पर फांसी के फंदे पर झूल रहा था। छोटे लाल को देखकर डी पी की चुके निकल गई तथा शोर मचाने पड़ोस में काम कर रहे ग्रामीणों ने छोटे लाल को पेड़ से नीचे उतारा तथा स्थानीय चिकित्सक को उपचार के लिए दिखाया लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में पत्नी शीला देवी, पुत्र डी पी व सोनू तथा विवाहित पुत्रियां गीता व पुष्पा है। थाना प्रभारी रहरा अतरवीर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है तथा तहरीर मिलने व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



# बिजली कटौती ऊपर से लो वोल्टेज

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** कस्बा के लोगों के लिए बिजली कटौती और लो-वोल्टेज एक बड़ी समस्या बनकर खड़ी हो गई है। बिजली कटौती से तो पहले ही लोग परेशान थे। अब लो-वोल्टेज के कारण बिजली आने न आने का कोई मतलब नहीं निकल रहा है। लो-वोल्टेज के कारण लोगों को इस भीषण गर्मी में और भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने कहा कि बिजली कटौती से तो पहले ही जूझ रहे थे। अब लो-वोल्टेज ने भी जीना दुश्वार कर दिया है। विभाग की कार्य प्रणाली समझ में नहीं आ रही है। पहले तो बिजली कम मिल रही है जब मिल भी रही है तो ऐसी की जिसका कोई मतलब नहीं निकल रहा है। लो-वोल्टेज के कारण लोगों का पंखा, कूलर भी नहीं चल रहा है। लो-वोल्टेज व कटौती की समस्या से सबसे ज्यादा दिक्कत रात्रि में लोगों को सोने में हो रही है। इससे लोगों में हाहाकार मच गया है। विभाग किस तरीके से आपूर्ति कर रहा है यह समझ से परे है। कई बार बिजली का आना जाना परेशानी का सबब बन गया है। इस भीषण गर्मी में बिजली कटौती का दंश झेल पाना काफी कष्टदायी साबित हो रहा है। अमित यादव ने कहा कि बिजली आने पर जब लो-वोल्टेज आता है तो और भी परेशानी बढ़ जाती है। लो-वोल्टेज के कारण पंखा, कूलर भी ठीक ढंग से नहीं चल पा रहा है। कस्बा के बाशिंदों को विद्युत विभाग के उच्चाधिकारी विद्युत कटौती की समस्या और लो-वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाये। राजा गुप्ता ने कहा कि बिजली कटौती और ट्रिपिंग की समस्या हो रही है। 24 घंटे में पांच से छह घंटे तक बिजली गुल रहती है। शेष समय ट्रिपिंग बनी रहती है। अनुराग यादव ने कहा कि विभाग बिजली समस्या से निजात दिलाने का दावा करता है, लेकिन धरातल पर स्थिति खराब है। लो-वोल्टेज की वजह से विद्युत उपकरण नहीं चल पा रहे हैं। शशिकांत वार्ष्णेय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में छह से सात घंटे तक की कटौती होने लगी है। ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। बिजली व्यवस्था में सुधार की जरूरत है।






# हादसे में मृतक के परिजनों से मिले पूर्व प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी

शाह टाइम्स,संवाददाता

**असमोली।** चार दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में असमोली विधानसभा के चंदवार निवासी 4 लोग घायल हो गए थे जिनमें से एक व्यक्ति करण सिंह सैनी की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। मृतक के परिजनों व ग्रामीणों ने कार चालक पर कार्रवाई की मांग को रोड पर जाम लगाया था। जिसे पुलिस ने किसी तरह हटवाया था। इसे लेकर पुलिस के साथ कुछ नोंक-झोंक भी हुई थी। हादसे में मौत के बाद भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने उनके परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। उन्होने दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ सदैव खड़ा रहने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रोहित पंवार पूर्व मंडल अध्यक्ष जय पाल सिंह जिला उपाध्यक्ष जय प्रकाश प्रजापति हरिओम शर्मा मनोज पाल दीपक शर्मा सोनू चहल उदयवीर सिंह पप्पू रोबिन चौधरी संजय सिंह विनोद कुमार जसवीर सिंह सैनी आदि उपस्थित रहे।

# बाबू और संरक्षण अधिकारी पर लगे आरोपों की सीडियो को सौंपी जांच

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** उपनिदेशक महिला कल्याण विभाग राजेश चंद्र ने मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट को योजना के एवज में धनराशि लिए जाने की जांच सौंपी है।वर्तमान में यह जांच समाज कल्याण अधिकारी दिनेश कुमार कर रहे हैं।

जिला मुख्यालय बहजोई पर जिला प्रोबेशन विभाग में तैनात बाबू तथा संरक्षण अधिकारी आए दिन चर्चित रहते हैं किसी न किसी मामले में इनका नाम चलता रहता है नगर बहजोई के वार्ड नंबर 07 की रहने वाली महिला इशरत जहां के पति सलीम की मृत्यु हो चुकी है। वह दूसरों के घर जाकर काम करके अपना तथा अपने बच्चों का जीवन यापन करती है। आरोप है कि 1 जुलाई को पीड़िता ने महिला कल्याण विभाग के निदेशक को एक शिकायती पत्र दिया। जिसमें पीड़िता ने बताया की दिसंबर माह में स्पॉन्सरशिप योजना में अपने दोनों नाबालिग बच्चों का फार्म जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय में जमा किया था। कार्यालय के बाबू तथा संरक्षण अधिकारी एकांशु नाम के व्यद्रि ने योजना के लाभ दिलाने के 3500 रुपए ऑफिस के पीछे रसोई में लिए और मुझसे कहा आपका काम हो जाएगा कुछ दिनों बाद जब पीड़िता कार्यालय पहुंची तो उक्त बाबू और संरक्षण अधिकारी ने कहा 7000 रुपए और दो तब आपके दोनों आवेदन होंगे क्योंकि पैसा ऊपर अधिकारियों तक जाता है यहां से भाग जाओ यहां मत आना। पीडिता 7 माह से लगातार चक्कर काट रही है लेकिन उसे गाली गलौज कर वहां से भगा दिया। उसी दिन पीड़िता की कार्यालय के पास अन्य दो महिलाओं से मुलाकात हुई उन्होंने बताया उन्होने भी पैसे देकर अपना काम कर लिया। तुम भी करा लो पीड़िता के पास पैसे की व्यवस्था नहीं थी। पीड़िता ने उच्च अधिकारियों से शिकायत की तो उपनिदेशक मुरादाबाद ने मुख्य विकास अधिकारी सम्भल को जांच करने के आदेश दिए हैं। जिसकी जांच समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार को सौंपी गई है। तथा शिकायती पत्र में आरोपित तथ्यों कीं तत्काल जांच कर आख्या एक सप्ताह में कार्यालय में प्रस्तुत करने को कहा गया है।

## एक नज़र इधर भी

### प्रतिमा हटाने पर भंडूला परिवार में मायूसी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** शिव मंदिर में सांइबाबा की मूर्ति हटाने पर स्थापना कराने वाले परिवार में मायूसी का माहौल है। उन्होने अचानक मूर्ति हटाने पर अचरज जताते हुए उन्हे बिना विश्वास में लिए मूर्ति हटाने के निर्णय पर अफसोस जाहिर किया है। नगर के मौहल्ला ठेर स्थित शिव मंदिर पर मौहल्ला कोट पूर्वी निवासी अशोक राज भंडूला ने सांइ बाबा की स्थापना करायी थी। 14 साल पूर्व स्थापित मूर्ति का हटाने पर अशोक राज भंडूला के पुत्र राजेश भंडूला ने मायूसी जताते हुए कहा कि 14 साल पूर्व उनके पिता अशोक राज भंडूला ने उनकी माता की स्मृति में शिव मंदिर पर सांइ बाबा की प्रतिमा की स्थापना विधि-विधान से कराया गया था। उस समय किसी ने कोई आपत्ति नहीं जतायी थी। अब मंदिर कमेटी की ओर से क्यों और किसलिये सांइ बाबा की मूर्ति हटायी उन्हे आश्चर्य है,क्योंकि 14 साल से मंदिर में लगी मूर्ति पर कभी किसी ने कोई एतराज़ नहीं किया।

### बाल्यावस्था 6 वर्ष राष्ट्रीय विकास की आरशिला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राष्ट्रीय विकास की आधारशिला कार्यक्रम में बच्चों के समग्र विकास पर ज़ोर दिया गया। आंगनवाड़ी केन्द्रों को सिर्फ पोषण केन्द्र न मानकर अब सीखने और खेलने पर आधारित नर्सरी-क्लास रूम के रूप में विकसित किया जा रहा है, क्योंकि माना जा रहा है कि 85 प्रतिशत ब्रेन डेवलपमेंट 6 वर्ष की आयु से पहले हो जाता है।' बाल्यावस्था को राष्ट्रीय विकास की आधारशिला माना जाता है। इसके लिए सबसे महत्वपूर्ण और खूबसूरत तथ्य यह है कि पोषण भी और पढ़ाई भी के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को ई सी ई में प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि वे खेल-आधारित और गतिविधि-आधारित शिक्षण करवा सकें। धारशिला करींकुलम तीन से 6 वर्ष की आयु है। जिसके लिए बच्चों के समग्र विकास (शारीरिक, भावनात्मक, सामाजिक, संज्ञानात्मक) पर जोर। दिया गया जिससे कि माता-पिता व देखभाल करने वालों को सरल, उम्र-उपयुक्त गतिविधियाँ सिखाई जाती हैं।



असमोली- दरियापुर पुलिस चौकी का लोकार्पण कर जानकारी लेते एसपी डीएम।

### पुलिस चौकी का उद्घाटन कर जनता से संवाद

**असमोली( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** थाना ऐंचौड़ा कम्बोह की नवनिर्मित पुलिस चौकी दरियापुर मोड़ ग्राम बाबूखेड़ा का लोकार्पण/उद्घाटन डीएम व एसपी ने जन समुदाय से संवाद किया।

नवनिर्मित पुलिस चौकी का उदघाटन करते हुए जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक के के विशनोई ने कहा कि नव उद्घाटित पुलिस चौकी से अपराध पर अंकुश लगेगा और पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने एवं जन सुरक्षा के लिए लाभकारी रहेगी। उन्होने पुलिस चौकी स्टाफ का जनता से कानून व्यवस्था में सहयोग करने का आहवान किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी असमोली कुलदीप कुमार व असमोली ब्लाक प्रमुख संतोष देवी आदि मौजूद रहे।



सम्भल- एमएसपी को लेकर संयुक्त किसान संगठन की बैठक करते किसान।

### एमएसपी को आन्दोलन की चिंगारी सुलगी

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** एमएसपी गारंटी कानून की मांग को आन्दोलन की चिंगारी किसान संगठनों में फिर से सुलगने लगी है। किसान संगठनों की चंडीगढ़ में हुई बैठक में एमएसपी को लकर इसकी लड़ाई जारी रखने का निर्णय ले लिया गया है। बैठक में भाग लेने पहुंचे भाकियू असली के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. हरपाल सिंह ने बताया कि चंडीगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा अराजनीतिक की बैठक का आयोजन किया गया था। इसमें उन्होने भी प्रतिभाग किया था। बैठक में मंडल अधयक्ष डूंगर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश प्रधान भी शामिल रहे थे। उन्होने बताया कि बैठक में एम, एस, पी की लड़ाई जारी रहने का निर्णय लिया गया है। जिसके लिए आंदोलन की रणनीति जल्द तैयार की जाएगी। इसके अलावा अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

# महिला को बहला-फुसलाकर ले जाने में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव निवासी अपने मायके में भाई के घर रह रही महिला को बहला फुसलाकर ले जाने में भाई की तहरीर पर पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। महिला अपने साथ भाई के घर से 97 हजार रुपए की नगदी भी ले गई। थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती की शादी लगभग आठ माह पहले थाना क्षेत्र के ही एक गांव में हुई थी। महिला अपने भाई के घर ही रह रही थी। ग्रामीणों के अनुसार उसका प्रेम प्रसंग थाना क्षेत्र के लधनपुर गांव निवासी युवक से चल रहा था। महिला 25 अगस्त को अपने भाई के घर से 97 हजार रुपए की नगरी लेकर अपने प्रेमी के साथ चली गई। भाई की तहरीर पर दर्ज हुई रिपोर्ट में कहा गया है कि बीते 25 अगस्त को उसकी बहन कूड़ा डालने गई थी। जहां से लौट कर नहीं आई। बाद में पता चला कि उसकी बहन को थाना क्षेत्र के ही लधनपुर गांव निवासी युवक बहला फुसलाकर अपनी बाइक पर ले गया। जहां दूसरी बाइक पर उसके साथी लधानपुर गांव निवासी मुकेश पुत्र कल्यान तथा नारंगपुर गांव निवासी किशन पुत्र पीतम भी थे। महिला अपने साथ भाई के घर में रखे 97 हजार रुपए भी ले गई। जहां पुलिस ने लधनपुर गांव निवासी आरोपी राकेश पुत्र महीपाल के अलावा उसके दो अन्य उपरोक्त साथियों सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# घर में घुसकर गहने और नकदी पर चोरों ने किया हाथ साफ

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** घर में घुसकर बीती रात चोरों ने माल साफ कर दिया। पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी गुन्नौर से कार्यवाही की गुहार लगाई है। पीड़िता बंटी पत्नी सतीश निवासी ईसमपुर डांडा थाना गुन्नौर ने बीती रात घटना रात के करीब लगभग 12 बजे वह अपने घर में सो रही थी।उसके घर चोर घुस आये और चोरी कर ले गए।जिसमे एक सोने की लर बजन 1 तोला था। एक सोने की अंगूठी वजनी 5 ग्राम और चांदी की 2 जोड़ी पैर की पायल बजन 300 ग्राम था व 11500 रुपये भी ले गए। जिसमे एक मोबाइल भी था। जब उठकर देखा तो आभूषण नहीं थे। पीड़ित ने पुलिस उपाधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई और चोरों को पकड़कर उसका माल बरामद करने की गुहार लगायी है।

# कचरा प्रथककरण अभियान चलाकर किया जागरूक

**0मौहल्ला चौपाल में गीला और सूखा कचरा अलग डालने को किया पेरित**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** सामाजिक कार्यकर्ता संस्थान एनजीओ के तत्वावधान में नगर पालिका परिषद के सहयोग से कचरा पृथक्करण को लेकर मोहल्ला चौपाल का आयोजन गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करने की आदत डालने के लिए प्रेरित किया गया।

मौहल्ला हल्लू सराय में आयोजित चौपाल में एनजीओ अध्यक्ष नोमान जमाल ने बताया कि चौपाल सुबह 6 बजे से 8 बजे तक चली। इस दौरान नगर पालिका परिषद सम्भल के अधिशासी अधिकारी मनी भूषण तिवारी ने लोगों से संवाद किया और कचरा प्रबंधन के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यदि कचरा अलग-अलग किया जाए तो उसका निस्तारण सम्भव है। गीले कचरे से खाद बन सकती है और सूखा कचरा रिसाइक्लिंग में उपयोगी हो सकता है। लेकिन जब दोनों मिल जाते हैं तो यह समाज और पर्यावरण के लिए घातक बनता है। यही मिश्रित कचरे के ढेर समय के साथ बड़े-बड़े कचरे के पहाड़ों में बदल जाते हैं। संस्था के कार्यकर्ताओं ने मौके पर ही प्रयोगात्मक डेमोंस्ट्रेशन देकर लोगों को कचरे का ढेर लगाकर गीला और सूखा कचरा कैसे अलग किया जाए, दिखाकर समझाया। मोहल्लाचौपाल में वार्ड सभासद पप्पू व करन समेत बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, महिलाओं और युवाओं ने भाग लिया और इस पहल की सराहना करते हुए वादा किया कि अब से वे अपने घर का कचरा अलग-अलग करके ही नगर पालिका को देंगे।



सम्भल- हल्लू सराय में गीला और सूख कचरा प्रथककरण को जागरूत करते ईओ।

# बबराला में धूमधाम से स्थापित हुए गणपति



बबराला- गणेश चतुर्थी पर भगावान गणेश की प्रतिमा स्थापित करते।

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** नगर के विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की गई। गणेश चतुर्थी के अवसर पर विधि विधान से पूजन किया गया। जिसमें 11 मूर्तियो का पूजन किया गया और प्रभात फेरी भी निकाली गई। प्रबंधक कार्तिक गोयल ने विधि -विधान से पूजन किया और गणेश जी को मोदक का भोग लगाया। मूर्तियां स्कूल के बच्चों ने मिट्टी व कलर से तैयार की। इस दौरान रोटेरियन अतुल गोयल,डा. कैलाश वार्ष्णेय, डा. राहुल यादव, अनिल, अंकित गुप्ता, मंजू गोयल, गार्गी गोयल, पूजा गोयल, गर्वित गोयल, सात्विक गोयल, सजल अग्रवाल, प्रधानाचार्य सुशील शर्मा, शब्नाज, सोनल, विनीता, रितुपर्णा, मीनाक्षी, वर्तिका, नव्या, रुचि मौजूद रहे।गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर नगर बबराला में सर्राफा बाजार स्थित मंदिरों व अन्य कई स्थानों के साथ बाल गोपाल ग्रुप द्वारा गणेश प्रतिमा का पूजन कर स्थापना की गई।नगर के राकेश गुप्ता व दिनेश कौशल द्वारा आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रृद्धालु शामिल हुए। पंडाल 'गणपति बप्पा मोरया' के जयघोष से गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर राकेश गुप्ता, बृजेश पंडित, उमेश कौशल , भुवनेश शर्मा, सुधीर गुप्ता श्याम , राकेश गुप्ता , अमन गुप्ता, शोभित भारद्वाज ,शिवा कौशल आदि मौजूद रहे।

# सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटवाया



सम्भल- सरकारी भूमि कब्जा मुक्त कराने के बाद ग्रामीणों से वार्ता करते बीडीओ।

शाह टाइम्स,संवाददाता

**असमोली।** सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्ज़ों को मुक्त कराने का अभियान जारी है। खंड विकास अधिकारी ने बीस वर्ष पूर्व सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्ज़ेदार से मुक्त कराया।

खंड विकास पंवासा के ग्राम एचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के ग्राम नंदपुर बीटा स्थित प्राथमिक विद्यालय के सामने पड़ी ग्राम समाज की भूमि पर बीस वर्ष पूर्व अतिक्रमण कर लिया गया था। बरसों से अतिक्रमण की गई भूमि को कब्ज़ा मुक्त कराने के प्रशासन के चल रहे अभियान के तहत खंड विकास अधिकारी डा. आदेश कुमार के प्रयासों से भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। कब्ज़ा मुक्त करायी गयी भूमि पर अब नाली का निर्माझा कार्य शुरू करा दिया गया है। ग्रामीणों ने अवैध रूप से कब्ज़ायी गई भूमि को कब्ज़ा मुक्त कराने पर हर्ष जताया। ग्रामीणों का कहना है कि बीडीओ डा. आदेश कुमार के अथक प्रयासों से ही बीस बरस पूर्व इस मामले का हल हो सका है। यह उपलब्धि न केवल ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत वाला है, बल्कि प्रशासन की संवेदनशीलता और सक्रियता का भी प्रतीक है। इस दौरान ग्राम प्रधान सोमपाल सिंह, सुशील शर्मा, मा. बलराज सिंह, हरप्रसाद, अशोक त्यागी, नोबतराम सिंह, राजीव त्यागी आदि ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# अभी तक नहीं सुलझी हत्या की गुत्थी

## ऐसे कई प्रश्न जिनका जबाव पुलिस को खोजना जरूरी, हत्यारा हो सकता है बेहद नजदीकी एवं जानकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कैथल गांव अक्सर सुर्खियों में रहता है। पुलिस रिकॉर्ड में संवे. दनशील भी है, पिछले 15 वर्षों का रिकॉर्ड देखें तो पार्टीबंदी के चलते हत्याएं भी हुई हैं। गांव में महिला संबंधी अपराधों में केस दर्ज हुए हैं। गांव से लड़कियां गायब होती रहती हैं परंतु सोमवार की रात्रि हुई 16 वर्षीय सुमित की हत्या ने सबको दहशत में डाल दिया है। एक गरीब परिवार की दो बहनें अपने छोटे भाई को मेहनत मजदूरी कर पढ़ा रही थीं परंतु हत्यारों ने जिस तरह नृशंस हत्या गला काटकर किया है। हत्या के पीछे आखिर कौन है, जिसने एक किशोर की हत्या कर दी। यदि बहन नीतू व पूजा की बात करें तो संभवत: दोनों अपने भाई को पढ़ाकर अच्छा इंसान बनाना चाहते थे लेकिनभगवान को कुछ अलग ही मंजूर था। सुमित का एक भाई मुंबई में मेहनत मजदूरी करता व खर्च के लिए घर में रुपये भेजता हत्या की सूचना पर वह 27 अगस्त को चन्दौसी पहुंच गया, उसे भी अपने भाई की मौत का मलाल था। उसका भी यही कहना था कि उसके भाई की जिस तरह हत्यारों ने गला काटकर हत्या की है क्योंकि बहन नीतू व पूजा का मानना है हमारी किसी से रंजिश नहीं है। सोमवार को रात्रि 08:30 बजे सुमित खाना खाने के बाद घर से आया था। सामने मंदिर कीर्तन चल रहा था, हमने सोचा कि मंदिर पर गया हो। वहीं गांव के कुछ लोगों के अनुसार सुमित कैथल में मेडिकल वाले चौराहे पर चाऊमीन खाई है, अब प्रश्न उठता है कि क्या चाऊमीन खाते समय वह अकेला था या फिर कोई साथ था। इन घटनाओं को चौराहे के पास सुरेश मास्टर के यहां लगे कैमरों में देखा जा सकता है। फिलहाल जिस तरह उसकी लो. केशन बताई जा रही है, हो सकता है कि कोई व्यक्ति ऐसा हो जो उसे बुलाने आ गया हो। वहीं हत्या वाले स्थान से जिस तरह सुमित के हाथों में घाव हैं, उससे लगता है कि सुमित ने हत्यारों से बचने का संघर्ष किया पर अकेला और हत्यारों की संख्या एक से अधिक हो सकने के कारण वह मुकाबला नहीं कर सका और हत्यारों की ने गला काटकर उसकी हत्या कर दी।

# एक दिन पूर्व नाले में मिले शव की नहीं हुई शिनाख्त

**चन्दौसी।** एक दिन पूर्व कोतवाली पुलिस ने रामबाग धाम के पीछे वाले नाले से किसी अज्ञात व्यक्ति का शव नाले में पड़ा देखा, पहले तो लोगों ने सोचा कि संभवत: कोई जानवर पड़ा हुआ है लेकिन मीडियाकर्मियों ने उसे फोटो कर लिये। पुलिस अधीक्षक संभल के.के. बिश्नोई को फोटो दिखाये क्योंकि उसी दिन कैथल में मर्डर हुआ था। एसपी व एएसपी मौके पर रामबाग धाम के पीछे पहुंचे और शव को बाहर निकलवाया। उसकी शिनाख्त सिर न होने के कारण नहीं हो पाई। यह कयास लगाया जा रहा कि शव लगभग 10-12 दिन पुराना है, पानी में पड़े रहने के कारण शरीर फूल गया था।

# टिमिट में 'रील टू रियल: लेसन्स बियॉन्ड द स्क्रीन' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के अंतर्गत "रील टू रियल: लेसन्स बियॉन्ड द स्क्रीन" विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यम, सोशल मीडिया और रील संस्कृति से परे वास्तविक जीवन की परिस्थितियों और अनुभवों से सीख प्रदान करना रहा।

इसमें यह बताया गया कि केवल स्क्रीन पर दिखने वाली दुनिया ही नहीं, बल्कि वास्तविक जीवन की चुनौतियाँ और अनुभव भी जीवन में आगे बढ़ने के लिए उतने ही महत्वपूर्ण हैं।कार्यक्रम का आयोजन सेमिनार हॉल, टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में हुआ, जिसमें बी.कॉम के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने इसे एक प्रेरणादायक पहल बताया, जिसने उन्हें सकारात्मक सोच, आत्मविकास और सामा. जिक जिम्मेदारियों की ओर प्रेरित किया।इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समय में युवाओं को वास्तविक जीवन और डिजिटल जीवन के बीच संतुलन बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि वे सोशल मीडिया का उपयोग सकारात्मक दृष्टिकोण से करें और वास्तविक जीवन की चुनौतियों से सीख लेकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएँ।

# महाराणा प्रताप के बाद यदि कोई हिंदू राजा हुआ, तो उनका नाम है मोदी: विनीत अग्रवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** पहली सितंबर से 1 दिसंबर तक चलने वाले स्वदेशी अपनाओ जन जागरण अभियान को लेकर व्यापारियों को संबोधित करने आए भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के शारदा प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल ने कहां की हिंदुओं के आखिरी राजा महाराणा प्रताप थे और यदि उनके बाद हिंदुओं का कोई राजा बनकर आया तो उनका नाम नरेंद्र मोदी है जिन्होंने देश के विकास के साथ-साथ स्वदेशी अपनाओ का नारा दिया और व्यापार प्रकोष्ठ को इस संबंध में लोगों को जागरूक करने का जिम्मा सौंपा उन्होंने कहा कि गांधी जी ने जो 100 साल पहले स्वदेशी अपनाओ का नारा दिया था आज उसे साकार करने का वक्त आ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमे. रिका द्वारा टैरिफ मामले को लेकर किए गए व्यवहार पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया है उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले तक एक रिवाल्वर की गोली भी विदेश से आती थी लेकिन आज ब्रह्मास्त्र भी हिंदुस्तान में बनाए जा रहे हैं उन्होंने कहा कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है।

देश में प्रदेश में अपराध कम हुआ है बल्कि आज माफिया गुंडे घटना करने से पहले 100 बार सोचते हैं घटना कर चुके अपराधियों को अदालत के साथ-साथ प्रशासनिक न्याय व्यवस्था भी दंड देने का काम करती है। आज महिला, व्यापारी, पत्रकार, किसान हर वर्ग सुरक्षित महसूस कर रहा है चारों ओर सड़कों का जाल फैला हुआ है किसानों के लिए फ्री बिजली सिंचाई हेतु दी जा रही है प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त को




जीएसटी के चार स्लेव से दो स्लेव करने का ऐलान किया है जिससे हर आदमी को लाभ पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो कहा वह करके दिखा दिया है अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर श्रीराम का मंदिर भारत की पहचान बन गया है।अयोध्या आज एक व्यापार का हब बन गया है बद्रीनाथ केदारनाथ सोमनाथ आदि मंदिरों पर आने-जाने की सरकार द्वारा व्यवस्था की गई है और आगे भी बहुत कुछ विकास होने वाला है उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में व्यापारियों को जागरूक करने का काम किया और कहा कि भारत दुनिया की शक्तियों में से जल्द ही एक देश बनने जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहले सितंबर से आयोजित होने वाले स्वदेशी अपनाओ जन जागरण अभियान की जिम्मेदारी व्यापार प्रकोष्ठ को दी गई है। और व्यापार प्रकोष्ठ शहर शहर जाकर व्यापारियों को जागरुक करते हुए बनाई गई योजना के अनुसार कार्य करने के बारे में बता रहा है। उन्होंने आज की बैठक का आयोजन होना भी इसी संदर्भ में बताया इस मौके पर क्षेत्रीय संयोजक विनोद अग्रवाल जिला संयोजक निरुपम बिश्नोई भाजपा के वरिष्ठ नेता मुक. ेश महेश्वरी मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान सत्यवान राजपूत सहित काफी व्यापारी और अन्य प्रकोष्ठों से जुड़े हुए भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### मजहबे इस्लाम सारे आलम में अमन-चैन का पैगाम देता है: मुफ्ती मुजफ्फर हुसैन मिस्बाही



**कुन्दरकी।** नगर के मोहल्ला नूरउल्लाह कांजी हाऊस में सालाना बाराह रोजा जश्ने ईद मिलादुन्नबी कान्फ्रेंस में दुसरी शब में मुफ्ती मुजफ्फर हुसैन मिस्बाही ने मजहबे इस्लाम के बारे में बताया कांन्फ्रेंस का आगाज कुरआन शरीफ की तिलावत से किया गया और नबी ए करीम की शान में कलाम पेश किया इसके बाद मुफ्ती मुजफ्फर हुसैन मिस्बाही ने बताया मजहबे इस्लाम सारी दुनिया में अमन-चौन कायम करने और एक दूसरे की मदद करने पर जोर देता है इस्लाम से पहले बेटियों को जिंदा दफन कर दिया जाता था और बेवाओं को उसी के शोहर के साथ दफन या जला दिया जाता था लेकिन जब इस्लाम का नूर चमका और हमारे प्यारे नबी ए करीम इस दुनिया में जलवा गर हुए सारे आलम में बहार आ गई आखिर में सलाम के बाद मुल्क व मिल्लत की खुशहाली के लिए सय्यद नासिर मियां मोअज्जमी ने दुआ कराई इस मौके पर मौलाना शब्बीर अहमद मौलाना दानिश रजा मुफ्ती मोहम्मद बिलाल रजा कारी मुनाजिर रजा कघरी महफूजुर्रमान मौलाना गय्यूर अहमद आफाकी आदि मौजूद रहे।

### उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक का शिक्षक भवन दांग स्कूल परिसर में आयोजन



**कांठ।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला कार्य समिति एवं संघर्ष समिति की संयुक्त बैठक का आयोजन शिक्षक भवन दांग स्कूल परिसर में किया गया। जिसमें संघ के मांडलिक मंत्रिमंडल मुरादाबाद में जिला अध्यक्ष सर्वेश कुमार शर्मा द्वारा स्वास्थ्य एवं अन्य कारणों से जिला अध्यक्ष पद से त्यागपत्र देने के कारण वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ नीरज कुमार शर्मा को संघ का जिला अध्यक्ष घोषित किया गया। नीरज कुमार शर्मा ने कहा कि सभी के द्वारा दिए गए दायित्व को वह ईमानदारी ब निष्ठा के साथ निभाने का काम करेंगे तथा शिक्षको के लिए हर समय तैयार मिलेंगे उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी शिक्षक का किसी भी स्तर पर शोषण नहीं होने दिया जाएगा। बैठक में संजय कुमार सिंह प्रदीप कुमार शर्मा डॉक्टर कपिल सिरोही उपेंद्र कुमार सिंह वीर सिंह त्रिवेंद्र कुमार अनिल गिल आलोक मलिक प्रदीप कुमार इकमान अली नीरज कुमार सुमित कुमार सुख स्वरूप गुप्ता आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। अध्यक्षता मांडलिक मंत्री सर्वेश कुमार शर्मा व संचालन मंत्री धर्मेंद्र प्रताप द्वारा किया गया।

# जब से लिया है इश्क के मकतब में दाखिला...



**मुरादाबाद /लखनऊ।** यू पी प्रेस क्लब व उ प्र साहित्य सभा द्वारा आज 160 वां सृजन सम्मान दिया गया। महेश गुप्त महेश के संयोजन में प्रेस क्लब के अध्यक्ष रविन्द्र सिंह, उ प्र पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी, स्माइलमैन सर्वेश अस्थाना व डॉ सुभाष गुरुदेव ने सृजन हिंदी सम्मान से श्री रविन्द्र प्रतापगढ़ी को व सृजन उर्दू सम्मान से जनाब अज्म गोंडवी को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात निशा नवल की वाणी वंदना के साथ शुरू हुये काव्य समारोह मेंअज्म गोंडवी ने खूबसूरत गजल पेश की-मसला नही है ये कि हुआ या नही हुआ पर जैसा तुमने कहा था वैसा नही हुआ। जबसे लिया है इश्क के मकतब में दाखिला वो है कशिश कि एक भी नागा नही हुआ। इसके साथ सत्यदेव सिंह, डॉ रुद्रमणि, बलवंत सिंह, रश्मि शरद, दुर्गेश अवस्थी दिल्ली, सुभाष रसिया, पूजा श्रीवास्तव, शीला वर्मा मीरा, सच्चिदानंद तिवारी शलभ, महेश अस्थाना, गोपाल ठहाका, कैलाश पुंज, चंद्रदेव दीक्षित, खुशीराम बाजपेयी, मुकेश मिश्र, श्रीश दीक्षित, डॉ अवधी हरि, अखिल श्रीवास्तव, शकुंतला श्रीवास्तव, योगी योगेश शुक्ल, मनमोहन बारकोटी, भ्रमर बैसवारी, दिव्या शुक्ला, संतोष सिंह , अरविंद झा, पुष्पेंद्र प्रेमी, पं रवीश पांडेय, कुलदीप शुक्ल, अर्श लखनवी, अरविंद धवल,नेहा शिवम सक्सेना, डॉ सुरभि सिंह, सुनील मेहरोत्रा, राकेश बाजपेयी, उमा लखनवी व नरेंद्र सिंह आदि ने काव्य पाठ किया।

# एंटी रैबीज सीरम को लेकर मंडलीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में मंडल स्तरीय एंटी रेबीज सीरम से संबंधित कार्यशाला का आयोजन अपर निद. ेशक मुरादाबाद मंडल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में महानिदेशालय से आए नोडल अधिकारी/संयुक्त निद. ेशक एंटी रेबीज कार्यक्रम डॉ. पंकज सक्सेना द्वारा मंडल के सभी जनपदों के जिला अस्पताल, साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी एवं फार्मासिस्टों को एंटी रेबीज सीरम के उपयोग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि जन जागरूकता पर जोर दिया जाए।

रैबीज से बचाव हेतु कुत्ते के काटने के तुरंत बाद घाव की धुलाई, एंटी रेबीज वैक्सीन और कैटिगरी 3 बाइट में एंटी रेबीज सीरम लगाने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। सभी जनपदों के जनपद स्तरीय चिकित्सालय में एंटी रेबीज सीरम पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। स्वास्थ्यकर्मियों को एंटी रेबीज



सीरम के वैज्ञानिक एवं सुरक्षित प्रयोग पर प्रशिक्षण देने का भी निर्णय लिया गया। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर आपूर्ति श्रृंखला व आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई हेतु जिला स्तर पर निगरानी समितियां बनाने का सुझाव दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि यदि समय पर वैक्सीन लगवा दी जाए तो रेबीज पूरी तरह से रोकी जा सकने वाली बीमारी है। बैठक का उद्देश्य मंडल स्तर पर रेबीज रोकथाम की तैयारियों की समीक्षा करना और भविष्य में आने वाली चुनौतियों का समाधान ढूँढना रहा। डॉ. रितु कतयाल अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मुरादाबाद ने सभी एंटी रेबीज क्लीनिक पर एंटी रेबीज वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कहा कि किसी भी मरीज को बिना वैक्सीन लगाए वापस न किया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने जनपद में कार्यक्रम की गुणवत्ता और बेहतर संचालन हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। मंडलीय सर्विलांस अधिकारी डॉ. नवीन रस्तोगी द्वारा सभी जनपदों की माह जुलाई की रिपोर्ट की समीक्षा की गई।

## गणेश चतुर्थी पर 15वां विशाल भंडारा आयोजित

**चन्दौसी।** बुधवार को गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट चंदौसी द्वारा ब्रह्मलीन अनंत श्री विभूषित श्री भूमानंद तीर्थ महाराज की स्मृति में सीता रोड स्थित श्रीरघुनाथ ब्रह्मचर्य आश्रम में अपराहन 12:00 बजे से 15वां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारा 12:00 बजे से प्रारंभ होकर देर शाम 07:00 बजे तक चला। सर्वप्रथम कन्याओं का पूजन कर उन्हें प्रसाद ग्रहण कराया गया। भंडारे में माताओं एवं बहनों के बैठने की उचित व्यवस्था की गई थी।

भंडारे में लगभग 4200 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सभी श्रद्धालुओं को पंगत में बैठकर प्रसाद खिलाया गया। श्रद्धालुओं के स्वागत हेतु राघवेंद्र मोहन मिश्रा, के.जी. शर्मा, डॉ. पारितोष मिश्रा, अशोक पाठक, राजीव शर्मा, डॉ. सतीशचंद्र शर्मा, डॉ. रमाकांत नागर, सुंदर शर्मा, रमेश ग्रेवाल, सुनील शर्मा, डॉ. वाई.पी. जोशी, सर्वेश गुप्ता, सुनील गुप्ता, रवि शंकर शर्मा, सच्चिदानंद शर्मा, एस.सी. शर्मा, विशाल शर्मा, मुकुल शर्मा, सुरेशचंद्र शर्मा, संजीव शर्मा, राज. कुमार सक्सेना, कल्पना वार्ष्णेय, उमा श्रीवास्तव, सीमा शर्मा, शालिनी अरोड़ा, राधा अग्रवाल, सीमा चटर्जी, रुचिका गुप्ता, राकेश मिश्रा, राजेश शंखधार, गुलशन अरोड़ा, मनोज शर्मा, सूरज पाराशरी, सुमित पाराशरी, वृंदावन शर्मा आदि का सहयोग रहा।

## मायके वालों ने लगाया विवाहिता को मारने का आरोप

**चन्दौसी।** 04 माह पूर्व हुई शादी में विवाहिता की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ससुराल वालों ने मृत्यु हो जाने पर मायके वालों को खबर दी लेकिन ससुराल वालों पर विवाहिता के पिता ने आरोप लगाया कि शव को आनन-फानन में गंगा किनारे ले जाकर दाह संस्कार कर दिया। घटना के अनुसार, कैथल गांव की रहने वाली शिवानी पुत्री लखपति की शादी तहसील मीरगंज जिला बरेली के भोलापुर गांव में सुनील पुत्र जयराम के साथ हुई थी लेकिन ससुराल वालों में ससुर जयराम, सास देवर कैलाश दहेज के लिए प्रताडिघ्त करते थे, कई बार शिवानी के पिता एवं मां ने बेटी की ससुराल को ससुराल में जाकर समझाया परंतु विवाहिता को लगातार प्रताडिघ्त किया गया। वहीं एक वर्ष पूर्व वह अपने देवर कैलाश के साथ रह रही थी एवं परिवार वाले प्रताडिघ्त करने लगे। वह सात माह की गर्भवती भी थी, एक दो बार पिता एवं शिवानी की मां उसे देखने भोलापुर गांव भी गये। विवाहिता का आरोप था कि ससुराल वाले अब भी नहीं मान रहे हैं, आखिर 25 अगस्त को शिवानी ने दम तोड़ दिया। ससुराल वालों ने मायके वालों को फोन कर शिवानी की मौत की सूचना दी। मौके पर परिजन गांव पहुंचे लेकिन ससुराल वालों ने गंगातट पर दाह संस्कार कर दिया।

# दशलक्षण महापर्व पर टीएमयू कैंपस में बहेगी आस्था की बयार

## दशलक्षण महापर्व का 14 सितम्बर को भव्य रथयात्रा महोत्सव के संग होगा समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में जिनालय से लेकर रिद्धि-सिद्धि भवन तक पर्वाधिराज दशलक्षण महामहोत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। 28 अगस्त से दस दिन तक टीएमयू कैंपस में आस्था की बयार बहेगी। इन दस दिनी दशलक्षण महापर्व में 03 दिन अति महत्वपूर्ण हैं। भगवान पुष्पदंत मोक्ष कल्याणक महोत्सव विधि-विधान से 31 अगस्त को होगा। परम पूज्य विदुषी लेखिका आर्यिका रत्न श्री 105 स्वास्ति भूषण माता जी की ओर से रचित श्री सम्मेद शिखर जी विधान 31 अगस्त को होगा। 02 सितंबर को सुगंध दशमी- धूप खेवन होगा। 06 सितंबर को अनन्त चौदस पर भगवान वासुपूज्य मोक्ष कल्याणक महोत्सव और लाडू समर्पण कार्यक्रम होगा। ये सभी कार्यक्रम शिखर जी से आए प्रतिष्ठाचार्य ऋषभ जैन शास्त्री जी के सानिध्य में होंगे। भोपाल की सचिन एंड पार्टी अपनी भक्तिमय सुर और साज में आस्था के सागर में डुबकी लगवाएगी। दशलक्षण महामहोत्सव के अगले दिन 07 सितंबर को कुलाधिपति आवास-संवृद्धि में श्रावक एवम् श्राविकाओं का पारणा होगा। टीएमयू कैंपस में बड़ी धूमधाम से भव्य रथयात्रा महोत्सव 14 सितंबर को निकलेगी। रथयात्रा में मुरादाबाद मंडल के अलावा आसपास जिलों से जैन समाज के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। उल्लेखनीय है, रिद्धि-सिद्धि भवन में प्रतिदिन शाम को 6:30 बजे से साढ़े 7:30 बजे तक आरती हुआ करेगी, जबकि टीएमयू के ऑडिटोरियम के मंच पर 7:30 बजे से 8:15 बजे तक प्रवचन हुआ करेंगे। 8:30 बजे से कॉलेजवार कल्चरल प्रोग्राम्स की प्रस्तुति होगी। उत्तम क्षमा दिवस पर पहले दिन सीसीएसआईटी के स्टुडेंट्स की ओर से मोक्ष के प्रेमी, उत्तम मार्दव पर टिमिट कॉलेज के स्टुडेंट्स की ओर से भील बना तीर्थंकर, उत्तम आर्जव पर नियम का फल- सीसीएसआईटी, उत्तम शौच पर नेमि-राजुल: एक अमृत गाथा- लॉ कॉलेज, उत्तम सत्य पर पार्श्वनाथ जीवनी- फिजियोथैरेपी कॉलेज, उत्तम संयम पर डॉ. अनामिका अंबर जैन एंड टीम की ओर से कवि सम्मेलन, उत्तम तप पर पदम पुराण- एक गाथा- फाइन आर्ट्स, पैरामेडिकल, एग्रीकल्चर और फार्मेसी कॉलेज, आठवें दिन उत्तम त्याग पर भगवान आदिनाथ का गर्भ एवम् जन्मकल्याणक- टीएमयू फैकल्टीज, नौवें दिन उत्तम आकिंचन्य पर जियो और जीने दो- टिमिट कॉलेज के छात्र-छात्राएं प्रस्तुति देंगे। दशलक्षण के अंतिम दिन उत्तम ब्रह्मचर्य पर शाम को महाआरती होगी। 28 अगस्त की सुबह ही कुलाधिपति परिवार की ओर से जिनालय पर ध्वजारोहण होगा। श्रीजी की प्रतिमा को वेदी से पालकी तक लाया जाएगा। श्रीजी को पालकी में बैठाकर दिव्यघोष के बीच रिद्धि-सिद्धि भवन में पांडुशिला पर विराजमान किया जाएगा। श्रीजी का चार स्वर्ण कलशों से अभिषेक होगा। शांतिधारा की जाएगी। इस मौके पर कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी श्रीमती बीना जैन, ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन, श्रीमती ऋचा जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन, श्रीमती जहान्वी जैन, मेंबर ऑफ गवर्निंग बॉडी सुश्री नंदिनी जैन के संग-संग फैकल्टीज और सैकड़ों श्रावक और श्राविकाएं मौजूद रहेंगे।


**उत्तर रेलवे**

(मुरादाबाद मण्डल)

निविदा सूचना

| क्र सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी राशि (रु.) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवम कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15/वरिष्ठ मं.वि.अभि. /सा./मुरा./2025 सीनियर डीईएन/II/एमबी के अधीन ओएन-बीएलएम-एसपीसी सेक्शन में 14 ड्यूटी हट के निर्माण हेतु विद्युत कार्य। | 1719620.70 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 34400.00 | 6 (छ:) माह | निविदाये दिनांक 18.09.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय/ उत्तर रेलवे मुरादाबाद |

निविदा सूचना सं. : 12/2025 दिनांक : 27.08.2025 | 2603/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**हेतु संर्दिशत करने की सूचना**
**( साधारण प्रारूप )**
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय, मुरादाबाद।**
**मूलवाद संख्या:** 350 सन् 2024
**तारीख पेशी:** 04.09.2025

तेजपाल पुत्र ठाकुरदास उम्र 61 वर्ष निवासी ग्राम महलकपुर निजामपुर पोस्ट अगवानपुर तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादी।**

**बनाम**

**प्रतिवादी संख्या-03. जनता आम** निवासी ग्राम महलकपुर निजामपुर पोस्ट अगवानपुर तहसील व जिला मुरादाबाद। चूंकि उपरिनामांकित वादनी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि प्रार्थना पत्र वास्ते उदघोषणा अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के 09 के दिवस 04 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपए अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 08 के दिवस 27 को निकाली गयी है।

**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज ( जू० डि० ) जनपद-मुरादाबाद।**



**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय मुरादाबाद।**
**तारीख पेशी:** 22.09.2025
**उत्तरा० वाद सं०:**189 सन् 2025
**श्रीमती आसमा परवीन**
**बनाम शाहरूख सैफी**

1. श्रीमती आसमा परवीन उम्र 48 वर्ष पत्नी स्व. मौ. फारूक, 2. कु. इरम उम्र 17 वर्ष, 3. कु. आसना उम्र 14 वर्ष पुत्रीगण स्व. मौ. फारूक मृतक की पुत्री, 4. अहमद रजा उम्र 11 वर्ष पुत्र स्व. मौ. फारूक सबांरझक माता सगी आसमा परवीन समस्त नि.गण दानिश नगर, जयंतीपुर तह. व जिला मुरादाबाद।

**बनाम**

1. शाहरूख सैफी उम्र 26 वर्ष पुत्र स्व. मौ. फारूक, 2. कु. लायबा उम्र 22 वर्ष पुत्री स्व. मौ. फारूक, 3. सलमान उम्र 20 वर्ष पुत्र मौ. फारूक निवासीगण दानिश नगर, जयंतीपुर तह. व जिला मुरादाबाद। 4. **जनता आम-विपक्षीगण।** इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमती आसमा परवीन हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा श्रीमती आसमा परवीन मुसबफा मौ. फारूक अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू. 292496.67 रूपये हरगाह मुसम्मा श्रीमती आसमा परवीन ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 22 मास 09 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

# सदर कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटना का किया खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सदर कोतवाली क्षेत्र में दुकान के बाहर से बैग चोरी करने के आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर नगदी बरामद कर ली है। थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत निवासी महिला दुकानदार ने अज्ञात चोर द्वारा वादिनी की दुकान के बाहर स्लेप पर रखे बैग जिसमें रूपये थे को चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर तहरीर दी थी। सदर कोतवाली पुलिस ने उक्त चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी जुबेर पुत्र रहीश पठान निवासी ईदगाह थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किये गये 3,24,700 रूपये बरामद किये है। पकड़े गए आरा. पी ने पुलिस को बताया कि वह अपने भाई मौसीन की चक्कर की मिलक क्षेत्र मे चाऊमीन कीदुकान पर अपने भाई के



पास गया था तथा वहाँ से उर्स देखने चला गया था। वहाँ से आते समय रात में पैदल गंज बाजार में चला गया जहाँ उसने गंज बाजार मे दुकान खुली देखी दुकान के बाहर एक बैग रखा था। महिला दुकान के अन्दर सामान देने मे व्यस्त थी। उसने मौका देखकर वह बैग चुरा लिया तथा बैग चुराकर बैग का सामान बैग में रखे दूसरे थैले में रखकर काला बैग रास्ते में ही कही फैक दिया था तथा सामान छुपा दिया था, पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नगदी बराबर करते हुए उसे गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

## श्री गणेश महोत्सव के प्रथम दिन रथ यात्रा का आयोजन

**मुरादाबाद।** श्री गणेश महोत्सव के प्रथम दिन गणेश जी का अधिवास खत्म हुआ तथा उसके बाद एक रथ यात्रा घास मंडी से शुरू होकर बाजार गंज गुलाटी बालाजी मंदिर बारादरी होकर गणपति चौक पर खत्म हुई गणेश जी के विशाल प्रतिमा की स्थापना पंडाल में बैंड बाजे ढोल ताशो के साथ की गई साथ ही दोपहर को स्थापना के समय एक विशाल भंडारे का आयोजन गणपति चौक पर किया गया।स्थापना के बाद रात्रि भगवान श्री गणेश जी की महा आरती का आयोजन हुआ जिसमें अंकुर ज्वेलर्स की तरफ से 151 किलो के लड्डुओं का महाभोग सह परिवार लगाया गया इसके बाद दिल्ली से आये टी-सीरीज कलाकार बंटी सोनिया एंड पार्टी द्वारा सुंदर-सुंदर झांकियां का प्रस्तुति करण किया गया।

झांकियां में विशेष रूप से गणेश वंदना, शिव विवाह, कृष्ण लीला,अघोरी आदि प्रमुख थे इसी के साथ सात दिवसीय गणेश महोत्सव का आयोजन प्रारंभ हुआ जिसमें भक्त जनों ने सह परिवार सम्मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित किया।

# नगर व देहात क्षेत्रों में विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ गणेश महोत्सव की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर पूरे नगर में भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। नगरवासियों ने उत्सव की शुरुआत विधि-विधान से हवन, पूजा और अर्चना के साथ की। जिसके बाद ही घर-घर और जगह जगह मंदिरों में भगवान गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना की गई।

बुधवार को नगर के खाकेश्वर मंदिर परिसर में आयोजक अनुज शर्मा और उनके सहयोगियों ने मंदिर में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित करने से पहले विस्तृत हवन-पूजन का आयोजन किया। मान्यता है कि इससे उत्सव की शुरुआत शुभ और फलदायी होती है।

गौरतलब है कि गणेशोत्सव की परंपरा की शुरुआत मुख्य रूप से महाराष्ट्र में हुई थी, लेकिन अब यह त्योहार इस क्षेत्र में भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने लगा है। नगर



रामलीला ग्राउंड, वाल्मीकि बस्ती, मोहल्ला जमुना वाला सहित शहर और देहात क्षेत्र के गांव शरीफनगर, सुरजननगर, दारापुर, फैजुल्लागंज सहित विभिन्न गांव में भव्य पंडाल सजाए गए हैं और गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। पूरा नगर व देहात क्षेत्र भगवान श्री गणेश की भक्ति की इस लहर में सराबोर है। नगर के खाकेश्वर मंदिर पर भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना में खाकेश्वर मंदिर प्रबंधक अनुज शर्मा, अशोक कुमार गहलौत, सतेंद्र कुमार एडवोकेट, अनिल कुमार एडवोकेट, अनुज कुमार, राजेंद्र शर्मा, दीपक शर्मा, जुगून साक्षी , शिवओंम, नन्दू, जतिन, सुनील पूठिया, इंद्र शर्मा, पूनम ,अनीता आदि शामिल रहे।

## मारपीट मामले में अज्ञात सहित छह के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कांठ।** 24 जून को दोपहर 12:00 बजे के आसपास अकबरपुर चौदरी निवासी शकीरन पत्नी उस्मान ने गांव के मौसम, जहीर पर उसके घर में घुसकर गाली गलौज और धक्का मुक्की करने की शिकायत 112 नंबर पर डायल करके की थी। महिला का कहना था कि पुलिस जहीर व मौसम को समझाकर चली गई लेकिन उसके बाद उसके पुत्र जाने आलम ने हल्का दरोगा धर्मेंद्र पवार को घटना की जानकारी दी। इससे नाराज होकर अगले दिन मौसम ने उनके घर की झोपड़ी में घुसकर गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। यह सब घटना मोबाइल के कमरे में कैद हो गई। इस दौरान अजमत सत्तार श्यामी और एक अज्ञात व्यक्ति ने भी उनके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता थाने पहुंची तो सुनवाई नहीं हुई उसने एसएसपी के यहां प्रार्थना पत्र देखकर कार्यवाही की गुहार लगाई एसएसपी के आदेश से पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## गणेश चतुर्थी पर श्रद्धालुओं ने चढ़ाया सवामन का पीला भोग और 221 किलो का लड्डू



**चन्दौसी।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर बुधवार तड़के 02 बजे से गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना आरंभ हो गई। श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा को सवामन का पीला भोग प्रसाद चढ़ाया। वहीं कुछ भक्तों ने 221 किलोग्राम वजनी लड्डू का प्रसाद अर्पित किया। परंपरा के अनुसार, मुस्लिम समाज के लोग भी गणपति मंदिर में 221 किलो का लड्डू प्रसाद स्वरूप ठेले पर सजाकर लाते हैं। इसी क्रम में मेले के दौरान गुलडहरा रोड स्थित खान बाबा की मजार पर चादरपोशी की गई। गणेश महोत्सव की रथयात्रा में भी विगत वर्षों की भांति 221 किलो का लड्डू भेंट किया गया।

# तिकोनिया पार्क पर खंडहर शौचालय बना मुसीबत महिलाओं को झेलनी पड़ रही शर्मिंदगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर के तिक. ोनीया पार्कध्तिकोनिया बस स्टैंड के निकट वर्षो से खंडहर पड़े शौचालय और मूत्रालय की दुर्दशा को लेकर नगरवासी लगातार परेशान हैं। इस भीड़भाड़ वाले क्षेत्र से रोजाना सैकड़ों लोग गुजरते हैं, जिनमें महिलाओं को सबसे अधिक असुविधा और शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है।

जिसमे पूर्व में सभासद हनीफ अल्वी इकराम कुरैशी सहित अन्य लोगों ने इस गंभीर समस्या को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित मुरादाबाद के आला अधिकारियों को पत्र भेजा है। उन्होंने मांग की है कि शीघ्र ही खंडहर पड़े शौचालय और मूत्रालय



को तोड़कर नए सिरे से निर्माण कराया जाए, ताकि नगरवासियों को राहत मिल सके। पत्र में कहा गया है कि नगर पालिका परिषद की उदास. ीनता के चलते कई वर्षो से यह समस्या बनी हुई है। कभी-कभी पालिका सफाई करवाती है, लेकिन कुछ ही दिनों बाद स्थिति जस की तस हो जाती है। इससे राहगीरों को दिक्कत तो होती ही है, साथ ही रास्ते में अवरोध भी खड़ा होता है। नगरवासियों का कहना है कि यह मुद्दा लंबे समय से चला आ रहा है और अब सरकार को तत्काल संज्ञान लेकर नए शौचालय व मूत्रालय के निर्माण कार्य को शुरू कराना चाहिए। वही इकराम कुरैशी ने बताया कि बस स्टैंड होने के कारण महिला यात्रियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। उच्चाधिकारियों को संज्ञान लेकर तिकोनिया पार्क पर शौचालय का निर्माण करना चाहिए।

जिससे यात्रियों को राहत मिल सके।वही भाजपा नेता शिवेंद्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री को शिकायत पत्र भेज कर भेजकर के मांग की है कि शीघ्र ही खंडहर पड़े शौचालय को तोड़कर नए सिरे से निर्माण कराया जाए, ताकि नगरवासियों को राहत मिल सके।

## एक नजर

### मस्जिद निर्माण को लेकर चल रहे विवाद में 29 पर मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** ग्राम निर्मलपुर में मस्जिद निर्माण को लेकर माहौल गर्मा गया है। गांव निवासी भगवत पुत्र स्व. गजराम सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोग बिना शासन-प्रशासन की अनुमति के विवादित प्लॉट पर मस्जिद का निर्माण करने का प्रयास कर रहे थे। प्रार्थी ने बताया कि प्लॉट अहमद हसन पुत्र पीर बक्श के नाम से दर्ज है, जिसमें कुछ वर्ष पूर्व भी मस्जिद निर्माण की कोशिश की गई थी, जिसे प्रशासन ने रोक दिया था। आरोप है कि हनीफ पुत्र पीर बक्श आगामी प्रधानी चुनाव लड़ना चाहता है और इसी उद्देश्य से गांव में साम्प्रदायिक तनाव पैदा करने की साजिश कर रहा है।तहरीर में कुल 29 लोगों के नाम दर्ज करते हुए कहा गया कि उक्त व्यक्तियों ने बिना अनुमति निर्माण कार्य शुरू कर दिया तथा भीड़ जुटाकर गांव की शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास किया। चौकीदार होने के नाते जब प्रार्थी ने उन्हें जमावड़ा न लगाने और शांति बनाए रखने की बात कही तो सभी ने मिलकर उसके साथ गाली-गलौज की तथा धमकी भी दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी 29 हनीफ पुत्र पीर बक्श , मेहन्दी हसन पुत्र पीर बक्श . अनीस पुत्र हनीफ . इकबाल पुत्र अनवार . सायरा पत्नी हनीफ , फरानाज पत्नी अनीस . नाजिया पत्नी इकबाल , अब्दुल पुत्र अहमद हसन . मुन्ने हाजी पुत्र इस्माईल . रिफाकत पुत्र शौकत . इन्तजार पुत्र इस्माईल . हुकुमत पत्नी अनवार , इशरार पुत्र बुद्ध , बाबू खां पुत्र छुन्नू . छोटे पुत्र अख्तर . शहादत पुत्र झबरा . छेला पुत्र इस्माईल . कलवा पुत्र इलाही बक्श . युनूस पुत्र शकूर . नासिर पुत्र दिल मोहम्मद , मोमीना पत्नी बाबू खां , इरफान पुत्र इन्तजार . सबीना पत्नी रिफाकत . बानो पत्नी नूरहसन उर्फ गुड्डू , मुन्नी पत्नी चुनवा . सकीना पत्नी दिल मोहम्मद . असगरी पत्नी अहमद हसन . शमशेर पुत्र सुक्खा . मोमीन पुत्र मौहम्मद उमर निवासीगण ग्राम निर्मलपुर व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस की लाख कोशिश के बाद भी नशा कारोबारियों के हौसले बुलंद

**ठाकुरद्वारा।** नगर और ग्रामीण अंचलों में नशे का जाल लगातार फैलता जा रहा है। युवा वर्ग तेजी से इसकी गिरफ्त में आ रहा है, जिससे समाज और परिवार दोनों ही परेशान हैं। आए दिन पुलिस कार्रवाई के बावजूद नशा कारोबारियों के हौसले पस्त नहीं हो रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर तभी नशा मुक्त हो सकेगा जब प्रशासन पूरी सख्ती से अवैध शराब, स्मैक, चरस और अन्य मादक पदार्थों पर अंकुश लगाएगा। वहीं दूसरी ओर समाजसेवियों ने कहा कि केवल पुलिस कार्रवाई से समाधान नहीं होगा, बल्कि समाज को भी जागरूक होकर इस मुहिम में शामिल होना होगा।विद्यालयों और धार्मिक स्थलों पर नशा मुक्ति के कार्यक्रम चलाए जाएँ, युवाओं को खेल और रोजगार से जोड़ा जाए तथा नशे के आदी लोगों को नशा मुक्ति केंद्रों में उपचार मिले।

तभी नगर को नशामुक्त बनाने का सपना साकार होगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नशे के अवैध कारोबारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और नगर को जल्द से जल्द नशामुक्त बनाया जाए।

### भीषण गर्मी से स्कूल में दो छात्राएं बेहोश

**ठाकुरद्वारा।** भीषण गर्मी और बदलते मौसम के चलते लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। तपिश भरी गर्मी के कारण शारीरिक थकान व बुखार के मामले तेजी से बढ़े हैं, जिससे लोगों को दवाइयों का सहारा लेना पड़ रहा है। नगर के सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज में एक चौंकाने वाली घटना घटी। बुधवार को दोपहर के समय स्कूल में पढ़ रही दो छात्राएं अचानक बेहोश हो गई। घटना के बाद कक्षा के अध्यापक और विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने तत्परता दिखाते हुए छात्राओं के परिजनों को सूचित किया और उन्हें तुरंत छुट्टी दे दी। बताया गया है कि बेहोश होने वाली छात्राओं में एक दसवीं कक्षा की मेहर अक्सा और दूसरी इंटरमीडिएट की छात्रा रितिका है। स्कूल के एक शिक्षक ने बताया कि लगातार पड़ रही भीषण गर्मी ही इस घटना का मुख्य कारण है।

### किरन सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने किया भंडारे का आयोजन

**चन्दौसी।** किरन सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने बुधवार को पुरानी पेंठ में गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें कढ़ी-चावल प्रसाद का वितरण राहगीरों को किया गया। कार्यक्रम में इंदु अग्रवाल, मीना, भक्ति पलक डॉली शर्मा, प्रतिभा, शीलू जैन, अंजू अग्रवाल, अनु रस्तोगी, राधिका, दुर्गेश दिवाकर, उमेश दिवाकर आदि लोग मौजूद रहे।

# गणेश चौथ मेला व रथ यात्रा के लिए पुलिस बल ने की ब्रीफिंग

### एसपी सम्भल के निर्देशन में अधिकारियों ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** रथयात्रा से पूर्व गणपति बाबा की रथयात्रा को शांति पूर्व निकालने को लेकर एएसपी संभल राजेश कुमार श्रीवास्तव, एएसपी/सीओ चन्दौसी अनुज चौधरी द्वारा मेला ग्राउंड में सभी पुलिसकर्मियों की बैठक लेकर उनकी जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही एएसपी संभल द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि जहां-जहां पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगी है। यदि चौकिंग के दौरान वहां उपस्थिति नहीं मिले तो कार्यवाही निश्चित है। एएसपी संभल ने कहा कि रथयात्रा को सकुशल सम्पन्न कराया जाए। इस दौरान सीओ प्रदीप कुमार, सीओ



असमोली कुलदीप कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात मनोज कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपक दमकल अधिकारी मौजूद रहे।

# गणेश मंदिर पर उमड़ा जनसैलाब, नगर के पांडालों में विराजे गणपति बप्पा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बुधवार को गणेश चतुर्थी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ गणेश मंदिर में उमड़ पड़ी। लोग रात्रि 02 बजे से ही सिद्धिविनायक गणेश भगवान की पूजा-अर्चना करने पहुंच गए। मंदिर परिसर से लेकर नानकचंद आदर्श इंटर कॉलेज तक लंबी लाइनें लगी रहीं, जहां महिलाओं और पुरुषों ने क्रम से दर्शन किए। गणपति बप्पा को घर-घर विराजमान कराने की परंपरा भी पूरे उत्साह से निभाई गई। भक्तजन ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के साथ गणपति प्रतिमाओं को ठेले या वाहनों पर लेकर मंदिर पहुंचे, जहां



विधि-विधान से पूजा करने के बाद प्रतिमाओं को घरों और पंडालों में स्थापित किया गया। नगर के विभिन्न पांडालों में अब प्रतिदिन भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजन होंगे। प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण आयोजन के लिए पहले से ही पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

# रथयात्रा में उमड़ा जनसैलाब, गणपति बाबा के जयकारों से गूंजी नगरी

### रथयात्रा में करीब 41 झांकियां हुई सम्मिलित, धार्मिक और सांस्कृतिक झलकियों से गूंजा नगर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर बुधवार को गणेश मंदिर के सामने स्थित गजानन हाल से स्वचालित झाकियों संग महाप्रभु श्रीगणेश की भव्य रथयात्रा निकाली गई।

रथयात्रा का शुभारम्भ राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा उ0प्र0 धर्मवीर प्रजापति एवं माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुललाब देवी द्वारा गणपति रथयात्रा का विधिवत पूजा-अर्चना कर किया गया। बता दें कि रथयात्रा में आसपास जनपद क्षेत्रों से हजारों की संख्या में दर्शक शामिल हुए। इस बार आयोजन समिति द्वारा कुल 41 झांकियां प्रस्तुत की गइं, जिनमें धार्मिक, सांस्कृतिक और सामा. जिक संदेश देने वाली झलकियां देखने को मिलीं। झांकियों में भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, शिव-पार्वती, मां दुर्गा सहित विभिन्न रूपों का सुंदर प्रदर्शन किया गया। साथ ही रक्का बैंड अलीगंज, विजय बैंड चन्दौसी, महाराष्ट्र बैंड सहित कई प्रमुख बैंड दल सम्मिलित हुए। झांकियों में प्रमुख आकर्षण राम जन्म, शिव-पार्वती विवाह, श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं, गजेन्द्र मोक्ष, महिषासुर मर्दिनी, हनुमान झांकी रही। वहीं, बच्चों और महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक दृश्य भी विशेष



आकर्षण का केंद्र रहें। साथ ही प्रत्येक झांकी के साथ अलग-अलग विषयों पर संदेश देने वाली प्रस्तुतियां भी की गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं दर्शक शामिल हुए और नगरवासी देर रात तक भक्ति और उत्साह में डूबे रहे।

रथयात्रा में रक्का बैंड अलीग. ंज, विजय बैंड चन्दौसी, राम जननी, शिव पार्वती, बाल कृष्ण, महाराष्ट्र बैंड चन्दौसी, राम-लक्ष्मण, वीर हनुमान, महिषासुर मर्दिनी, बाल रूप गणेश, शिव तांडव, दुर्गा माता, गजेन्द्र मोक्ष, श्रीकृष्ण गोवर्धनधारी, शिव परिवार, मीरा बाई, मां काली, संत कबीर, श्रीराम दरबार, शिव बारात, सत्यनारायण कथा, कृष्ण सुदामा मिलन, वीर हनुमान संजी. वनी, विष्णु अवता, पार्वती जी तपस्या, माता शेरावाली, संत रविद. ास, सीता स्वयंवर, श्रीकृष्ण रासल. ीला, गणेश विवाह, शिव-सती, नवरात्रि देवी रूप, रावण वध, गीता उपदेश, मां सरस्वती, महाकाल रूप, श्रीराम राज्याभिषेक, लक्ष्मी नारायण, संकटमोचन हनुमान, कृष्ण जन्म, स्वयं महाप्रभु भगवान श्रीगणेश की झांकी सम्मिलित हुई। रथयात्रा में दूर-दराज एवं आसपास क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होंगे। रथयात्रा के दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा। बता दें कि रथयात्रा नगर के गणेश मंदिर से शुरु होकर सीतारोड, मनिहार चौक, मौहल्ला सुंदर, बिसौली गेट, बड़ा बाजार, घंटाघर, नमक मंडी, ब्रह्म बाजार, कैथल गेट, मेला ग्राउंड होते हुए देर रात 01 बजे के लगभग पुन: मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई।

## गणेश चतुर्थी पर किया भंडारे का आयोजन

**चन्दौसी।** नगर में चन्दौसी मुरादाबाद रोड स्थित तिरुपति इन्क्लेव में रोटेरियन क्लब भारत के तत्वाधान में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। रोटेरियन क्लब के अध्यक्ष ग्रीश अग्रवाल ने बताया कि संस्था द्वारा समाजसेवा के हितार्थ कार्य कर रही है। तीन वर्षों से लगातार भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को गणेश चतुर्थी पर्व पर क्लब अध्यक्ष उद्योगपति ग्रीश अग्रवाल की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। क्लब के सभी पदाधिकारियों में राहुल अग्रवाल ठाकुर सोम, महेश अग्रवाल, योगेश कुमार, सरजू, एस.पी. सिंह एवं सैकडों की संख्या में आसपास के ग्रामीणों ने भाग लिया।


## बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र गौरव व पुत्रवधू श्रीमती वेवी, पुत्र कपिल व पुत्रवधू श्रीमती संध्या को गलत आचरण/गलत संगत व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगें। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **सुरेश सिंह पुत्र भभूति सिंह व श्रीमती कुसुम पत्नी सुरेश सिंह निवासीगण घोण्डा थाना मूढ़ापांडे, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत नकटपुरी खुर्द
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 27.08.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत नकटपुरी खुर्द विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 10.09.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 10.09.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | समरपाल के घर से राजवीर के घर तक नाली टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, टाईल्स, ईंट, बजरी, बजरफुट आदि। | 70 मी0 | 246990.73 | 1000 | 4940 | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें**:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत नकटपुरी खुर्द**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

# गिल-रोहित वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर

**● बल्लेबाजों की रैंकिंग में हेड एक स्थान उपर चढ़कर 11वें पर, मार्श चार पायदान पहुंचकर 44वें स्थान पर पहुंचे**



**दुबई, वार्ता।** आईसीसी पुरुष वनडे खिलाड़ी रैंकिंग की नवीनतम जारी सूची में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने बढ़त हासिल की है जबकि शुभमन गिल और रोहित शर्मा बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं।

हालांकि ऑस्ट्रेलिया को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर 2-1 से श्रृंखला हार का सामना करना पड़ा, लेकिन मैके में श्रृंखला के अंतिम मैच में शानदार जीत के बाद आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम को नवीनतम रैंकिंग में बढ़त मिली। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 50 ओवरों के इस मुकाबले में 431/2 का विशाल स्कोर बनाया, जिसमें उनके तीन बल्लेबाजों ट्रैविस हेड (142), मिच मार्श (100) और कैमरन ग्रीन (नाबाद 118) ने शतक जड़े। परिणामस्वरूप, तीनों ने वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में अच्छी बढ़त हासिल की, जिसमें हेड एक स्थान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर, मार्श चार पायदान ऊपर चढ़कर 44वें स्थान पर और ग्रीन 40 पायदान ऊपर चढ़कर 78वें स्थान पर पहुंच गए।

ऑस्ट्रेलियाई टीम के उनके साथी जोश इंगलिस ने भी वनडे बल्लेबाजों की सूची में जगह बनाई है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के दूसरे मैच में 87 रनों की पारी की बदौलत यह दाएं हाथ का बल्लेबाज 23 स्थानों के सुधार के साथ 64वें स्थान पर पहुंच गया है। भारतीय जोड़ी शुभमन गिल (784 रेटिंग अंक) और रोहित शर्मा (756) वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि पाकिस्तान के दाएं हाथ के बल्लेबाज बाबर आजम (739) शीर्ष तीन में शामिल हैं। वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर स्थिति और भी कड़ी है, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला समाप्त होने के बाद श्रीलंका के स्पिनर महेश दीक्षाना 671 रेटिंग अंकों के साथ साथी स्पिनर केशव महाराज के साथ शीर्ष पर हैं। महाराज ने सीरीज के आखिरी मैच में 57 रन देकर 1 विकेट चटकाने के बाद अपनी रैंकिंग खो दी है। उनकी रेटिंग दीक्षाना के बराबर हो गई है, जबकि श्रीलंकाई स्पिनर पूरे हफ्ते मैदान पर नहीं उतरे। गेंदबाजों की वनडे रैंकिंग में सबसे बड़ा उछाल लुंगी एनगिडी के जरिए आया। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों में सीरीज में सबसे ज्यादा सात विकेट लेने के बाद छह स्थान की छलांग लगाकर 28वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी सीन एबॉट (नौ स्थान की छलांग के साथ 48वें स्थान पर) और नाथन एलिस (21 स्थान की छलांग के साथ 65वें स्थान पर) ने भी प्रोटियाज के साथ सीरीज के दौरान कुछ अच्छे प्रदर्शन के बाद वनडे गेंदबाजों की सूची में जगह बनाई है।

# अहमदाबाद बनेगा 2030 राष्ट्रमंडल खेलों का दावेदार

**● कैबिनेट ने राष्ट्रमंडल खेल 2030 के लिए बोली प्रस्तुत करने की मंजूरी दी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रमंडल खेल 2030 के लिए बोली प्रस्तुत करने के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। साथ ही मेजबानी सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर करने को भी मंजूरी दे दी। (एचसीए) से संबंधित मंत्रालयों, विभागों और प्राधिकरणों से आवश्यक गारंटी और बोली स्वीकार होने की स्थिति में गुजरात सरकार को आवश्यक अनुदान सहायता की मंजूरी भी ली जाएगी। 72 देशों के एथलीट राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेंगे। इसमें बड़ी संख्या में एथलीट, कोच, तकनीकी अधिकारी, पर्यटक, मीडियाकर्मी आदि शामिल होंगे जो खेलों के दौरान भारत आएंगे, जिससे स्थानीय व्यवसायों को लाभ होगा और राजस्व प्राप्त होगा। अहमदाबाद एक आदर्श मेजबान शहर है जो विश्व स्तरीय स्टेडियम, अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं और एक उत्साही खेल संस्कृति प्रदान करता है। दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम, नरेंद्र मोदी स्टेडियम, 2023 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप फाइनल की सफलतापूर्वक मेजबानी करके अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर चुका है। खेलों के अलावा, भारत में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी पर्यटन को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन और लाखों युवा एथलीटों को प्रेरित करने जैसे स्थायी प्रभाव छोड़ेगी। इसके अलावा, खेल विज्ञान, कार्यक्रम संचालन और प्रबंधन, रसद और परिवहन समन्वयक, प्रसारण और मीडिया, आईटी और संचार, जनसंपर्क और संचार तथा अन्य क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में पेशेवरों को अवसर मिलेंगे। इस तरह के विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित आयोजन से राष्ट्रीय गौरव और एकता की भावना प्रबल होगी। यह एक साझा राष्ट्रीय अनुभव प्रदान करेगा और हमारे राष्ट्र का मनोबल बढ़ाएगा। यह एथलीटों की नई पीढ़ी को खेलों को एक करियर विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करेगा और सभी स्तरों पर खेलों में अधिक से अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करेगा।

# कैरेबियन लीग में एक बाल पर बने 22 रन

**● नो, वाइड, फिर लगातार 2 नो बाल पर 2 सिक्स अगली बाल पर भी सिक्स**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) में एक बाल पर 22 रन बने। मामला सेंट लूसिया ग्राउंड पर गयाना अमेजन वारियर्स और सेंट लूसिया किंग्स के बीच खेले गए मैच का है। टॉस जीतकर गयाना अमेजन वारियर्स पहले बैटिंग कर रही थी। रोमारियो शेफर्ड और इफ्तिखार अहमद क्रीज पर थे। 15वें ओवर की तीसरी गेंद पर 22 रन बने।

ओशाने थामस ने ओवर की तीसरी गेंद नो बाल डाली। इस पर बल्लेबाज और कोई रन नहीं बना सका। उन्होंने अगली गेंद वाइड डाली। फिर अगली दो गेंदें नो बाल डाली।

इन दोनों गेंदों पर बल्लेबाज शेफर्ड ने दो छक्के जड़ दिए। थामस ने अगली गेंद सही डाली। इस पर भी शेफर्ड ने छक्का जड़ दिया।

इस तरह तीसरी गेंद पर कुल 22 रन बन गए। इसकी डिटेल्स अगले ग्राफिक्स में देख सकते हैं। शेफर्ड ने 34 गेंदों में नाबाद 73 रन की पारी खेली। हालांकि, इस मैच को सेंट लूसिया किंग्स ने 4 विकेट से जीत लिया। टी-20 क्रिकेट में दो दफा एक बाल पर 13 रन बन चुके हैं। केरल प्रीमियर लीग- सैमसन ने लगातार 2 छक्के लगाए एक दिन पहले मंगलवार, 26 अगस्त 2025 को केरल क्रिकेट लीग में एक बाल पर 13 रन बने थे।

# ध्रुव कपिला-तनिषा क्रैस्टो दूसरे दौर में

**● भारतीय जोड़ी ने राउंड ऑफ 32 के 35 मिनट के मुकाबले में आयरलैंड के जोशुआ मैगी और मोया रयान को 21-11, 21-16 से हराया**



**पेरिस, वार्ता।** भारत की मिश्रित युगल जोड़ी ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो ने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारतीय जोड़ी ने राउंड ऑफ 32 के 35 मिनट के मुकाबले में आयरलैंड के जोशुआ मैगी और मोया रयान को 21-11, 21-16 से हराया।

इस जीत के साथ, वे राउंड ऑफ 16 में पहुंच गए, जहां उनका अगला मुकाबला पांचवीं वरीयता प्राप्त हांगकांग चीन के तांग चुन मान और त्से यिंग सुएट की जोड़ी से होगा। इससे पहले दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता पी वी सिंधु और 2023 के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय भी दूसरे दौर में पहुंच गए हैं। प्रणय ने राउंड ऑफ 64 के मुकाबले में फिनलैंड के जोआकिम ओल्डॉर्फ को 47 मिनट में 21-18, 21-15 से हराया। अब उनका सामना राउंड ऑफ 32 में डेनमार्क के एंडर्स एंटनसन से होगा। सिंधु ने अपने अभियान की शुरुआत मात्र 39 मिनट में 23-21, 21-6 से जीत के साथ की। शुरुआती गेम में कड़ी टक्कर देखने को मिली, स्कोर 21-21 से बराबर रहा, लेकिन सिंधु ने दो अंकों की बढ़त के साथ गेम अपने नाम कर लिया। 2019 की महिला एकल चैंपियन ने दूसरे गेम में शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 अंकों के अंतर से मैच अपने नाम कर लिया। सिंधु का अगला मुकाबला राउंड ऑफ 32 में मलेशिया की करुपाथेवन लेत्शाना से होगा। मिश्रित युगल में, रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे ने अपने पहले राउंड ऑफ 64 मैच में शानदार प्रदर्शन किया।

# अफगानिस्तान ने जॉन मूनी को फील्डिंग कोच बनाया

**● जॉन मूनी छह साल के अंतराल के बाद अफगानिस्तान की राष्ट्रीय टीम वापसी कर रहे है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आयरलैंड के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी जॉन मूनी छह साल के अंतराल के बाद अफगानिस्तान की राष्ट्रीय टीम में वापसी कर रहे हैं। बुधवार को, एसीबी ने घोषणा की कि मूनी को उनकी राष्ट्रीय टीम का नया फील्डिंग कोच नियुक्त किया गया है।

मूनी, जिन्होंने 2018 से 2019 तक अफगानिस्तान के साथ काम किया था, को शेन मैकडरमॉट के जाने के बाद यह पद खाली होने पर नियुक्त किया गया था। मैकडरमॉट वर्तमान में पाकिस्तान की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के फील्डिंग कोच के रूप में मार्गदर्शन कर रहे हैं। मूनी ने 91 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में आयरलैंड का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें 2007, 2011 और 2015 के तीन आईसीसी क्रिकेट विश्व कप और दो आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप शामिल हैं।

नके पास इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड से लेवल 3, 2 और 1 कोलचग सर्टिफिकेट हैं। अफगानिस्तान के साथ काम करने के अलावा, मूनी ने 2019 में वेस्टइंडीज के साथ और इस साल जनवरी से आयरलैंड की महिला टीम के साथ भी काम किया है।

एसीबी ने ऑस्ट्रेलिया के निर्मलन थानाबालासिंगम को अपना नया फिजियोथेरेपिस्ट भी नियुक्त किया है।

**खेल विशेष**

## विश्व चीन की महिलाओं का जलवा, मेजबान फ्रांस ने दर्शकों को रोमांचित किया

**पेरिस, वार्ता।** बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के दूसरे मैच के दिन मंगलवार को एडिडास एरिना में चीन की महिलाओं ने अगले दौर में प्रवेश किया, जबकि फ्रांस ने अपने घरेलू दर्शकों को रोमांचक मुकाबलों से रोमांचित किया। महिला एकल में, चीन की गहराई पूरी तरह से देखने को मिली। दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झीयी ने हंगरी की एग्नेस कोरोसी को केवल 26 मिनट में 21-5, 21-4 से हरा दिया। तीसरी वरीयता प्राप्त हान यू ने भी ऐसा ही किया, उन्होंने चीनी ताइपे की चिउ पिन-चियान को सीधे गेमों में आसानी से हरा दिया, जबकि गाओ फांगजी ने मलेशिया की गोह जिन वेई को इसी अंतर से हराया।

## घरेलू हीरो शुभंकर शर्मा डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप में वैश्विक सितारों के साथ शामिल होंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** दो बार के डीपी वर्ल्ड टूर विजेता शुभंकर शर्मा 40 लाख डॉलर की डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप में वैश्विक सितारों रोरी मैक्लॉय और टॉमी फ्लीटवुड के साथ घरेलू टीम की अगुवाई करेंगे। यह चैंपियनशिप 16-19 अक्टूबर तक दिल्ली गोल्फ क्लब में आयोजित होगी। शर्मा, जिन्होंने हाल ही में 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करके अपने करियर का एक शानदार प्रदर्शन किया, दिसंबर 2017 में सिर्फ 21 साल की उम्र में जोबर्ग ओपन का खिताब जीतकर डीपी वर्ल्ड टूर जीतने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ी बन गए। उन्होंने दो महीने बाद मेबैंक चैंपियनशिप जीतने के लिए 62 का शानदार फाइनल राउंड बनाकर दूसरी ट्रॉफी जीती।

# राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में भारत ने तीन रजत पदक जीते

**● बिंद्यारानी, मुथुपंडी और स्नेहा उपविजेता रही जबकि कोयल बार ने सुर्खिया बंटोरी**

**नई दिल्ली/अहमदाबाद, वार्ता।** भारत ने राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 के दूसरे दिन तीन रजत पदक जीते। बिंद्यारानी देवी, मुथुपंडी राजा और स्नेहा सोरेन उपविजेता रहीं, जबकि 17 वर्षीय कोयल बार ने युवा विश्व रिकॉर्ड बनाकर सुर्खियाँ बटोरीं। ओलंपिक्स डॉट कॉम द्वारा जारी बयान के अनुसार, भारत की बिंद्यारानी देवी, मुथुपंडी राजा और स्नेहा सोरेन ने कल अहमदाबाद में आयोजित राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 में रजत पदक जीते, जबकि 17 वर्षीय कोयल बार ने युवा विश्व रिकॉर्ड बनाकर सुर्खियाँ बटोरीं। बंद्यारानी देवी ने महिलाओं के 58 किलोग्राम भार वर्ग में कुल 206 किलोग्राम भार उठाकर रजत पदक जीता। बयान में कहा गया है, ष्उन्होंने स्नैच में 85 किग्रा, 88 किग्रा और 91 किग्रा भार उठाया और क्लीन एंड जर्क में 110 किग्रा और 115 किग्रा भार उठाकर 122 किग्रा का अंतिम प्रयास विफल कर दिया। ऑस्ट्रेलिया की कियाना इलियट ने 212 किग्रा (100 किग्रा, 112 किग्रा) के साथ स्वर्ण पदक जीता। बिंद्यारानी देवी ने बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में 55 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता था। वह पूर्व राष्ट्रमंडल चैंपियन हैं, जिन्होंने 2019 में स्वर्ण और 2021 में रजत पदक जीता था। पुरुषों के 65 किग्रा वर्ग में, मुथुपंडी राजा 296 किग्रा (128 किग्रा 168 किग्रा) के साथ स्वर्ण पदक के बेहद करीब पहुंच गए, जो मलेशिया के मुहम्मद अजनिल बिन बिदिन से बस थोड़ा पीछे थे, जिन्होंने 297 किग्रा (125 किग्रा 172 किग्रा) भार उठाया था। पापुआ न्यू गिनी के मोरिया बारू ने 292 किग्रा (127 किग्रा, 165 किग्रा) के साथ कांस्य पदक जीता। हालांकि, 17 वर्षीय कोयल बार ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। यह दिन कोयल बार के नाम भी रहा, जिन्होंने महिलाओं के 53 किग्रा युवा वर्ग में कुल 192 किग्रा (85 किग्रा, 107 किग्रा) वजन उठाकर प्रभावित किया और कुल और क्लीन एंड जर्क में नए युवा विश्व रिकॉर्ड बनाए। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि सीनियर महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग में, नाइजीरिया की ओमोलोला ओनोमे दीदीह ने 197 किग्रा (90 किग्रा, 107 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि भारत की स्नेहा सोरेन ने 185 किग्रा (81 किग्रा, 104 किग्रा) वजन उठाकर रजत पदक जीता।

## पंजाब एफसी के छह खिलाड़ियों को विभिन्न आयु वर्गों में भारतीय टीम में शामिल किया गया

**नई दिल्ली, वार्ता।** राउंडग्लास और पंजाब एफसी के जमीनी स्तर से लेकर भारतीय फुटबॉल के उच्चतम स्तर तक के रास्ते बनाने के दृष्टिकोण को एक और शानदार समर्थन मिला है, क्योंकि इसके छह खिलाड़ियों को विभिन्न आयु वर्गों में राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। यह चयन न केवल क्लब के लिए, बल्कि युवा विकास और समग्र विकास के उस दर्शन के लिए भी गौरव की बात है जिसने हाल के वर्षों में राउंडग्लास को परिभाषित किया है। इसमें निखिल प्रभु और मुहम्मद उवैस अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं, जिन्हें सीएएफए नेशंस कप 2025 के लिए भारतीय सीनियर टीम में चुना गया है। निखिल के लिए, यह चयन गुजरात से शीर्ष स्तर तक की वर्षों की निरंतर प्रगति का पुरस्कार है।

# सिनर, स्वियाटेक, कोको और नाओमी ओसाका ने अपने-अपने मुकाबले जीते

**● पुरुष वर्ग में शीर्ष वरियता प्राप्त सिनर ने चेक गणराज्य के विटकोप्रिवा को मात्र 98 मिनट में हरा दिया**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** 2025 यूएस ओपन एकल स्पर्धाओं का पहला दौर मंगलवार को संपन्न हुआ, जिसमें गत विजेता जैनिक सिनर के साथ-साथ शीर्ष दावेदार इगा स्वियाटेक, कोको गॉफ और नाओमी ओसाका ने भी शानदार जीत दर्ज की।

पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चेक गणराज्य के विट कोप्रिवा को मात्र 98 मिनट में 6-1, 6-1, 6-2 से हरा दिया। सिनर ने कहा कि यहां वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह एक बहुत ही खास टूर्नामेंट है। तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने भी चिली के एलेजांद्रो ताबिलो के खिलाफ सीधे सेटों में 6-2, 7-6(4), 6-4 से जीत हासिल की। महिला वर्ग में, चैंपियन खिलाड़ियों ने पूरी ताकत से प्रदर्शन किया। स्वियाटेक ने कोलंबिया की एमिलियाना अरांगो को 6-1, 6-2 से हराकर डब्ल्यूटीए एकल के पहले मैच में अपनी लगातार 65वीं जीत दर्ज की - जो ओपन युग में एक नया रिकॉर्ड है। दो बार की यूएस ओपन चैंपियन ओसाका को 2022 के बाद पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम में वरीयता दी गई थी, और उन्होंने बेल्जियम की ग्रीट मिनेन पर 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। गॉफ के लिए सबसे बड़ी चुनौती थी। 2023 यूएस ओपन चैंपियन ने लगभग तीन घंटे तक संघर्ष किया और अंततः अजला टोमलजानोविक को 6-4, 6-7(2), 7-5 से हराया। गॉफ, जो अपनी सर्विस की समस्या को दूर करने की को. शिश कर रही हैं, ने 10 डबल फॉल्ट किए, लेकिन महत्वपूर्ण क्षणों में संयम बनाए रखा। उन्होंने कहा कि आज का प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं था, लेकिन अंतिम गेम में जब जरूरी था, तब उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। चीनी स्टार वांग शिन्यू ने अमे. रिकी प्रतिद्वंद्वी कैरोलिन डोलेहाइड के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 2-6, 6-4, 6-2 से जीत हासिल की और दूसरे दौर में प्रवेश किया। धीमी शुरुआत के बावजूद, वांग ने अपनी रणनीति में बदलाव किया और सरल तथा अधिक निर्णायक खेल से सफलता पाई। वांग ने कहा कि यह एक बहुत ही कठिन मुकाबला था। पहले सेट में मेरा पहला सर्व प्रतिशत कम था। उसके बाद, मैंने धीरे-धीरे खुद को ढाला और अपनी सोच को स्पष्ट किया।

# अलेक्जेंडर ज्वेरेव की आत्मविश्वास से भरी शुरुआत

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** जर्मनी के विश्व नंबर 4 अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने देर से शुरुआत से उबरते हुए संयमित प्रदर्शन करते हुए आर्थर ऐश स्टेडियम में चिली के एलेजांद्रो ताबिलो को 6-2, 7-6(4), 6-4 से हराकर 2025 यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया। 28 वर्षीय ज्वेरेव को अपने पहले दौर के मैच में जीत हासिल करने के लिए लगभग ढाई घंटे लगे, जो टूर्नामेंट के पहले रविवार के मैच का हिस्सा था।

2020 यूएस ओपन के फाइनलिस्ट ने शुरुआती गेम में सर्विस तोड़ी और पहले सेट में दबदबा बनाया, लेकिन दूसरे सेट में उन्हें ताबिलो की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, उन्होंने 5-6 के स्कोर पर एक सेट पॉइंट बचाया और फिर टाईब्रेक में नियंत्रण हासिल कर लिया। उन्होंने तीसरे सेट के निर्णायक दसवें गेम में फिर से सर्विस तोड़ी और मुकाबला जीत लिया। ज्वेरेव ने जीत के बाद कहा कि ईमानदारी से कहूं तो कई बार यह बहुत अच्छा नहीं था, लेकिन आप जानते हैं, मैं आगे बढ़ चुका हूँ, मैंने सीधे सेटों में जीत हासिल की, यही सबसे महत्वपूर्ण बात है। अभी बहुत कुछ बनाना बाकी है, बहुत कुछ सुधारना बाकी है। इस नतीजे ने ज्वेरेव को नौवीं बार यूएस ओपन के दूसरे दौर में पहुंचा दिया, जिससे फ्ललशग मीडोज में शुरुआती दौर के मैचों में उनका रिकॉर्ड 9-1 हो गया। इस जीत ने उन्हें जुलाई में लवबलडन में पहले दौर में मिली हार से उबरने में भी मदद की, जिससे मॉन्ट्रियल और सिनसिनाटी में सेमीफाइनल तक पहुंचने सहित उनके उत्तरी अमे. रिकी हार्ड-कोर्ट प्रदर्शन में और सुधार हुआ।

# आर अश्विन ने आईपीएल से लिया संन्यास

**अनुभवी स्पिन गेंदबाज अश्विन ने एक्स पर अपने फैसले की घोषणा की और फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने का संकेत दिया**



**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अपने आईपीएल करियर को अलविदा कह दिया है। इस अनुभवी स्पिन गेंदबाज ने एक्स पर अपने फैसले की घोषणा की और दुनिया भर में फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने का संकेत दिया। अश्विन ने एक्स पर पोस्ट किया, ष्कहते हैं कि हर अंत की एक नई शुरुआत होती है।

एक आईपीएल क्रिकेटर के रूप में मेरा समय आज समाप्त हो रहा है, लेकिन विभिन्न लीगों में खेल के एक अन्वेषक के रूप में मेरा समय आज से शुरू हो रहा है। चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा 9.75 करोड़ रुपये में खरीदे जाने के बाद अश्विन की इस साल शानदार वापसी हुई। लेकिन उनका सीजन निराशाजनक रहा, उन्होंने केवल नौ मैच खेले और सात विकेट लिए। इस महीने की शुरुआत में, क्रिकबज ने बताया था कि अश्विन और सीएसके अलग होने वाले हैं। 38 वर्षीय ऑफ स्पिनर, जिन्होंने 2009 में सीएसके के साथ लीग में पदार्पण किया था, ने कई फ्रेंचाइजी के लिए 221 मैचों में 187 विकेट लिए। वह आईपीएल में पांचवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, उन्होंने 18 में से 16 सीजन में हिस्सा लिया। अश्विन 2010 और 2011 में सीएसके की खिताबी जीत का अहम हिस्सा थे, उन्होंने क्रमशः 13 और 20 विकेट लिए थे। 2010 में, अश्विन सीएसके की चैंपियंस लीग टी-20 जीत में प्लेयर ऑफ द सीरीज भी रहे थे। अगले साल के आईपीएल फाइनल में, उन्होंने पहला ओवर फेंका और सीएसके के 205/5 के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी के क्रिस गेल को शून्य पर आउट कर दिया। उन्होंने 2014 में सीएसके के साथ दूसरी चैंपियंस लीग टी-20 ट्रॉफी जीती। अपनी घरेलू फ्रेंच. इजी में लंबे सफल कार्यकाल के बाद, अश्विन ने अब बंद हो चुकी राइलजग पुणे सुपरजायंट्स, पंजाब किंग्स (जिसके वे कप्तान थे), दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेला। 2009 में अपने पदार्पण से लेकर 2015 सीजन तक, अश्विन ने सीएसके के लिए खेला और कुल 90 विकेट लिए। 2016 में, जब सीएसके पर प्रतिबंध लगा, तो उन्होंने आरपीएस के लिए खेला, वह भी एमएस धोनी की कप्तानी में। इसके बाद चोट के कारण वह 2017 सीजन में नहीं खेल पाए। 2018 में, पंजाब किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को हराकर उन्हें 7.60 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल कर लिया और उन्हें कप्तानी सौंप दी। इन दोनों सीजन में 25 विकेट लेने के बावजूद, पंजाब की किस्मत नहीं बदली और वे दोनों ही मौकों पर शीर्ष चार से बाहर रहे। 2020 सीजन से पहले, उन्हें दिल्ली कैपिटल्स में ट्रेड कर दिया गया, जहां उन्होंने दो साल तक खेला। 2022 की मेगा नीलामी में, राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 5 करोड़ रुपये में खरीदा, जहां उन्होंने युजवेंद्र चहल के साथ मिलकर एक घातक स्पिन आक्रमण तैयार किया। आरआर में पहले दो सीजन में उन्होंने 12 और 14 विकेट लिए, लेकिन 2024 में उनके प्रदर्शन में थोड़ी गिरावट आई (8.49 की इकॉनमी रेट से 9 विकेट)। फिर आरआर ने उन्हें रिलीज कर दिया और सीएसके ने उन्हें बड़ी रकम में खरीद लिया। बीसीसीआई भारतीय अंतर्राष्ट्रीय या घरेलू क्रिकेट के किसी भी मौजूदा खिलाड़ी को अन्य टी-20 लीगों में खेलने की इजाजत नहीं देता है।

# सर्विलांस टीम ने गुम हुए 30 लाख रुपये कीमत के मोबाइल किए बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद सर्विलांस टीम द्वारा लोगों के 146 गुम/खोये हुए मोबाइल जिनकी अनुमानित कीमत लगभग तीस लाख रूपये को बरामद कर, मोबाइल स्वामियों के सुपुर्द किये गये हैं, अपने खोए हुए मोबाइल पाकर मोबाइल स्वामियों के चेहरे खिल गए और उन्होंने मुरादाबाद पुलिस का आभार व्यक्त किया है।




वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक, नगर व पुलिस अधीक्षक अपराध के नेतृत्व में जनपद मुरादाबाद में नागरिकों के गुम,खोये हुए मोबाइल फोन बरामद किये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सर्विलांस सेल टीम को विभिन्न जनपदों व जनपद के थाना क्षेत्रों से मोबाइल फोन गुमशुदगी से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र,जिन्हें सर्विलांस पर लगा कर बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया था।सर्विलांस सेल द्वारा तकनीकि सहायता एवं सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से अथक प्रयासों से पीडितों के गुम/खोये हुए कुल 146 मोबाईल जिनकीअनुमानित कीमत लगभग 30 लाख रूपये के बरामद किये हैं बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन में बरामद किये गये।

मोबाइलो को उनके स्वामियों के सुपुर्द किया गया। अपने-अपने मोबाईल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने मुरादाबाद पुलिस का आभार जताया।

## दहेज शोरूम से लाखों का माल चोरी, दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के दलपतपुर रामपुर रोड पर बने वारशी फर्नीचर एवं इलेक्ट्रॉनिक हाउस के शोरुम से लगभग पांच लाख रुपए का माल चोरी हो गया, शोरुम स्वामी समीर उर्फ गुड्डू पुत्र मकसूद हुसैन निवासी सिरसखेड़ा थाना मूंढापांडे ने बताया कि वह अपने निजी काम से बाहर गए थे, शोरुम में मैंने अपने भांजे 13 वर्षीय कबीर खांन को बैठाया था,इसी का फायदा उठाते हुए उस्मान अली पुत्र मुनव्वर अली, आरिफ पुत्र बब्बू निवासी सिरसखेड़ा ने मेरे शोरूम में घुसकर पांच लाख रुपए का सामान जैसे फ्रीज,कूलर, वाशिंग मशीन,सिलाई मशीन, एलईडी टीवी, एवं पीतल के बर्तन आदि जबरन बलपूर्वक निकालकर ले जाते समय भांजे को धमकी दी कि अगर तुने हमारा नाम बताया तो तुझे और शोरूम मालिक को जान से मार देंगे, पीड़ित ने दो लोगों के खिलाफ नाम दर्ज पुलिस को लिखित में तहरीर दी है।

# अखिल विश्व गायत्री परिवार ने लिया एक करोड़ नए देव परिवार बनाने का संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। युग शक्ति गायत्री चेतना केंद्र आवास विकास पर एक बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रभारी उप जिला जोन अशोक सिंह शामिल रहे।मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता अशोक सिंह ने कहा कि परमवंदनीया माताजी एवं अखंडदीप के शताब्दी वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में हमने अपने परिवार को देव परिवार के रूप में विकसित करते हुए अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के नेतृत्व में पूरे भारत में संकल्प के साथ एक करोड़ नये देव परिवार बनाने का लक्ष्य तय किया है उसी से संबंधित विषयों की तैयारियों को लेकर यह बैठक आहुत की गई है महानगर एवं जिले में भी हमे नये देव परिवार बनाने हैं जिसके लिये जिला एवं महानगर महिला संयोजिका का गठन किया गया जिसमें जिला महिला संयोजिका डा. प्रेमवती उपाध्यक्ष महानगर महिला संयोजिका संतोष नारंग को बनाया गया जिला महिला संयोजिका एवं महानगर महिला संयोजिका ही अपनी सहसंयोजिका बनाकर अपनी महिला टोली का विस्तार करेंगी स्वयं के साथ साथ नये देव परिवार में नियमित रूप से निम्न विषयों की जानकारी देना है एवं लागू करना है।देव स्थापना गृहमंदिर स्थापना करना,वेद स्थापना करना (घरेलू पुस्तकालय) बलि वैश्व महायज्ञ, संस्कार परंपरा,धर्मघट (ज्ञान घंटों की स्थापना) तुलसी रोपण एवं सूर्याधर्य दान एवं घर में तुलसी का चौरा बनाना, घर के बाहर द्वार पर नाम पट्टिका लगाना सभी को विशेष रूप से करना है एवं नए देव परिवार को भी इसमें सम्मिलित करना है।बैठक में मुख्य अतिथि प्रभारी मुरादाबाद उप जोन अशोक सिंह जिला महिला संयोजिका डा.प्रेमवती उपाध्याय, महानगर महिला संयोजिका संतोष नारंग,एल के त्यागी,एस एन मिश्रा, हरीश वर्मा देवेश भारद्वाज,राजीव गुप्ता, हेमंत गुप्ता,नरेंद्र कोहली, शीला त्यागी, मधु कपूर,स्वाति शर्मा, शीतल राजपूत, पुष्पा बबीता,संतोष सैनी, नीरा अग्रवाल,सविता भटनागर, समृद्धि सिंह,मीना सिंह,अनीता यादव आदि माता गायत्री परिवार के सदस्यगण शामिल रहे।



# अरिल नदी के अवशेष कार्य में आएगी शीघ्रता

## लखनऊ में आश्वासन संबंधी समिति की बैठक में अरिल नदी को शीघ्र पुनर्जीवित कराने का उठा मुद्दा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** लखनऊ में उत्तर प्रदेश विधानसभा की सरकारी आश्वासन समिति संबंध समिति की बैठक में सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान की ओर से वर्ष 2022 में उठाए गए अरिल नदी के रकबे को चिन्हित कर पुनर्जीवित करने की योजना के सवाल पर चर्चा उठी। सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने बैठक में बोलते हुए कहा कि अरिल नदी सैकड़ो वर्ष पुरानी है, जो बिलारी विधानसभा की पहचान थी।

जोकि तहसील बिलारी के ग्राम अभनपुर नरौली, भिंडवारी, ग्वारऊ, ग्वारखेड़ा, सतारन, कूडी मानक, कानोबी, भूड़मरेसी, पालनपुर, विजयपुर, समसपुर, आरीखेड़ा, अमरपुर काशी, देवरी, दिनोरा, खानपुर से होकर गुजरती थी। अब वर्तमान में तहसील प्रशासन एवं जिला प्रशासन की रिपोर्ट के अनुसार 70% कार्य पूर्ण किए जा चुका है।

कहा कि अरिल नदी के अवशेष कार्य में शीघ्रता लाए ताकि बिलारी विधानसभा की विलुप्त हो चुकी पहचान को भी पुनर्जीवित किया जा सके।

# गोल्ड मेडेलिस्ट पावरलिफ्टर मौ. कैफ का बिलारी आगमन पर हुआ जोरदार स्वागत

■ बीते हफ्ते रूस में जीते थे चार गोल्ड मैडल और ऑल ऑवर ट्राफी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के मोहल्ला ठाकुरान में रहने वाले मौहम्मद कैफ उम्र 22 वर्ष इस समय सुर्खियों में हैं। बीते हफ्ते रशिया के मॉस्को शहर में आई*पी*सी द्वारा आयोजित हुई ओपन यूरेशिया वेटलिफ्टिंग चौम्पियनशिपख्र2025 में कैफ ने पावरलिफ्टिंग में अपना दम खम दिखाते हुए चार गोल्ड मैडल व ऑवरऑल ट्रॉफी कब्जाई थी। कैफ के बड़े भाई सामाजिक कार्यकर्ता नोमान जमाल ने बताया कि लगभग 39 देशों के बीच हुए इस मुकाबले में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे मौ कैफ की बीती रात मंगलवार को वतन वापसी हुई जिसके चलते बड़ी संख्या में नगर के लोग राजा के सहसपुर रेलवे स्टेशन से उन्हें लेने पहुचें और ढोल नगाड़े बजाकर उनका स्वागत किया गया। कैफ को जगह जगह फूल मालाएं पहनाई गयी लोगो ने उन्हें रुक रुक कर बधाइयां दी। परिवारजनों ने खुशी मना रहे लोगो को मिठाईयां बांटी। एथलीट व इंटरनेशनल गोल्डमेडेलिस्ट मौ कैफ ने कहा कि ये आप लोगो की दुआएं ही है जिसके चलते मैं पूर्व में कजाकिस्तान में जीता और अब रशिया में जीता। कहा कि आप सब ने मेरा होसला बढ़ाया जिसके लियें में सब का धन्यवाद करता हु और यकीन दिलाता हूं कि ऐसे ही देश के लिए खेलता रहूँगा।

## एक नजर

### कुंदरकी विधायक ने बिकनपुर गांव पहुंचकर रामगंगा नदी किनारे का लिया जायजा



**मूंढापांडे।** क्षेत्र के गांवों का कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कुंदरकी विधानसभा के बाढ़ प्रभावित गांवों अक्का डिलारी, गोवर्धनपुर, मझरा गोवर्धनपुर, नाजरपुर, बिकनपुर, लोधीपुर बासु, वीरपुर वरियार, खाता, ईलर और मझरा ईलर का बाढ़ खंड के अधिकारियों के साथ दौरा किया। विधायक कुंदरकी ने बताया कि बाढ़ से बीकनपुर और लोदीपुर वासु में संपर्क मार्ग पूरी तरह टूट चुका है।

ग्रामवासियों को आने जाने में आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खेतों पर भी नहीं जा पा रहे है। बाढ़ खंड के अधिकारियों के साथ मिलकर जल्दी ही इसका समाधान कराया जाएगा। सभी किसानों को बिना किसी भेदभाव के अतिवर्षा और बाढ़ से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा मिलेगा। दौरे के दौरान एसडीओ बाढ़ खंड रविन्द्र कुमार, जेई अरविंद कुमार, दिनेश, मुकेश उपाध्याय,अमरीश कुमार, ब्लॉक प्रमुख नवदीप यादव, दूल्हा लंबरदार, रामकिशोर लोधी, नूरी मौलाना, सरवर अली, चिराग अली, बरनाला यादव आदि साथ रहे।

### भारतीय किसान यूनियन ने ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक और एसडीएम से किसानो की विभिन्न समस्याओं को लेकर की वार्ता



**कांठ।** भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह के नेतृत्व में आज किसानो की गन्ना संबंधी समस्याओं को लेकर ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक से वार्ता की गई किसान यूनियन ने कहा कि गन्ना मिलो द्वारा कांटो के प्लेटफार्म बड़े करने के वादे को आज तक पूरा नहीं किया गया किसानो की पर्ची 20 कुंतल से बढाकर 24 कुंतल करने की मांग आज भी पेंडिंग है। इससे किसानों का पेड़ी रकवा कम हुआ है। उन्होंने इस मामले की सही जांच कराने का भरोसा दिलाया जबकि जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ कार्यकर्ता एसडीएम से मिले और विद्युत विभाग की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया कहा कि कांठ से निकल रहे नाले के पानी को व्यवस्थित करने के लिए काफी समय से मांग की जा रही है लेकिन इसे आज तक पूरा नहीं किया गया एसडीएम ने 3 सितंबर को आयोजित बैठक में इस समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर गन्ना सचिव खेत सिंह चौधरी ऋषिपाल सिंह सतवीर सिंह महेश ठाकुर सियाराम सिंह नौ बहार सिंह अजय सिंह जयपाल सिंह हरदीप सिंह भविष्य बिश्नोई कुलदीप सिंह अनिल कुमार अरविंद कुमार जॉनी आदि मौजूद रहे।

### गुरु गोविन्द सिंह 'राष्ट्रीय एकता पुरस्कार' के लिए मांगे प्रस्ताव

**कांठ।** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी ने जिले के सभी एसडीएम, जिला विद्यालय निरीक्षक, बीएसए और खंड विकास अधिकारियों को इस संबंध में पत्र जारी किया है।इस पुरस्कार के लिए मानवाधिकार संरक्षण, सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों के प्रस्ताव शासन को भेजे जाएंगे। हर जनपद से कम से कम एक पात्र व्यक्ति का नामांकन अनिवार्य रूप से कराना है। पात्र व्यक्तियों के प्रस्ताव तथ्यात्मक विवरण और अभिलेखीय साक्ष्यों सहित निर्धारित प्रारूप में तैयार किए जाएं। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष गुरु गोविन्द सिंह जी के जन्मदिवस (पांच जनवरी) को प्रदान किया जाएगा। चयनित व्यक्ति को एक लाख रुपये का नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। आवेदक की पात्रता:आवेदक भारत का मूल निवासी हो, उत्तर प्रदेश में निवास करता रहा हो, मानवाधिकार, सामाजिक न्याय व राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हो, पूर्व में राज्य सरकार से यह पुरस्कार प्राप्त न किया हो, प्रस्ताव की चार प्रतियां संस्तुति सहित शासन को भेजी जाएंगी

## खेत पर घूम कर आ रहे किसान को सांप ने काटा

**कांठ।** खेत से घूम कर घर को वापस आ रहे किसान को सांप ने काट लिया किसान द्वारा सूचना देने पर परिजन खेत पर पहुंचे और उठाकर वैध के यहां ले गए जहां उपचार के बाद हालत में सुधार बताया जा रहा है। थाना क्षेत्र के गांव मुजफ्फरपुर टांडा निवासी अकबर पुत्र अख्तर अपने खेत पर घूमने के लिए गया था बताया गया कि जब वह वापस आ रहा था तो वहीं कहीं पर छिपे हुए सांप ने दौड़कर उसके पैर में काट लिया जिससे वह चक्कर खाकर गिर गया उसने अपने घर फोन से घटना की जानकारी दी। परिजन मौके पर पहुंचे और किसान को उठाकर निकट के ही गांव में झाड़ फूँक करने वाले के पास ले गए जहां कई घंटो के इलाज के बाद किसान की हालत में सुधार होने लगा। ग्रामीणों ने उस रास्ते पर सतर्क होकर निकलना शुरू किया है।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के मंडल संयोजक बने नन्हे सिंह व जगदीश चंद्र बने जिला उपाध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश की एक बैठक हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज में संपन्न हुई जिसमें हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नन्हे सिंह को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अखिल भारतीय आयाम ष्हमारा विद्यालय हमारा तीर्थष को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए मंडल का संयोजक बनाया गया एवं वरिष्ठ शिक्षक जगदीश चंद्र को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया।बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ 1 सितंबर 2025 को देश भर के 5 लाख से भी अधिक विद्यालयों में लाखों शिक्षकों एवं करोड़ विद्यार्थियों के साथ विद्यालयों की प्रार्थना सभाओं में ष्हमारा विद्यालय - हमारा स्वाभिमानष का संकल्प लेकर राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं शैक्षिक उन्नयन की दिशा में ऐतिहासिक कार्य की शुरुआत करेंगे।प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने कहा कि



हमारा विद्यालय - हमारा स्वाभिमान राष्ट्रव्यापी अभियान है जो विद्यालय को तीर्थ के रूप में विकसित करके चरित्र निर्माण एवं राष्ट्र निर्माण का केंद्र बिंदु बनाएगा ।हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नन्हे सिंह एवं वरिष्ठ शिक्षक जगदीश चंद्र के साथ ही विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं के राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से जुड़ने से शैक्षिक उन्नयन एवं संगठन विस्तार को सकारात्मक दिशा प्राप्त होगी।नवनियुक्त मण्डल संयोजक नन्हे सिंह ने कहा कि वे पहले लंबे समय से राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के साथ जुड़े रहे हैं पुन: जिम्मेदारी मिलने पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के शैक्षिक उन्नयन के कार्य का और अधिक विस्तार करेंगे।इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह, नवनियुक्त मण्डल संयोजक प्रधानाचार्य नन्हें सिंह,नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष जगदीश चंद्र, समर पाल सिंह, प्रजापतिआदि दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाओं ने शैक्षिक उन्नयन का संकल्प लेते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की सदस्यता ग्रहण की।

# लेडीज हज यात्रियों की प्रेग्नेंसी टेस्ट की अनिवार्यता हो खत्म: सलीम बैग

**मुरादाबाद।** हज -2026 हज यात्रा के पवित्र सफर पर जाने वाली महिलाओं की इज्जत के साथ खुलेआम खिलवाड़ हो रहा है। मामला ये है हज कमेटी आफ इंडिया के आदेश पर प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों में हज यात्रियों का फिटनेस मेडिकल चेकअप शुरू हो चुका है। जिसमें लेडीज हज यात्रियों का प्रेग्नेंसी टैस्ट भी किया जाना तय है, लेकिन उक्त आदेश में यह स्पष्ठ उल्लेख नहीं किया गाय के प्रेग्नेंसी टेस्ट केवल विवाहिता महिलाओं का ही किया जायेगा स यहाँ काबिले गौर बात ये है के प्रेग्नेंसी टैस्ट में अविवाहित और विधवा महिलाओं का प्रेग्नेंसी टैस्ट करवाने के लिये उन्हें मजबूर किया जा रहा है। उक्त बेहद संजीदा मामला अखब्बार में प्रमुखता के साथ आजाने के बाद इसको गम्भीरता से लेते हुये मुरादाबाद निवासी आरटीआई एक्टिविस्ट एण्ड रिसर्च सलीम बेग ने इस मुद्दे को संजीदगी से लेते हुये हज कमेटी



आफ इंडिया के कार्यालय फोन 02222107070 पर काल कर अपनी नाराजगी जताते हुये प्रेग्नेंसी टैस्ट की ला जमीयत खघ्त्म करने की बात की। श्री बेग ने कहा इस तरह अविवाहित और विधवा महिलाओं का प्रेग्नेंसी टैस्ट कराना गोया उन्हें अपमानित करना है उन्होंने हज कमेटी आफ इंडिया के जिम्मेदारान से कहा उक्त मामले में तुरन्त हज कमेटी अपना स्टैंड क्लियर करे और अविवाहित या विधवा महिलाओं के प्रेग्नेंसी टैस्ट पर फौरन रोक लगायें।

## दरोगा बताकर अज्ञात लोग रात में इंटर कॉलेज खुलवाकर रिकॉर्ड लेकर फरार

**ठाकुरद्वारा।** नगर के फसियापुर स्थित उमा देवी इंटर कॉलेज में मंगलवार रात एक सनसनीखेज मामला सामने आया। आरोप है कि कुछ लोग स्वयं को कोतवाली ठाकुरद्वारा का उपनिरीक्षक बताकर विद्यालय के बड़े बाबू को पहले फोन से डरा-धमकाकर बुला लिया। इसके बाद जबरन विद्यालय का ताला खुलवाकर छात्र-छात्राओं के शैक्षिक रजिस्टर और महत्वपूर्ण रिकॉर्ड लेकर फरार हो गए।प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 अगस्त से ही अज्ञात लोगों द्वारा लगातार कॉल की जा रही थी। कॉल करने वालों ने अपने आप को दिल्ली से जांच टीम का बताते हुए छात्रा राजवीर कौर निवासी बरेली के नाम पर एलआईसी क्लेम धोखाधड़ी का मामला उठाया और विद्यालय का रिकॉर्ड मांगने लगे। 26 अगस्त की रात लगभग साढ़े नौ बजे बड़े बाबू मनोज कुमार को कॉल कर खुद को कोतवाली का एसआई ध्रूव चौहान बताते हुए धमकाया गया और विद्यालय बुलाया गया। बाबू के पहुंचते ही अज्ञात लोगों ने जबरन गेट खुलवाकर राजवीर कौर का एसआर रजिस्टर (क्रमांक 701 से 800), प्रवेश फॉर्म व अन्य दस्तावेज कब्जे में लेकर फरार हो गए। इस दौरान मोबाइल छीनकर गाली-गलौज व मारपीट भी की गई।

प्रधानाचार्य ने कहा कि बिना सक्षम अधिकारियों की अनुमति के कोई भी शैक्षिक प्रमाणपत्र नहीं दिया जा सकता, इसके बावजूद दबाव डालकर जबरन दस्तावेज ले जाए गए। उन्होंने कोतवाली पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने वारंटी के खिलाफ अभियान चलाकर फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। न्यायालय के आदेश पर वारंटी के खिलाफ अभियान चलाकर कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर हुकुम सिंह पुत्र सुन्दर सिंह निवासी नयागांव बहादुरनगर को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर धारा 307 के तहत न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी करने के आदेश पर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने 'हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान' का संकल्प पत्र एसडीएम को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने मंडल जिलाध्यक्ष शांतिभूषण वर्मा के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी संत दास पवार से हमारा विद्यालय -हमारा स्वाभिमान संकल्प पत्र के साथ भेंट की। उपजिलाधिकारी द्वारा शैक्षिक उन्नयन तथा शिक्षकों के मनोबल संवर्धन हेतु अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। मण्डल /जिलाध्यक्ष अध्यक्ष शांतिभूषण वर्मा ने बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने ष्हमारा विद्यालय- हमारा स्वाभिमानष राष्ट्र व्यापी अभियान की शुरुआत की है जिसमें 1 सितंबर 2025 को देश के 5 लाख से अधिक विद्यालयों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सहभागिता होगी। करोड़ों विद्यार्थी और लाखों शिक्षक इस संकल्प कार्यक्रम में शामिल होकर विद्यालयों की प्रार्थना सभा में ष्हमारा विद्यालय- हमारा स्वाभिमानष का साझा संकल्प लेंगे। जनपद मुरादाबाद में भी राष्ट्रीय शैक्षिक




महासंघ उ प्र के तत्वाधान में यह कार्यक्रम जनपद के विद्यालयों में आयोजित किया जाएगा। महामंत्री अकरम हुसैन ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य शिक्षा को केवल ज्ञान तक सीमित न रखकर चरित्र निर्माण और समाज सेवाओं का माध्यम बनाना है। ब्लॉक अध्यक्ष गौरव यादव ने कहा कि विद्यार्थी और शिक्षक मिलकर विद्यालय को स्वच्छ ,अनुशासित और हरित बनाने का संकल्प लेंगे ।विद्यालय की संपदा और संसाधनों को राष्ट्र धन मानकर उसका विवेक पूर्ण उपयोग और संरक्षण इस अभियान का मूल मंत्र है। इस अभियान के तहत विद्यालयों में भेदभाव मुक्त माहौल बनाया जाएगा सभी समान भाव से सीखने और सिखाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामानंद ने कहा कि,अभियान विद्यालय को राष्ट्र निर्माण का तीर्थ बनाएगा जिसका मुख्य संदेश हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ है और हमारी आत्मा का अभिमान है और राष्ट्र निर्माण का आधार है। इस अवसर पर अकरम हुसैन जिला महामंत्री, गौरव यादव ब्लॉक अध्यक्ष ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामानंद यादव , सुशांत चौहान संगठन मंत्री, संदीप पंवार संयुक्त मंत्री, उपाध्यक्ष रोहित कुमार, शुभम कुमार,सुमित विश्नोई आदि पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



# नाकाम रही बातचीत

आखिरकार वही हो गया, जिसकी आशंका काफी समय से की जा रही थी। अब भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लागू हो गया। टैरिफ लागू होने से यह साफ हो गया कि पर्दे के पीछे जो टैरिफ को लेकर बातचीत चल रही थी, वह परवान नहीं चढ़ सकी। टैरिफ को लेकर अब नफे-नुकसान की बातें भी होने लगी हैं। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव की रिपोर्ट की मानें, तो इस नए टैरिफ से भारत का लगभग 5.4 लाख करोड़ का आयात प्रभावित होगा। ऐसा माना जा रहा है कि इस नए टैरिफ से इंजी. नियरिंग, गुड्स, छोटे और मध्यम उद्योग सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे।

यहां भारत को घाटा होगा, वहीं चीन, वियतनाम और मैक्सिको जैसे देशों को लाभ पहुंचेगा, क्योंकि उनके सामान वहां सस्ते दाम पर बेचे जाएंगे। इससे भारतीय कंपनियों की अमेरिकी बाजार में स्वीकार्यता कम होगी। बड़ी संख्या में नौकरियां भी प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही हैं। ट्रम्प अभी रुक नहीं रहे हैं, वह भारत को बराबर धमका रहे हैं और कह रहे हैं कि 18 महीने में 150 प्रतिशत और बाद में 250 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। जाहिर है अगर ऐसा होता है, तो इससे भारतीय व्यापार बुरी तरह प्रभावित होगा। हालांकि अच्छी बात यह है कि भारत के वाणिज्य मंत्रालय ने लगभग 50 देशों के लिए नई निर्यात रणनीति बनाई है। अब भारत चीन, मिडिल ईस्ट और अफ्रीकी बाजारों पर फोकस करेगा। साफ है कि अमे. रिका के बाजार का विकल्प तलाश करने के लिए अब भारत को अन्य देशों के बाजार में अपनी पैठ बनानी होगी। निश्चित रूप से यह काम इतना आसान भी नहीं है, लेकिन असंभव भी नहीं है। असल सवाल यह नहीं है कि भारत को इस नए टैरिफ से कितना लाभ या हानि होगी, असल सवाल यह है कि आखिर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प भारत के साथ बेगाने जैसा व्यवहार क्यों कर रहे हैं। अभी कल तक जो अमेरिका अपने आपको भारत का रणनीतिकार बताता था और ट्रम्प स्वयं पीएम मोदी को अपना घनिष्ठ मित्र बताते रहे हैं, तो भारत के साथ इस तरह की बेरुखी किसी के समझ में नहीं आ रही है। चीन, पाकिस्तान, मलेशिया, इंडोनेशिया, मैक्सिको जैसे देशों पर भारत से बहुत कम टैरिफ लगाया गया है। जाहिर है भारत में भी भारत की विदेश नीति को लेकर एक बहस छिड़ गई है, कांग्रेस तो पूरी तरह हमलावर हो रही है कह रही है कि ट्रेड पर कोई सम्मानजनक डील न होना इस बात का सबूत है कि भारत की विदेश नीति व कूटनीति पूरी तरह विफल रही है। कांग्रेस के इन आरोपों को पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। यह हमने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के समय भी देखा था, जब हमारे साथ कोई भी देश नहीं खड़ा था। इतना ही नहीं ट्रम्प ने फिर से अपनी इस पुरानी बात को दोहराया है कि भारत-पाक के बीच युद्ध रुकवाने में उन्होंने मध्यस्थता की, यह भी कहते हैं कि व्यापार की धमकी को देकर ही दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम कराया। यह अलग बात है कि भारत ऐसा नहीं मानता, लेकिन लगता है कि ट्रम्प पर इसका प्रभाव नहीं पड़ रहा है, जहां भी अवसर मिलता है वह इस बात को दोहराते हैं।

## जनता का समर्थन देश में नई क्रांति लाएगा



देशभर में वोट की चोरी हो रही है, इसी के खिलाफ हमने यह यात्रा शुरू की है, इसकी सफलता देखकर मैं काफी उत्साहित हूं, आने वाले दिनों में हमारी सरकार बनेगी और जनता का समर्थन देश में नई क्रांति लाएगा, यह लड़ाई सां. प्रदायिक ताकतों और वोट की चोरी करने वालों से है, जिसमें सभी दल एकजुट होकर साथ दे रहे हैं, ऑपरेशन सिंदूर के समय युद्ध विराम को लेकर पीएम मोदी ने अमेरिका के दबाव में घुटने टेक दिए थे, जब युद्ध चल रहा था, तब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पीएम मोदी को फोन किया और कहा कि 24 घंटे के भीतर युद्ध बंद कर दो, इसके बाद मोदी ने महज पांच घंटे के भीतर ही युद्ध बंद कर दिया, यह बात उन्होंने नहीं, बल्कि खुद ट्रम्प ने सार्वजनिक रूप से कही थी। **-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# जंगल नहीं, बच्चों की सांसें काट रहे हैं हम

## वृक्षों के कटान में हम दुनिया में दूसरे नंबर पर

### आप सबकी आंखों में धूल झोंक सकते हैं लेकिन प्रकृति की आंखों में नहीं



पवन सिंह



आदमी को जब-जब ताकत मिली है तब-तब उसने अपनी शक्तियों का प्रयोग नृशंसता के साथ किया है। इतिहास गवाह है कि ऐसे व्यक्तियों ने वर्तमान ही नहीं भविष्य भी नष्ट-भ्रष्ट कर डाला है। भारतीय संदर्भ में मैं यह कह सकता हूं कि अब हमारी बारी है। नेता-मलाईदार पद के लिए सर्प की तरह लपलपाती जुबान वाले अफसरों-आदमखोर उद्योगपतियों और धर्म के अंधियारे में डूबी आवाम ने मिलकर पर्यावरण पर जिस तरह का वहशियाना हमला किया है, ऐसा इस प्रकृतिवादी देश में कभी नहीं हुआ।

एक पेड़ मां के नाम जैसे नारे देकर पूरे के पूरे जंगल साफ करने की भयावह कवायद इस देश में देखी जा सकती है। बड़े-बड़े फर्जी और दिखावटी नारों की आड़ में हम सब वह कर रहे हैं, जो विश्व के किसी भी देश में देखने को नहीं मिलेगा। भारत में हम जंगल के जंगल साफ कर रहे हैं और गमलों में बोनसाई उगा रहे हैं। आप सबकी आंखों में धूल झोंक सकते हैं, लेकिन प्रकृति की आंखों में नहीं। इसीलिए नेचर भी आपसे लड़ने के लिए फेंटा कस कर मैदान-ए-जंग में उतर चुकी है। हमारे देश की हालत यह है कि यहां अब बे-सिर-पैर के विषयों पर ही चर्चा होती है, जबकि शिक्षा, पर्यावरण, चिकित्सा, विज्ञान पर बात करना या तो अपराध की श्रेणी में आता है या मूर्खता की।

इंडिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट 2023 की रिपोर्ट आई है। हर दो सालों पर यह रिपोर्ट आती है। वन क्षेत्रों को लेकर बहुत ही चमकदार रिपोर्ट बनाई गई है। बकौल रिपोर्ट, बीते दो वर्षों में देश के वन और वृक्ष आवरण क्षेत्रों में 1,445 वर्ग किलोमीटर की बढ़ोतरी हुई, जो अब देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 25.17 प्रतिशत है। हालांकि, दो साल में एक बार प्रकाशित होने वाली इस रिपोर्ट का विश्लेषण देश में वनों की स्थिति को लेकर एक चिंता पैदा करने वाली असलियत उजागर करता है।

रिपोर्ट आई और चली गई। इस रिपोर्ट पर हिंदू-मुस्लिम मीडिया ने कोई चर्चा नहीं की। विश्लेषण नहीं किया। रिपोर्ट में छिपा सबसे बड़ा सच तो यह है कि वर्ष, 2023 में वन आवरण में वृद्धि मात्र 0.02 प्रतिशत है, जो कि 2021 की तुलना में न के बराबर है। रिपोर्ट राजा के डर के कारण, हौले-हौले से, धीरे-धीरे से, डरते-सहमते बहुत कुछ कह जाती है। रिपोर्ट में दर्ज राज्यवार आंकड़ों का विश्लेषण करिए तो पता चला है कि देश में वन क्षेत्र में जबरदस्त गिरावट आई है। उदाहरणार्थ-असम के रिकॉर्डेड फॉरेस्ट एरिया (आरएफए), जिसमें सरकारी रिकॉर्ड में मौजूद वन शामिल हैं, उनमें 86.66 वर्ग किलोमीटर की कमी आई है। यह डरावनी स्थिति है। रिपोर्ट बताती है कि सघन वन (एमडीएफ) 8,333 वर्ग किलोमीटर से घटकर मात्र 4,468 वर्ग किलोमीटर रहे गए हैं। यानी कि आधे रह गए हैं। वहीं, अति सघन वन क्षेत्र में थोड़ी वृद्धि हुई है। यह 2,789 वर्ग किलोमीटर से बढ़कर 2,833 वर्ग किलोमीटर हो गए हैं। त्रिपुरा में, आरएफए के अंतर्गत मौजूदा वन क्षेत्र घटकर 116 वर्ग किलोमीटर रह गया है।

यही हाल, अरुणाचल प्रदेश, असम, गुजरात, तेलंगाना और लद्दाख का भी है, जहां वन क्षेत्रों का दायरा घटा है। रिपोर्ट बताती है कि आरएफए के अंदर कुल 46,707 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र कैनोपी में गिरावट का सामना कर रहे हैं। यानी कि कभी अत्यधिक घने, मध्यम घने और खुले वन क्षेत्र से बदलकर गैर-वन क्षेत्रों में परिवर्तित हो गए हैं। बकौल रिपोर्ट, कैनोपी के घनत्व को सबसे ज्यादा नुकसान 0 से 10 हेक्टेयर वाले क्षेत्रों में हुआ, जो 31,709 वर्ग किलोमीटर में फैला है। इसके बाद, 10 से 50 हेक्टेयर वाले क्षेत्रों में 9,531 वर्ग किलोमीटर में वितान आवरण को नुकसान हुआ है। रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि 50 हेक्टेयर से अधिक वाले क्षेत्रों में वितान को होने वाला नुकसान 5,466 वर्ग किलोमीटर में फैला था।

50 हेक्टेयर से बड़े क्षेत्र के मामले में वितान आवरण को सबसे अधिक क्षति मिजोरम में हुई है, जहां 892।81 वर्ग किलोमीटर में इसमें गिरावट आई है। इसके बाद बाद राजस्थान में 558 वर्ग किलोमीटर और तेलंगाना में 557 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में वितान आवरण को गिरावट का दंश झेलना पड़ा है। रिपोर्ट में 92,989 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र की भी पहचान की गई है, जो विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत गिरावट से जूझ रहे हैं। इसमें 44,891 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का भी उल्लेख किया गया है जो मध्यम सघन वन (एमडीएफ), खुले जंगलों और झाड़ियों से गैर-वन क्षेत्रों में बदल सकते हैं। यह सब बहुत ही भयावह और डरावना है।

गुजरात में मैंग्रोव को सबसे बड़ा नुकसान हुआ, जहां 2021 की तुलना में 2023 में राज्य ने 36.39 वर्ग किलोमीटर में फैले मैंग्रोव खो दिए हैं। कच्छ में रिकॉर्ड के मुताबिक सबसे ज्यादा 61.14 वर्ग किलोमीटर कवर कम हुआ है। यह सब लिखते और पढ़ते हुए मैं बेहद डरा हुआ हूं कि हमारे बाद की पीढ़ियों का होगा क्या? क्या उनकी औसत आयु प्रदूषण और पर्यावरण जनित भयावह स्थितियों के कारण कुछ ही साल रह जाएगी? न शुद्ध हवा, न पानी, न भोजन। इसके बाद आदमखोर, उद्योगपति- सत्ताधीश और लालची अफसर और घंटा टनटनाती मूर्ख आवाम क्या करेगी? खैर, अकेले गुजरात ने ही मैंग्रोव नहीं खोते हैं बल्कि अंडमान निकोबार द्वीप समूह में भी विगत दो वर्षों की तुलना में 4.65 वर्ग किलोमीटर मैंग्रोव क्षेत्र को दिया है। हम वन विनाश के मामले में विश्व में दूसरे स्थान पर आ चुके हैं। हमने विगत पांच वर्षों में 668,400 हेक्टेयर में फैले जंगल काट डाले हैं। सरकार ने संसद में जानकारी दी कि दिसंबर 2024 तक हसदेव वन में 94,460 पेड़ काटे गए हैं और भविष्य में और काटे जाएंगे, क्योंकि सरकार ने कोयला खनन के लिए कुल 2,73,757 और पेड़ों को काटने की मंजूरी दी है। यह कटान अडानी सर को कोयला देगी।


जुलाई 2025 में, केंद्र सरकार ने लोकसभा में बताया कि अडानी समूह की परसा ईस्ट केंटे बेसिन PEKB कोयला खदान के लिए 3.68 लाख से अधिक पेड़ काटे जाएंगे। इससे पहले, मुंबई के आ.रे.जंगल में मेट्रो शेड के लिए लगभग 2,600 पेड़ों को काटा गया था, शुरुआती दौर में 2,000 से अधिक पेड़ काटने की मंजूरी मिली थी, जिसे स्थानीय लोगों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने चुनौती दी थी। बाद में, सुप्रीम कोर्ट ने आगे कोई पेड़ न काटने का आदेश दिया, लेकिन इसके बावजूद कटाई की गई। राजस्थान के चार जिलों में इतनी पेड़ों की कटाई हुई है कि जीवन-चक्र ही बर्बाद हो गया है। राजस्थान में 26.40 लाख पेड़ कट चुके हैं। आने वाले साल में 38.54 लाख पेड़ और काटे जाएंगे। इस कटान से बड़ी संख्या में तितली, पक्षी और अन्य वह कीट-पतंगें खत्म हो गए हैं जिनका संबंध प्रकृति जीवन चक्र से था। इसका सीधा असर पेड़-पौधों व कृषि उत्पादन पर पड़ा है। इसी हाल, पश्चिमी घाट वन क्षेत्र का है। यहां भी वन क्षेत्रों में कमी आई है। वन राज्य रिपोर्ट 2023 के अनुसार, पिछले दशक में पश्चिमी घाट में लगभग 58.22 वर्ग किमी वन क्षेत्र का नुकसान हुआ है, जहां मध्यम और खुले घने जंगल में कमी आई है। जिन गंभीर विषयों पर भारतीय मीडिया को मुखर होना चाहिए था, वहां वह मौत सी खामोशी ओढ़ कर, अन्य विषयों पर रक्कासा बना हुआ है। यह समय वैचारिक, वैज्ञानिक और चारित्रिक व व्यावहारिक पतन का स्वर्णिम समय है। यकीन मानिए एक दिन नेचर, जमीन-हवा और जल का सारा हिसाब-किताब आप और आपकी पीढ़ियों को दफन करके ले लेगी। मानव प्रजाति का विनाश तेजी से करीब आ रहा है और इस विनाश को स्वयं मानव ने न्यौता दिया है। अभी तो भूस्खलन, बाढ़, सूखा और भयावह गर्म दिनों का ट्रेलर रिलीज हुआ है, पूरी फिल्म अभी बाकी है। यह पूरी फिल्म, हमारी पीढ़ियां मौत की हिचकियां लेते हुए देखेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# संक्रमण सुप्त कैंसर कोशिकाओं को जगा सकते हैं

**दरअसल, कैंसर के इलाज में मुख्य ट्यूमर हटा देने के बाद भी कुछ कैंसर कोशिकाएं अस्थिमज्जा या फेफड़ों जैसी जगहों में छिपी रह सकती हैं। इन्हें सुप्त कैंसर कोशिकाएं कहते हैं, जो सालों तक निष्क्रिय रहती हैं लेकिन मौका मिलने पर मेटास्टेसिस यानी कैंसर फैलने की वजह बन सकती हैं, लेकिन इनके जागने का कारण क्या है?**

चूहों पर हुए एक अध्ययन के अनुसार कोविड-19 और फ्लू जैसे संक्रमण सुप्त कैंसर कोशिकाओं को सक्रिय कर सकते हैं। नेचर में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, ऐसे संक्रमण कुछ मरीजों में कैंसर से मौत का खतरा लगभग दुगना कर सकते हैं। दरअसल, कैंसर के इलाज में मुख्य ट्यूमर हटा देने के बाद भी कुछ कैंसर कोशिकाएं अस्थिमज्जा या फेफड़ों जैसी जगहों में छिपी रह सकती हैं। इन्हें सुप्त कैंसर को. शिकाएं कहते हैं, जो सालों तक निष्क्रिय रहती हैं लेकिन मौका मिलने पर मेटास्टेसिस यानी कैंसर फैलने की वजह बन सकती हैं, लेकिन इनके जागने का कारण क्या है? पूर्व अध्ययनों में पाया गया था कि धूम्रपान, उम्र बढ़ना या कुछ बीमारियों से होने वाला जीर्ण शोथ इसका कारण हो सकते हैं। लेकिन कोलोराडो युनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के जेम्स डीग्रेगरी और उनकी टीम को लगा कि शायद सांस के संक्रमण से होने वाले गंभीर शोथ का भी इसमें हाथ हो सकता है।



इसे परखने के लिए उन्होंने चूहों को इस तरह तैयार किया कि उनमें स्तन कैंसर टड्मर बनें और फेफड़ों में सुप्त कैंसर कोशिकाएं मौजूद रहें। फिर इन चूहों को या SARS-CoV-2 (कोविड-19 वायरस) या इन्फ्लुएंजा (फ्लू) वायरस से संक्रमित किया। नतीजे चौंकाने वाले थे। शोधकर्ताओं ने पाया कि संक्रमण के कुछ ही दिनों में सोई हुई कैंसर कोशिकाएं तेजी से बढ़ने लगीं और फेफड़ों में मेटास्टेटिक घाव बनने लगे। इसका कारण सिर्फ वायरस नहीं, बल्कि इंटरल्यूकिन-6 IL-6 नाम का एक प्रतिरक्षा अणु था, जो संक्रमण से लड़ने में अहम भूमिका निभाता है। जब वैज्ञानिकों ने ऐसे चूहों पर प्रयोग किया जिनमें IL-6 नहीं था, तो कैंसर कोशिकाओं की वृद्धि काफी धीमी रही। इससे साबित हुआ कि IL-6 इस प्रक्रिया का मुख्य कारक है। एक और चौंकाने वाली बात यह निकली कि हेल्पर T कोशिकाएं, जो आम तौर पर बीमारियों से बचाव करती हैं, वे इन कैंसर कोशिक. ाओं को प्रतिरक्षा प्रणाली के हमले से बचा रही थीं। इन निष्कर्षों के बाद वैज्ञानिकों ने यूके बायोबैंक का डैटा देखा और पाया कि जिन लोगों को कोविड-19 हुआ था, उनमें कैंसर से मरने का खतरा उन लोगों की तुलना में लगभग दुगना था जिन्हें कोविड नहीं हुआ। इसके अलावा यह खतरा संक्रमण के बाद शुरुआती कुछ महीनों में सबसे ज्यादा था। वैसे तो यह निष्कर्ष शुरुआती हैं और अभी और अधिक अनुसंधान की जरूरत है, लेकिन चीजें और स्पष्ट होने तक संक्रमण से एहतियात बरतना ही बेहतर होगा। **-स्रोत फीचर्स**

# पशु प्रेमियों के देश में वृद्धजनों की दुर्दशा



निर्मल रानी

इन दिनों भारत में सड़क से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक आवारा कुत्तों को लेकर बड़ी बहस छिड़ी हुई है। वैसे तो आवारा कुत्तों के पक्ष में और इसके खिलाफ भारतीय समाज पहले से ही विभाजित है परन्तु इस विषय को लेकर ताजातरीन बहस की शुरुआत उस समय हुई जब सर्वोच्च न्यायलय ने गत 11 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर अर्थात दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद, गुरुग्राम में आवारा कुत्तों की समस्या पर स्वत: संज्ञान लेते हुए दिल्ली नगर निगम व अन्य नगर निकायों को निर्देश दिया था कि वे 8 सप्ताह के भीतर सभी आवारा कुत्तों को पकड़ें और उन्हें स्थाई रूप से शेल्टर होम्स या पाउंड्स में रखें।

अपने इस आदेश में सर्वोच्च न्यायलय ने कुत्तों को वापस सड़कों पर छोड़ने पर भी रोक लगाई थी। चूंकि कुत्तों के काटने की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही थी खासकर बच्चों और बुजुर्गों पर कुत्तों के हमलों की शिकायतें बढ़ती जा रही थीं और इस संबंध में केवल दिल्ली में ही हजारों मामले दर्ज हो चुके थे और रेबीज से होने वाली मौतें में भी वृद्धि होती जा रही थी इसी के मद्देनजर सर्वोच्च न्यायलय द्वारा स्वत: संज्ञान लेते हुए यह आदेश दिए गए थे। अपने आदेश में न्यायलय ने कहा था आर्टिकल 21 के तहत जीवन का अधिकार व नागरिकों की सुरक्षा प्राथमिकता है। इसी के साथ अदालत ने यह निर्देश भी दिया था कि आवारा कुत्तों के लिए शेल्टर होम्स बनाए जाएं व कुत्तों को पकड़ने के लिए संसाधन भी जुटाए जाएं। यहां तक कि इस अदालती निर्देश में बाधा डालने वाले पशु प्रेमियों व गैर सरकारी संगठनों को दण्डित करने का भी निर्देश दिया गया था परन्तु इस जनहितकारी अदालती आदेश के बाद तो देश के श्कुत्ता प्रेमियोंश में कोहराम मच गया। मानव सुरक्षा को दरकिनार कर कुत्ता प्रेमियों द्वारा तर्क दिया जाने लगा कि शेल्टर होम्स में कुत्ते असुरक्षित रहेंगे, क्योंकि इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी के चलते लाखों कुत्तों को शेल्टर में रखना अव्यावहारिक है। इससे लाखों कुत्तों को कैद करने और संभावित रूप से मारने का खतरा बढ़ेगा। इसे एनिमल बर्थ कंट्रोल (डॉग्स) रूल्स, 2023 का उल्लंघन बताया जाने लगा। पशु प्रेमियों द्वारा इस अदालती आदेश को बहुत कठोर बताया जाने लगा। जगह जगह धरने प्रदर्शन शुरू हो गए। कुत्ता प्रेमी अदालती आदेश की अवहेलना करने पर आमादा दिखाई देने लगे।

इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर 22 अगस्त 2025 को एक संशोधित आदेश जारी किया। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने 11 अगस्त 2025 के मूल आदेश में बदलाव करते हुए नए निर्देश जारी किए। इन संशोधित निर्देशों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा कहा गया कि कुत्तों को पकड़ना जारी रखें, लेकिन उन्हें स्टरलाइज नसबंदी, डीवार्म कीड़े निकालना तथा वैक्सीनेट टीका लगाना करें। गैर-आक्रामक नॉन-एग्रेसिव और गैर-संक्रमित रेबीज मुक्त कुत्तों को उसी इलाके में वापस छोड़ें। केवल रेबीज संक्रमित या आक्रामक कुत्तों को ही अलग शेल्टर में रखें। जबकि सड़कों पर खाना खिलाना प्रतिबंधित करार दिया गया। अदालत ने प्रत्येक वार्ड में समर्पित फीडिंग स्पॉट बनाने व नोटिस बोर्ड लगाने का भी निर्देश दिया। यह भी निर्देशित किया गया



कि पशु प्रेमी कुत्तों को गोद ले सकते हैं, लेकिन उन्हें सड़क पर नहीं छोड़ सकते। इन निर्देशों में बाधा डालने वाले कथित पशु प्रेमियों पर व्यक्तिगत तौर पर 25,000 तथा गैर सरकारी संगठनों पर 2,00,000 रूपये जुर्माना लगाने का निर्देश दिया गया। जुर्माने से वसूली गई यह धनराशि शेल्टर होम बनाने में इस्तेमाल होगी। यह संशो. धित आदेश पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 और ABC रूल्स, 2023 पर आधारित है, जो पशुओं को मारने के बजाय स्टरलाइजेशन और वैक्सीनेशन पर जोर देता हैं, परन्तु समाज के सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि नागरिक सुरक्षा और पशु कल्याण के मध्य संतुलन कैसे बिठाया जाए। पशु प्रेमी होने में कोई बुराई नहीं, परन्तु क्या पशु प्रेम विशेषकर कुत्ता प्रेम को मानव प्रेम पर तरजीह दी जा सकती है? देश में रोजाना कुत्ते के काटने से सैकड़ों लोग बुरी तरह घायल होते हैं। अनेक की मौत हो जाती है। इनहीं कुत्तों की वजह से अनेक दुर्घटनाएं होती हैं। स्कूल जाते बच्चों पर व असहाय बुजुर्गों पर आवारा कुत्ते घातक हमले कर देते हैं। उस समय इन कुत्तों से प्यार करने वाला कोई भी पशु प्रेमी सामने नहीं आता। उल्टे कई बार तो पीड़ित राहग. ीरों पर ही यह दोष मढ़ दिया जाता है कि वह उधर से गुजरा ही क्यों या फिर पहले उसने कुत्ते को छेड़ा होगा आदि आदि। हद तो यह है कि कई बार यही कुत्ते अपने श्कुत्ता प्रेमी श को ही काट लेते हैं। निश्चित रूप से कुत्तों को दोष इसलिए नहीं दिया जा सकता कि उनकी प्रवृति ही हिंसक है। इसलिए कुत्तों के काटने भोंकने या उनके पीछे दौड़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। हालांकि कुत्तों की वफादारी से भी इंकार नहीं किया जा सकता। कुत्तों को तो मनुष्य से भी अधिक वफादार माना जाता है। परन्तु उनकी हिंसक प्रवृत्ति को नकारना और कुत्ता प्रेम की शर्त पर मानव सुरक्षा से समझौता करना भी तर्कसंगत नहीं। इसी संदर्भ में एक बात और भी ध्यान देने योग्य है कि जिस तरह सर्वोच्च न्यायलय के गत 11 अगस्त के आदेश के बाद देश के कुत्ता प्रेमी सड़कों पर उतर आए और अपने पशु प्रेमी होने का प्रदर्शन करने लगे यहां तक कि कई कुत्ता प्रेमी तो अदालती आदेश को लेकर रोते पीटते भी दिखाई दिए वास्तव में यदि इसी स्तर पर समग्र भारतीय समाज में मानव प्रेम की भावना होती तो शायद आज देश में कहीं भी वृद्धाश्रम की जरुरत न होती। वृंदावन में लाखों विधवाएं अपने भाग्य पर आंसू न बहा रही होतीं। अयोध्या,मथुरा व काशी जैसे अनेक धर्म स्थान बुजुर्ग व असहाय भिखारियों से भरे न होते। देश के स्टेशन व फुट पाथ पर बड़ी संख्या में निराश्रित लोग नजर न आते। यानी पशु प्रेमियों के इस देश में कम से कम वृद्ध जनों की ऐसी दुर्दशा देखने को तो न मिलती?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रूसी तेल खरीदने की सजा, अब जिनपिंग से हाथ मिलाएंगे मोदी

## भारत पर 50% अमेरिकी टैरिफ को लेकर वर्ल्ड मीडिया ने जताई प्रतिक्रिया

**लंदन।** अमेरिका का भारत पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ आज यानी 27 अगस्त से लागू हो गया है। इससे पहले ट्रम्प ने जुलाई में भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, अब भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। भारत और चीन के बीच 5 साल पहले हुई हिंसक झड़प के बाद रिश्तों में तनाव आ गया था, लेकिन अब ट्रम्प के आर्थिक दबाव के बाद उनके बीच नजदीकी बढ़ने लगी है। पीएम मोदी इस हफ्ते 2018 के बाद पहली बार चीन का दौरा करेंगे।

वे शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। जियो पालिटिकल उथल-पुथल के इस दौर में दोनों नेता पुरानी तल्खियों को पीछे छोड़ते हुए आर्थिक मुद्दों पर फोकस करेंगे और आपसी सहयोग के लिए हाथ मिलाएंगे। यह देखना बाकी है कि यह यात्रा ग्लोबल रिलेशन को कैसे प्रभावित करेगी। क्या इससे अमेरिका को चिंता होनी चाहिए? अखबार ने एक्सपर्ट्स के हवाले से लिखा है कि अगर अमेरिका, भारत को खो देता है, तो यह उसके लिए 'सबसे बुरा परिणाम' साबित होगा। न्यूयार्क टाइम्स ने कहा कि भारत पर अमेरिकी टैरिफ का बोझ, रूसी तेल खरीदने की सजा। ट्रम्प ने भारत के सभी सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की अपनी धमकी को हकीकत में बदल दिया है। 25 प्रतिशत टैरिफ रूसी तेल खरीदने के कारण लगा है। इससे भारत के उन निर्यातकों को भारी नुकसान होगा, जो लाखों लोगों को रोजगार देते हैं। साथ ही यह कदम भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते आर्थिक रिश्तों को नुकसान पहुंचा सकता है। भारत में दुनिया की सबसे बड़ी अमेरिकी कंपनियों में से दो-तिहाई का कारोबार भारत में है। यह टैरिफ भारत



के शेयर बाजार में अरबों डॉलर के विदेशी निवेश को भी अस्थिर कर सकता है, जो दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार है। भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगने से अमेरिकी आयातकों की चीन की फैक्ट्रियों पर निर्भरता कम करने की रणनीति कमजोर पड़ सकती है। भारत, जो इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में अमेरिका का मजबूत साझेदार है, अब दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ देने वाले देशों में शामिल हो गया है। यह भारत के लिए बड़ा झटका है। इससे भारत के निर्यात और आर्थिक विकास पर बुरा असर पड़ सकता है।

### 1 द गार्डियनः

ट्रम्प के टैरिफ से भारतीय अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचने और ग्लोबल सप्लाई चेन में व्यवधान पड़ने का खतरा है। अमेरिका के इस कदम से भारतीय निर्यातक विदेशों से आने वाले सामानों पर सबसे ज्यादा अमेरिकी शुल्कों का सामना कर रहे हैं।

### 2 एसोसिएटेड प्रेसः

भारत को अपने सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार अमेरिका से तगड़ा झटका लगा है। इससे भारत के 48.2 अरब डॉलर के निर्यात पर असर पड़ेगा। भारतीय अधिकारियों का कहना है कि इससे अमेरिका को निर्यात करना मुश्किल हो जाएगा, जिससे नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं और आर्थिक विकास धीमा पड़ सकता है।

### 3 फाइनेंशियल टाइम्सः

भारत पर दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ रेट लागू हो गया है। ट्रम्प के इस फैसले से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया। भारतीय विश्लेषकों का मानना है कि ट्रम्प का यह कदम रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर यूक्रेन युद्ध खत्म करने का दबाव बनाने के लिए भी है। हालांकि, भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा है।

# दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट का 10वां टेस्ट कामयाब

**■ पहली बार आठ डमी सैटेलाइट अंतरिक्ष में छोड़े, स्टारशिप की हिंद महासागर में लैंडिंग**

**टेक्सास।** दुनिया के सबसे ताकतवर राकेट स्टारशिप का 10वां टेस्ट बुधवार (27 अगस्त) को किया गया, जो कामयाब रहा। राकेट को सुबह 5:00 बजे टेक्सास के बोका चिका से लान्च किया गया। ये टेस्ट 1 घंटे 6 मिनट का था। इस मिशन में स्टारलिंक सिम्युलेटर सैटेलाइट को अंतरिक्ष में छोड़ने से लेकर इंजन चालू करने जैसे सभी आब्जेक्टिव पूरे हुए।

स्टारलिंक सिम्युलेटर सैटेलाइट असली स्टारलिंक सैटेलाइट्स के डमी हैं। इनका इस्तेमाल स्टारशिप की सैटेलाइट डिप्लायमेंट क्षमता को परखने के लिए किया जाता है। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलान मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया है। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। ये पूरी तरह से रीयूजेबल है। स्टारशिप के ऊपरी हिस्से की इंडियन ओशन कंट्रोल्ड वाटर-लैंडिंग कराई गई। वहीं सुपर हेवी बूस्टर को लान्च साइट पर वापस नहीं लाया गया। इसकी अमेरिका की खाड़ी में वाटर लैंडिंग कराई गई। ऐसा जरूरी डेटा जुटाने के लिए किया गया।

# डिजिटल टैक्स लगाने वालों पर गिरेगी गाज

## अमेरिका की डिजिटल सेवा प्रदाता कंपनियों पर टैक्स खत्म नहीं किया, तो उन देशों के सामान पर अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा

**नई दिल्ली/वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उन देशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है, जो अमेरिका की डिजिटल सेवा प्रदाता कंपनियों पर टैक्स लगाते हैं। ट्रम्प ने कहा कि यदि डिजिटल टैक्स को खत्म नहीं किया गया तो, उन देशों के सामान पर अतिरिकत टैरिफ लगाया जाएगा। डिजिटल टैक्स लगाने वालों में यूरोप के कई देश शामिल हैं।

ट्रम्प ने इसे अमेरिकी तकनीक के खिलाफ भेदभावपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मैं उन सभी देशों को चेतावनी देता हूं, जो डिजिटल टैक्स, कानून, नियम या विनियम लागू करते हैं। यदि ये भेदभावपूर्ण कदम नहीं हटाए गए, तो मैं उनके निर्यात पर भारी अतिरिकत टैरिफ लगाऊंगा और हमारी अत्यधिक संरक्षित तकनीक व चिप्स पर निर्यात प्रतिबंध लागू करूंगा। ट्रम्प इससे पहले भी डिजिटल टैक्स पर कनाडा और फ्रांस जैसे देशों को वह चेतावनी दे चुके हैं। सूत्रों के अनुसार, ट्रम्प प्रशासन यूरोपीय संघ या उसके सदस्य देशों के उन अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहा है, जो ब्लाक के ऐतिहासिक डिजिटल सर्विसेज एक्ट को लागू करने के लिए जिम्मेदार हैं। यह एक्ट अमेरिकी टेक कंपनियों पर अतिरिकत नियामक बोझ डालता है।

यूरोप में कई देशों ने डिजिटल सेवा प्रदाताओं के राजस्व पर टैक्स लगाया है, जो मुख्यतः अमेरिकी दिग्गजों जैसे गूगल, फेसबुक, एपल और अमेजन को प्रभावित करता है। भारत ने ट्रम्प के टैरिफ से बचने की कोशिश के चलते एक अप्रैल, 2025 से ऑनलाइन विज्ञापनों पर 6 फीसद इक्विलाइजेशन लेवी को खत्म करने की घोषणा की है, जिसे डिजिटल टैक्स के रूप में जाना जाता है। डिजिटल टैक्स हटाने से गूगल, मेटा और अमेजन जैसी अमेरिकी कंपनियों को राहत मिलने की संभावना है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने कहा कि ट्रम्प के टैरिफ से सीमा शुल्क राजस्व सालाना 500 अरब डॉलर से अधिक हो सकता है। इसमें जुलाई-अगस्त के बीच काफी उछाल और सितम्बर में और अधिक उछाल आने की संभावना है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को दिमाग से जुड़ी गंभीर बीमारी को लेकर मनोवैज्ञानिकों ने चिंता जताई है। डा. हैरी सेगल व डा. जान गार्टनर ने दावा किया कि ट्रम्प में दुर्लभ मस्तिष्क विकार के स्पष्ट संकेत हैं, जो धीरे-धीरे बदतर होते जा रहे हैं। मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, इन मनोवैज्ञानिकों ने ट्रम्प के सार्वजनिक व्यवहार, भाषा और मोटर क्षमताओं में लगातार गिरावट पर चिंता जताई है। गार्टनर ने कहा कि ट्रम्प की मानसिक सक्रियता का ह्रास हो रहा है।



**राष्ट्रपति ट्रम्प को दिमाग से जुड़ी गंभीर बीमारी को लेकर मनोवैज्ञानिकों ने जताई चिंता, दुर्लभ मस्तिष्क विकार होने के स्पष्ट संकेत**

### भारत से जंग रोकने के लिए ट्रम्प ने चेताया था पाक को

**वाशिंगटन।** भारत-पाकिस्तान जंग को खत्म करने में अपनी भूमिका को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर अपना पुराना राग अलापा है। हालांकि इस बार उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी देने की बात कही है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में एक कैबिनेट बैठक के दौरान दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित परमाणु टकराव को रोकने में सीधी भूमिका निभाई। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत की। ट्रम्प ने कहा कि मैंने पीएम मोदी से कहा कि मैं एक बहुत ही शानदार इंसान से बात कर रहा हूं। मैंने उनसे पूछा कि आपके और पाकिस्तान के बीच क्या चल रहा है। फिर मैंने पाकिस्तान से बात की और सीधी चेतावनी दी कि यदि तनाव जारी रहा तो अमेरिका कोई व्यापार समझौता नहीं करेगा, बल्कि इतना अधिक टैरिफ लगाएगा कि उनका सिर घूम जाएगा।




बिहार। 'मतदान अधिकार यात्रा' के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

# गाजा में पत्रकारों की हत्या स्तब्धकारी और अत्यंत खेदजनकः भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने इसरायल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के दौरान गाजा पट्टी पर हमले में पत्रकारों की मौत की निंदा करते हुए इसे अफसोस जनक करार दिया है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गाजा पट्टी के खान यूनिस में हमलों में पत्रकारों की मौत के संबंध में मीडिया के प्रश्नों के जवाब में बुधवार को कहा कि भारत ने संघर्षों के दौरान आम नागरिकों के मारे जाने की हमेशा निंदा की है। उन्होंने कहा, पत्रकारों की हत्या स्तब्धकारी और अत्यंत खेदजनक है। भारत ने हमेशा संघर्ष में नागरिकों की जान जाने की निंदा की है।

# रूस से ट्रेड करना चाहता है अमेरिका, प्रतिबंध हटाने पर कर रहा विचार

**■ रूसी न्यूक्लियर एनर्जी शिप्स खरीदने की भी तैयारी**

**वाशिंगटन।** भारत पर रूसी तेल खरीदने की वजह से 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने वाला अमेरिका खुद रूस से एनर्जी डील करने की कोशिश कर रहा है। रायटर्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, ट्रम्प और पुतिन के बीच 15 अगस्त को अलास्का में हुई मुलाकात के दौरान इस डील पर बातचीत हुई थी।

अमेरिकी कंपनी एक्सान मोबिल ने रूस के सखालिन-1 आयल और गैस प्रोजेक्ट में फिर से शामिल होने और रूस को अमेरिकी इक्विपमेंट बेचने की बात की थी। यूक्रेन पर 2022 में रूसी हमले के बाद अमेरिका ने रूस के एनर्जी सेक्टर पर कई प्रतिबंध लगाए थे, जिससे रूस को विदेशी निवेश मिलना बंद हो गया। अब अमेरिकी अधिकारी रूस को शांति के लिए राजी करने के लिए कुछ प्रतिबंध हटाने पर विचार कर रहे हैं। इसके अलावा अमेरिका रूस से एटमी एनर्जी से चलने वाले आइस ब्रेकर शिप्स खरीदने का भी सोच रहा है। अमेरिका पहुंचने पर ट्रम्प ने रेड कार्पेट पर पुतिन का स्वागत किया था। रायटर्स ने सूत्र के हवाले से बताया कि व्हाइट हाउस 15 अगस्त को ट्रम्प-पुतिन की अलास्का बैठक के बाद एक बड़े निवेश सौदे का ऐलान करना चाहता था। ट्रम्प को लग रहा था कि यह उनकी जीत होगी, लेकिन 3 घंटे की बैठक के बाद भी कोई बड़ा समझौता नहीं हो पाया।

## संक्षिप्त समाचार

### अफगानिस्तान में यात्री बस दुर्घटना में 25 लोगों की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी में बुधवार तड़के एक यात्री बस पलट गई, जिसमें कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। एक तालिबान अधिकारी ने बताया कि घटना सुबह-सुबह काबुल के अरघंडी इलाके में हुई। बस दक्षिणी अफगानिस्तान से हेलमंद और कंधार के यात्रियों को लेकर आ रही थी। गृह मंत्रालय के प्रवकता अब्दुल मतीन कानी ने बताया कि लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण यह दुर्घटना हुई, जिसमें 27 लोग घायल भी हुए। यह दुर्घटना पश्चिमी हेरात प्रांत में हुई एक दुर्घटना के एक हफ्ते से भी कम समय बाद हुई है, जिसमें लगभग 80 लोग मारे गए थे।

### डेनमार्क ने अमेरिकी राजनयिक को किया तलब

**कोपेनहेगन।** डेनमार्क के विदेश मंत्री ने अमेरिका के शीर्ष राजनयिक को तलब किया है। यह कदम तब उठाया गया, जब देश के राष्ट्रीय प्रसारक ने बुधवार को एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से जुड़े तीन लोग ग्रीनलैंड में गोपनीय तरीके से प्रभाव डालने वाले अभियान चला रहे हैं। ग्रीनलैंड, आर्कटिक क्षेत्र में स्थित एक विशाल और अर्ध-स्वायत्त डेनिश क्षेत्र है। ट्रम्प ने इस क्षेत्र को खरीदने में रुचि दिखाई थी। हालांकि डेनमार्क और ग्रीनलैंड दोनों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यह द्वीप बिक्री के लिए नहीं है। उन्होंने अमेरिका की ओर से वहां खुफिया जानकारी जुटाने की कोशिशों की निंदा की है।

# जेल में नहीं दी जा रही बुनियादी सुविधाएंः इमरान

## पाक के पूर्व पीएम बोलेः पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज के खिलाफ केस दर्ज हो



**इमरान खान ने कहाः उनके परिवार और वकीलों से मुलाकात पूरी तरह बंद कर दी गई है**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज़ और जेल प्रशासन के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं।

खान ने पुलिस में आवेदन देकर कहा है कि उन्हें रावलपिंडी की अडियाला जेल में बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिल रहीं और इसके पीछे सीधा आदेश मरियम नवाज का है। 72 वर्षीय इमरान खान ने पुलिस प्रमुख को लिखे पत्र में कहा कि उनकी सेल में रोशनी तक नहीं है और मुलाकात के अधिकार भी छीन लिए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार के इशारे पर उनके साथ कैदी होने के बावजूद कानूनी और मानवीय अधिकारों का हनन किया जा रहा है। खान ने मरियम नवाज़ और आठ जेल अफसरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इमरान खान ने कहा कि उनके परिवार और वकीलों से मुलाकात पूरी तरह बंद कर दी गई है। पुलिस चौकी पर तैनात अधिकारी जैनब और ऐजाज पर भी उन्होंने परिवार के साथ दुर्व्यवहार और परेशान करने के आरोप लगाए। खान का कहना है कि उन्हें पूरी तरह बाहरी दुनिया से काटकर रखा गया है, ताकि वे देश की हालात से अनजान रहें। टीवी और अखबार तक उन तक नहीं पहुंचने दिए जा रहे। जेल से बाहर संदेश साझा करते हुए इमरान खान ने कहा कि उन्हें दोबारा एकांतवास में डाल दिया गया है। उन्होंने लिखा कि वह राष्ट्र की असली आजादी के लिए संघर्ष कर रहे हैं और पीछे नहीं हटेंगे। खान ने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को भी इसी तरह अमानवीय व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है और मुलाकात की इजाज़त तक नहीं मिल रही।

### उपचुनाव नहीं लड़ेगी इमरान खान की पार्टी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में उपचुनाव से पहले बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम हुआ है। पूर्व प्रधानमंत्री और जेल में बंद इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभा के होने वाले उपचुनावों में हिस्सा न लेने का फैसला किया है। यह फैसला पार्टी ने इमरान खान की राय के आधार पर लिया। गौरतलब है कि मई 2023 दंगों में शामिल नेताओं की सजा के बाद कई सीटें खाली हुई थीं। पार्टी की राजनीतिक समिति की बैठक में यह मुद्दा सामने रखा गया। इमरान खान ने अदियाला जेल में अपनी कानूनी टीम से मुलाकात के बाद यह संदेश भेजा। बाद में उनकी बहन अलीमा खान ने मीडिया को यह राय बताई।


**Bharat Ayurved Medical College Hospital & Research Centre**

10 Km. Roorkee Road NH-58, P. O. Barla Muzaffarnagar (NCR) 251001 (U.P.)

**भारत आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर**

10 किमी0 रूडकी रोड, पोस्ट- बरला मुज़फ्फरनगर, उत्तर प्रदेश 251307

दिनांक-27/08/2025

**निम्नलिखित विभागों में रिक्त पदों पर प्रोफेसरों, रीडर, प्रवक्ता की आवश्यकता है:**

| क्रम संख्या | विभाग का नाम | पद का नाम | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | रचना शरीर | प्रोफेसर | 1 |
| 2. | रोग निदान | प्रवक्ता | 1 |
| 3. | क्रिया शरीर विभाग | रीडर | 1 |
| 4. | स्त्री प्रसूति विभाग | प्रवक्ता | 1 |
| 5. | अगद तंत्र विभाग | प्रोफेसर | 1 |
| 6. | कौमारभृत्य विभाग | प्रोफेसर | 1 |
| 7. | शालाक्य तंत्र | रीडर | 1 |

उपरोक्त सभी विभागों में NCISM नई दिल्ली भारत सरकार के द्वारा निर्धारित योग्यता के अनुसार नियुक्ति की जाएगी। तथा वेतनमान संस्थान के द्वारा निर्धारित नियमानुसार जिसमे राज्य सरकार के नियमो को दृष्टिगत रखते हुए निर्धारित किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की दो प्रतियाँ तथा पासपोर्ट साइज फोटो के साथ ईमेल/डाक या स्वयं के माध्यम से संस्थान में आवेदन करें।

**पता:** भारत आयुर्वेद मैडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर

ईमेल: 2009AYU0260@GMAIL.COM

संपर्क: 9084681283/7517248038

भवदीय

(डॉ. राहुल साहेब राव दलवी)

प्राचार्य/अधीक्षक


# सीरिया में इजरायली ड्रोन से भीषण हमला, छह सीरियाई सैनिकों की मौत

**दमिश्क।** सीरिया की राजधानी दमिश्क के दक्षिणी इलाके में इजरायली ड्रोन हमलों में छह सीरियाई सैनिकों की मौत हो गई है और कई अन्य घायल हुए हैं। यह जानकारी सीरिया की सरकारी मीडिया और एक युद्ध निगरानी संगठन ने दी। सरकारी टीवी चौनल के अनुसार, दमिश्क के दक्षिणी उपनगर किस्वाह में यह हमला हुआ। यहां हुए हमले में छह सैनिकों की जान गई। वहीं इस हमले पर इजरायली सेना ने अभी तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। दिसम्बर 2024 में सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद के सत्ता से गिरने के बाद से इजरायल सीरिया के अलग-अलग हिस्सों में सैकड़ों हवाई और ड्रोन हमले कर चुका है। इन हमलों में सीरियाई सेना की कई संपत्तियां और ठिकाने तबाह हो चुके हैं। ब्रिटेन में स्थित संगठन सीरियन आब्जर्वेटरी फार ह्यूमन राइट्स (एसओएचआर) ने बताया कि हुआ हमला दमिश्क और दक्षिणी प्रांत स्वेदा को जोड़ने वाले इलाके पर हुआ।


प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open

10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)

प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल

Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)

NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.

Contact for UGC Approved University Courses:-

Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...



:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-

श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज

गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर

M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...

www.shahtimesnews.com

ROOP® RAKSHAK



आप के रूप का रक्षक

क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....




क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं




(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)

Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108